RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 287
नई दिल्ली, रविवार, 28 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



प्रतिबंध हटना फुटबॉल प्रशंसकों की जीत है : ठाकुर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# राज्यपाल के फैसले पर टिकीं सबकी निगाहें

## झारखंड में सियासी संकट

### ● सत्तारूढ़ विधायकों ने लतरातू में मनाई पिकनिक

**पीएनएस/भाषा।** रांची

**झारखंड** में अब सभी की निगाहें राज्यपाल की ओर हैं जिन्हें खनन पट्टा आवंटन के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता को लेकर फैसला लेना है। राजभवन सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल रमेश बैस कभी भी भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को विधायक के रूप में सोरेन की अयोग्यता का आदेश भेज सकते हैं। इस बीच सोरेन और सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक शनिवार को खूंटी जिले के लतरातू में कुछ तीन-चार घंटे तक पिकनिक मनाकर रांची लौट आए। बाद में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की आज रात मुख्यमंत्री आवास पर बैठक भी हुई।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव व मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीटीआई भाषा को बताया, सत्ताधारी गठबंधन के 45 विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रांतीय राजधानी से 38 किलोमीटर दूर खूंटी के पिकनिक स्पॉट लतरातू से घूमकर शाम करीब छह बजे वापस रांची रवाना हो गए थे। उन्होंने बताया, सभी विधायक रात आठ बजे सीधे मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे जहां सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों की बैठक होनी है। इससे पहले भट्टाचार्य ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था, हमारे सभी विधायकों को जाना था रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पतरातू लेकिन जानबूझकर हम उन्हें उल्टी दिशा में खूंटी जिले में लतरातू घुमाने ले गए क्योंकि मुख्य विपक्षी भाजपा उसी की भाषा समझती है। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों एवं सभी विधायकों को तीन बसों में लेकर दोपहर लगभग दो बजे अपने आवास से निकले थे और खूंटी जिले के इस पर्यटन स्थल पर लगभग तीन घंटे रुकने और आनंद उठाने के बाद सभी शाम छह बजे वापस रांची के लिए रवाना हो गए थे। भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड में सत्ताधारी गठबंधन के उपलब्ध सभी 45 विधायकों की मुख्यमंत्री आवास पर आज बैठक होनी है जिसमें मुख्यमंत्री के अलावा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय भी उपस्थित थे।

इससे पहले यह पूछे जाने पर कि महागठबंधन के 49 विधायकों में से 45 ही क्यों लतरातू घूमने गए, भट्टाचार्य ने कहा, तीन महानुभाव तो कोलकाता में पचास लाख रुपए नकदी के साथ पकड़े जाने के बाद कांग्रेस से निलंबित हैं और अदालत की रोक पर वहीं ठहरने को मजबूर हैं और एक विधायक ममता देवी मातृत्व अवकाश पर हैं। ज्ञातव्य है कि झारखंड में सत्ताधारी गठबंधन के पास 81 सदस्ईय विधानसभा में कुल 49 विधायक अपने हैं और उन्हें कुछ अन्य विधायकों का भी सरकार चलाने के लिए समर्थन प्राप्त है। राज्य विधानसभा में झामुमो के 30, कांग्रेस के 18 और राजद के एक विधायक हैं। इसके विपरीत मुख्य विपक्षी भाजपा के कुल 26 विधायक हैं और उसके सहयोगी आज्सू के दो विधायक हैं और उन्हें सदन में दो अन्य विधायकों को समर्थन प्राप्त है। भट्टाचार्य ने आज यकायक मुख्यमंत्री एवं विधायकों के लतरातू पर्यटन की योजना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, भाजपा और उसके एक सांसद लगातार भ्रम फैला रहे हैं कि झारखंड सरकार को बचाने के लिए हम अपने विधायकों को पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ अथवा बिहार ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी अफवाह का मजाक बनाने के लिए आज हमने यह योजना बनाई क्योंकि और खास कर लतरातू नामक पर्यटन स्थल गए क्योंकि भाजपा इसी की भाषा समझती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है और उनकी पार्टी मुख्यमंत्री सोरेन की विधायकी के बारे में सिर्फ राज्यपाल के माध्यम से चुनाव आयोग के फैसले की प्रतीक्षा कर रही है और जो भी फैसला आएगा उससे निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। दूसरी ओर झामुमो के निशाने पर रहने वाले गोड्डा से भाजपा के सांसद डॉ. निशिकांत दूबे ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, डराने व भगाने वाले भाजपा नेता मधुबन में प्रशिक्षण दे रहे हैं और नहीं डरने का ड्रामा करने वाले डर कर बसों से भागमभाग कर रहे हैं। सत्ताधारी विधायकों की लतरातू में नौकायन की तस्वीर साझा करते हुए निशिकांत ने लिखा है, ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री की सदस्यता भ्रष्टाचार में नहीं देश आज़ाद करने में गई है। भ्रष्टाचारी को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देकर जश्न मनाने वाले सभी विधायकों को बधाई।



रांची में सत्तारूढ़ विधायकों के साथ बैठक करते झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# कुछ ही घंटे में खत्म होगा ट्विन टॉवर का किस्सा

### ● दोपहर बाद ढाई बजे बटन दबाते ही 12 सेकेंड में ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगा 103 मीटर ऊंचा ढांचा, सभी तैयारियां पूरी की गईं

**रिंकू यादव।** नोएडा

**नोएडा** में बने 103 मीटर ऊंचे ट्विन टावर 28 अगस्त को दोपहर ढाई बजे बटन दबाकर ध्वस्त कर दिया जाएगा। अब इसमें कुछ ही घंटे बाकी हैं। दिल्ली स्थित कुतुबमीनार से भी ऊंचे दोनों टॉवर नौ से 12 सेकेंड के भीतर जमींदोज हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ढहाए जा रहे इन टॉवरों में करीब 9,640 छेद किए गए हैं, जिनमें 3700 किलो विस्फोटक भरा गया है। अधिकारियों ने दावा किया कि यातायात परिवर्तन से लेकर सुरक्षा आदि को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

सेक्टर-93ए सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी परिसर में अवैध रूप से खड़े किए गए ट्विन टावर में एपेक्स टावर 32 व सियान 29 मंजिला है। ऐसे में एक 103 व दूसरा 97 मीटर ऊंचा टावर है। नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों की अनदेखी कर इनको मंजूरी दी गई थी। नियमों के तहत एक टावर से दूसरे टावर की दूरी कम से कम 16 मीटर होनी चाहिए, लेकिन यहां पर सिर्फ नौ मीटर दूरी रखी गई। इससे पहले खरीदारों को इन टावरों की जगह हरियाली के रूप में पार्क आदि विकसित करने का प्लान बताया गया था। बीते ( शेष पेज 8 )



नोएडा में बने जुड़वां टावरों के पास लगा मीडिया और आम लोगों को जमावड़ा

## सुबह से ही बंद रहेंगे कई रास्ते एक्सप्रेसवे भी पौन घंटे रुकेगा

**ट्विन** टॉवर ध्वस्तीकरण प्रक्रिया के दौरान एहतियात के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को रविवार दोपहर 215 बजे से 45 मिनट तक बंद रखा जाएगा। इसके अलावा इलाके में एटीएस तिराहे से गेझा फल सब्जी मंडी तिराहे तक का मार्ग, एल्डिको चौराहे से सेक्टर-108 की ओर का रास्ता सर्विस रोड, श्रमिक कुंज चौराहे से सेक्टर-92 रतिराम चौक तक का मार्ग, श्रमिक कुंज चौराहे से सेक्टर-132 की ओर फरीदाबाद फ्लाईओवर और सेक्टर-128 से श्रमिक कुंज चौराहे-फरीदाबाद फ्लाईओवर तक का मार्ग बंद रहेगा। ट्विन टॉवर के आसपास के दो किलोमीटर हिस्से में आंतरिक सड़कों पर सुबह सात बजे से ही ट्रैफिक रोक दिया जाएगा, जो शाम को पांच बजे के बाद खुलेगा। रविवार सुबह ही सात बजे तक सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट व एटीएस विलेज सोसाइटी के करीब 1400 फ्लैटों को पूरी तरह खाली करा लिया जाएगा।



उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश उदय उमेश ललित ने भारत के 49वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शनिवार को शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में न्यायमूर्ति ललित को शपथ दिलाई।

## सीजेआई को सेवानिवृत्ति के बाद घरेलू सहायक समेत अन्य सुविधाएं

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को सेवानिवृत्ति के दिन से अब एक घरेलू सहायक, एक चालक और एक सचिवालय सहायक की सुविधा जीवन भर के लिए मिलेगी। सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों से संबंधित ताजा अधिसूचना में यह जानकारी सामने आई है। केंद्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा जारी ताजा अधिसूचना में कहा कि सेवानिवृत्त सीजेआई और शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली सुविधाओं का विस्तार करने के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों से जुड़े नियमों में फिर से संशोधन किया गया है। इससे पहले 23 अगस्त को नियमों में संशोधन किया गया था। संशोधित नियमों का लाभ जीवित सभी पूर्व सीजेआई और उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मिलेगा।

## फोगाट मामला: रेस्तरां मालिक और ड्रग डीलर गिरफ्तार

### ● गोवा कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग

### ● पहले से गिरफ्तार दोनों आरोपी दस दिन की पुलिस हिरासत में

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/पणजी

**गोवा** पुलिस ने हरियाणा की भाजपा नेता और पूर्व टिक टॉक स्टार सोनाली फोगाट की कथित हत्या के मामले में शनिवार को एक रेस्तरां के मालिक और मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं पहले से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 10 दिनों के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस ने इस कथित हत्या की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सोनाली फोगाट के दो सहयोगियों को मादक पदार्थ की आपूर्ति दत्ता प्रसाद गांवकर नाम के व्यक्ति ने की थी।

उन दोनों सहयोगियों ने फोगाट को उक्त मादक पदार्थ दिया था। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार एक अन्य व्यक्ति उत्तरी गोवा जिले में स्थित कर्लीज रेस्तरां का मालिक एडविन न्यून्स है। उसे शनिवार सुबह अंजुना से हिरासत में लिया गया। फोगाट अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले इसी रेस्तरां में देखी गई थी, जहां उन्हें मादक पदार्थ ( शेष पेज 8 )



सोनाली फोगाट की फाइल फोटो

## सात्विक व चिराग ने देश के लिए जीता पहला पदक

**भाषा।** तोक्यो

**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारने के कारण विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतकर अभियान का अंत किया। विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी पहले गेम में जीत का फायदा नहीं उठा पाई और 77 मिनट तक चले मैच में 22-20, 18-21, 16-21 से हार गई।यह सात्विक और चिराग की मलेशियाई जोड़ी के हाथों लगातार छठी हार है। इस महीने के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों के मिश्रित टीम फाइनल में भी उन्हें इस जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बावजूद भारतीय जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और भारत का एक पदक सुनिश्चित किया। भारत ने 2011 के बाद इस प्रतियोगिता में हमेशा पदक जीता है।

( विस्तृत समाचार खेल पेज पर )

## आने वाले त्योहारों में खादी उपहार में दें: प्रधानमंत्री




### ● आजादी के बाद खादी के साथ दोयम दर्जे के उत्पाद जैसा व्यवहार किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों से अपील की कि वे आने वाले त्योहारों में खादी उपहार में दें तथा विदेश जाने वालों को खादी का सामान दे जिससे कि विदेशों में उसके बारे में और जागरूकता फैले।

उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहारी सीजन में खादी उपहार में दें और उसे बढ़ावा दें। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ देर चरखा भी चलाया। बाद में उन्होंने कहा कि चरखा चलाने के दौरान उन्हें अपने बचपन की याद आ गई। मोदी ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खादी प्रेरणा का स्रोत हो सकती है। उन्होंने अफसोस जताया कि कभी आत्मसम्मान का ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,833 | |
| निफ्टी | 17,558 | |
| सोना | 52,031 | /10g |
| चांदी | 55,979 | /kg |

## क्विक न्यूज

### परिवार को विदेश जाने से रोकने के लिए विमान में बम होने की फर्जी सूचना दी

**चेन्नई।** नशे में धुत एक व्यक्ति, जो अपने परिजनों को विदेश जाने से रोकना चाहता था, उसने शनिवार को फोन कर निजी विमानन कंपनी इंडिगो के दुबई जा रहे विमान में बम होने की फर्जी सूचना दी थी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चेन्नई निवासी व्यक्ति अपने परिवार के दो सदस्यों को दुबई जाने से रोकना चाहता था, जिसके चलते उसने पुलिस नियंत्रण कक्ष में विमान में बम होने की धमकी वाला फोन कॉल किया। अधिकारियों के मुताबिक, फोन कॉल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने यह पता लगाने के लिए गहन जांच की कि क्या इंडिगो के विमान में कोई विस्फोटक रखा गया है।

## सेवानिवृत्त डीआईजी से महिला बन की दोस्ती, आठ लाख ठगे

### ● नाइजीरिया के एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**खुद** को ब्रिटिश महिला बताकर उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त उप महानिरीक्षक (डीआईजी) से आठ लाख रुपए की ठगी करने वाले नाइजीरिया के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नोएडा साइबर अपराध थाना सेक्टर 36 की थाना प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में डीआईजी स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारी आर. पी. सिंह ने साइबर अपराध थाना में 22 जून को मामला दर्ज कराया था और कहा था कि आरोपी ने खुद को ब्रिटिश महिला बताकर उनसे दोस्ती की थी।

यादव ने बताया कि आरोपी ने सेवानिवृत्त अधिकारी को विश्वास में लिया और उन्हें उपहार भेजने की बात कहकर सीमा शुल्क, जीएसटी शुल्क के नाम पर उनसे लाखों रुपए की धोखाधड़ी की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने शनिवार को इस मामले में नाइजीरिया के नागरिक चीब्जू को गिरफ्तार किया।

उसके पास से पुलिस ने एक लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री बरामद की है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है कि वह विदेशी महिला बनकर पुरुषों से तथा विदेशी पुरुष बनकर महिलाओं से दोस्ती करता तथा उन्हें कीमती सामान देने का झांसा देकर उनसे सीमा शुल्क अन्य शुल्क के नाम पर ठगी करता था।

# अर्जेंटीना ने भारत के तेजस में दिखाई दिलचस्पी

### ● अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया समेत कई देशों को भा रहा हमारा स्वदेशी लड़ाकू विमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित तेजस हल्के लड़ाकू विमानों में अमेरिका समेत कई देशों की रुचि बढ़ी है। अब इन विमानों को खरीदने के लिए अर्जेंटीना भी दिलचस्पी ले रहा है। इसके अलावा 18 तेजस निर्यात का पहला सौदा मलेशिया के साथ होने वाला है। भारत निर्मित तेजस को खरीदने को आतुर दिख रहा अर्जेंटीना पहला लैटिन अमेरिकी देश बनकर उभरा है।

तेजस को लेकर अर्जेंटीना की प्रतिक्रिया को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों के रणनीतिक रूप से कई गुना बढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। जयशंकर अपने समकक्ष सैंटियागो कैफिएरो के साथ संयुक्त आयोग की बैठक में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को अर्जेंटीना गए थे। अमेरिका और अर्जेंटीना के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, इंडोनेशिया और फिलीपींस भी सार्वजनिक क्षेत्र के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित विमान खरीदने के इच्छुक हैं। संयोग से सरकार ने पिछले साल एचएएल को 83 तेजस जेट खरीदने के लिए 47,000 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर दिया था। इन तेजस की डिलीवरी अगले साल से शुरू हो जाएगी। मलेशिया को 18 तेजस निर्यात करने का ठेका हासिल करने के प्रति पूरी तरह आशान्वित एचएएल अब कुआलालंपुर में अपना कार्यालय स्थापित करेगा। एचएएल ने कहा कि इस संबंध में पिछले हफ्ते उसने बेंगलुरु में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।



प्रतीकात्मक चित्र

मलेशिया में कार्यालय खुल जाने से एचएएल को फाइटर लीड-इन ट्रेनर (एफएलआईटी) एलसीए (तेजस) समेत रॉयल मलेशियाई वायु सेना (आरएमएएफ) की अन्य आवश्यकताओं जैसे एसयू-30 एमकेएम और हॉक अपग्रेडेशन जैसे नए व्यावसायिक मौके प्रदान करने में मदद मिलेगी। यह कार्यालय मलेशिया में स्थायी एयरोस्पेस और रक्षा परिदृश्य के लिए मलेशियाई रक्षा बलों और उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने को भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा। जहां तक? जयशंकर और उनके अर्जेंटीना समकक्ष के बीच बैठक का संबंध है, तो दोनों नेता रक्षा और व्यापार में वृद्धि के साथ-साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने केंद्रीय बैंकों से स्थानीय मुद्राओं में भुगतान तंत्र के विकास के लिए अध्ययन करने का अनुरोध करने पर भी सहमति जताई है, ताकि दोनों देशों के बीच व्यापार तीसरी मुद्रा के उपयोग के बिना चल सके। इस बीच, अर्जेंटीना ने कहा कि भारत ने विस्तारित ब्राजील, भारत, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) समूह में उसकी सदस्यता के लिए समर्थन व्यक्त किया है।

यह मुद्दा दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच चल रहीं वार्ताओं का हिस्सा रहा है। इस साल जुलाई में बाली जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर दोनों मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई थी। ईरान और अल्जीरिया जैसे देश भी एक दशक से अधिक पुराने जी20 समूह का सदस्य बनने के इच्छुक हैं। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर अपनी पहली यात्रा पर दक्षिण अमेरिका गए थे। इस दौरान उन्होंने ब्राजील, पैराग्वे और अर्जेंटीना का दौरा किया। ब्राजील और अर्जेंटीना में उन्होंने अपने समकक्षों के ( शेष पेज 8 )

# भ्रष्टाचार की नींव पर बने ट्विन टावरों का आज टूटेगा गुरूर

**भ्रष्टाचार की नींव पर बने एपेक्स और सियान टावर रविवार दोपहर जमींदोज हो जाएंगे। इनको गिरने में महज नौ से 12 सेकेंड में लगेंगे। इनके ध्वस्तीकरण के लिए करीब 9640 छेद में 3700 किलो विस्फोटक का प्रयोग किया गया है। 13 साल में तैयार हुई यूपी की सबसे ऊंची इमारत निर्माण के साथ ही विवादों में आ गई थी। आसपास के सोसाइटी के लोगों के सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग राउंड में जांच की जाएगी। दोपहर के बाद टावर से कनेक्शन करते हुए वायर 100 मीटर बाहर तक लाई जाएगी और यहीं से करीब 2:30 बजे बटन दबाया जाएगा। सुबह सात बजे तक सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट व एटीएस विलेज सोसाइटी के करीब 1400 फ्लैट को पूरी तरह खाली करा लिया जाएगा। पायनियर के संवाददाता रिंकू यादव तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे, पेश है रिपोर्ट... रूपांकन ज़ाहिद अली**

## नोएडा प्रशासन की ये है तैयारी

*नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे ट्विन टावर ध्वस्तीकरण के कारण रविवार दोपहर 2:15 बजे से 45 मिनट तक बंद रहेगा। 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा यातायात व्यवस्था बनाने के लिए 150 से 200 ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे। दमकल की चार गाड़ियां और एक दर्जन से अधिक दमकलकर्मी सेक्टर-93ए में मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने चार अस्पतालों में सेफ हाउस बनाए हैं। जरूरत पड़ने पर इनमें मरीजों का इलाज हो सकेगा। इसके लिए जिला अस्पताल, फेलिक्स अस्पताल, जेपी अस्पताल और यथार्थ अस्पताल का चयन किया गया है। दोपहर दो से शाम चार बजे तक सेक्टर-93 के आसपास विमानों के उड़ने पर रोक को मंजूरी दे दी है। पास से ही गेल की गैस पाइप लाइन है। इंजीनियरों ने दावा किया कि गैस पाइप लाइन पर टावर के मलबे से कोई असर नहीं पड़ने दिया जाएगा। दमकल की गाड़ियां धूल को दबाने के लिए पानी का छिड़काव करेंगी।*




## तेज और धीमी गति के कैमरे शामिल

विध्वंस टीम ने ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को रिकॉर्ड करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर कई उपकरण तैनात किए है, जिनमें तेज और धीमी गति के कैमरे शामिल हैं, ताकि काम पूरा होने के बाद तकनीक का बारीकी से अध्ययन किया जा सके।

## चेतन दत्ता दबाएंगे बटन

चेतन दत्ता इन इमारतों को ध्वस्त करने के लिए बटन दबाएंगे। हरियाणा में हिसार से ताल्लुक रखने वाले दत्ता ने कहा, यह सपने के सच होने जैसा है। टावरों के ध्वस्तीकरण का जिम्मा संभाल रही कंपनी एडिफिस इंजीनियरिंग ने ब्लास्टर का काम करने के लिए उनसे संपर्क किया। इमारत को ध्वस्त करने वाली एक कंपनी चलाने वाले दत्ताने कहा, जब उच्चतम न्यायालय का फैसला आया था तो किसी ने व्हाट्सएप पर इसके बारे में एक संदेश भेजा था और मैंने ईश्वर से प्रार्थना की थी कि मुझे इस इमारत को गिराने कामौका मिलना चाहिए। हालांकि मुझे इसके लिए चुने जाने कीउम्मीद नहीं की थी। महीनों बाद जुलाई में, एडिफिस ने मुझसे तथा मेरी कंपनी से विस्फोटकों को भरने के लिए संपर्क किया।

## कंपनी के दो पुराने अनुभव



- एडिफिस इंजीनियरिंग और जेट डिमॉलिशन्स ने इससे पहले 2020 में कोच्चि (केरल) स्थित मराडू कॉम्प्लेक्स को मिलकर ढहाया था, जिसमें 18 से 20 मंजिलों वाले चार आवासीय भवन शामिल थे।



- वर्ष 2019 में जेट डिमॉलिशन्स ने जोहानिसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में बैंक ऑफ लिस्बन की 108 मीटर ऊंची इमारत को ढहाया था, जिसके आठ मीटर के दायरे में कई भवन थे।

## सीईओ ऋतु ने दी सीएम योगी को पूरी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेयश्वरी ने तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। करीब 20 मिनट में उन्होंने सीएम को ट्विन टॉवर और उसको गिराने की सुरक्षा तकनीक के बारे में बताया। गाजियाबाद पहुंचे सीएम योगी के सामने नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने प्रेजेंटेशन दी।

उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। सीएम ने सुरक्षा को लेकर जरूरी गाइडेंस दी। इससे पहले जिला प्रशासन ने सीएम योगी के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर 8



ट्वीट करके टॉवरों ढहाने की तैयारी और एजेंसी के बारे में जानकारी दी। जिस वक्त सीएम योगी के सामने टॉवरों को गिराने की प्रेजेंटेशन दी जा रही थी। उसी वक्त एक खबर आई। मुंबई के गंगाराम लोकुमाल चंदावनी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। हालांकि अभी याचिका सूचीबद्ध नहीं हो पाई है। याचिका में उन्होंने कहा, दोनों टॉवरों को गिराने से मैटेरियल, रिसोर्सेज और अन्य चीजों की बर्बादी होगी। तमाम लोग बेघर हो जाएंगे। याचिका में इस टॉवर को गिराने पर रोक लगाते हुए अस्पताल में बदलने की मांग की गई है।

या फिर डिफेंस और शिक्षा के लिए भी इस टॉवर का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही नियमों की अनदेखी करके बने दोनों टॉवर गिराने की तैयारी है। ट्विन टावर की दो सबसे नजदीकी सोसायटी-एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज के 5,000 से अधिक निवासियों और उनके 150 से 200 पालतू जानवरों को रविवार सुबह सात बजे वहां से निकाल दिया जाएगा।

दोनों परिसरों से लगभग 2,700 वाहन भी हटा दिए जाएंगे। ट्विन टावर के आसपास 500 मीटर के दायरे में एक एक्सक्लुजन जोन बनाया जाएगा, जिसमें ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में शामिल भारतीय और विदेशी कर्मचारियों के अलावा किसी भी मनुष्य या पशु को आने की अनुमति नहीं होगी।

प्राप्त सूचना के अनुसार, एपेक्स और सियान टावर को ढहाने के लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का उपयोग किया जाएगा।

## 15 बार चक्के को घुमाने पर मिलेगा ग्रीन सिग्नल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में सुपरटेक के दोनों टावर 28 अगस्त दोपहर ढाई बजे ध्वस्त किए जाएंगे। ट्रिगर मैन चेतन दत्ता ने बताया कि इस ब्लास्ट में सबसे अहम प्राइमरी और सेकंड्री ब्लास्ट है। 20 फ्लोर पर प्राइमरी ब्लास्ट किया जाएगा। इसमें एपेक्स टावर के बेसमेंट फ र्स्ट फ्लोर, 2,6,10,14,18,22,26 और 32 है।


इसमें 100 प्रतिशत बारूद लगाया गया है। प्राइमरी ब्लास्ट में पिलर इमारत को नीचे आने के लिए प्रेशर बनाएंगे। दोनों टावर में आठ फ्लोर ऐसे है, जिसमें सेकंड्री ब्लास्ट किया जाएगा। इसमें दोनों टावरों 4,8,12,16,20,24,28 और 30 है। सेकंडरी ब्लास्ट में ग्रेवटी के अनुसार दोनों टावर को नीचे लेकर आएंगे। इसके लिए 40 प्रतिशत बारूद लगाया गया है। टावरों को गिराने के लिए दो ब्लास्ट प्राइमरी और सेकेंडरी होंगे। इसी तरह सेकेंडरी ब्लास्ट 0 से 3.5 सेकंड का होगा। दोनों इमारत नौ सेकंड जमींदोज हो जाएंगी। एक्सपर्ट ने बताया कि काउंटडाउन शुरू होते ही स्पार्क को एक्टिवेट करना शुरू कर

**• 20 फ्लोर में प्राइमरी तो 8 में सेकंड्री ब्लास्ट होगा**

दिया जाता है। जीरो होते ही प्लग दबाकर स्पार्क होगा और इस अंतराल पर विस्फोट होगा। इसके लिए 9 हजार 600 होल में डिले डटोनेटर लगाए गए है। जिसमे टाइमिंग सेट की गई है। ये टाइमिंग के अनुसार ही ब्लास्ट होंगे।

ट्रिगर रिमोट एक छोटा सा बाक्स होता है। जिससे स्पार्क पैदा करने के लिए करंट फ्लो किया जाता है। ये ब्लास्ट नॉन इलेक्ट्रिकल है इसलिए इसे चार्ज किया जाएगा। इसमें दो वायरिंग है जिसे मेन वायरिंग से जोड़ा जाएगा। चार्जिंग के लिए 15 बार चक्के को घुमाना होगा। रेड लाइट ऑन होते ही ग्रीन बटन को दबा दिया जाएगा। इसे दबाते ही प्राइमरी और फिर सेकंड्री ब्लास्ट होगा। यहां किए होल में मिनिमम 2.5 ग्राम और मैक्सिमम 1 केजी तक एक्स्प्लोसिव को भरा गया है। ध्वस्तीकरण के समय एक घंटे के लिए नो फ्लाई जोन रहेगा।

## मदद के लिए हेल्पलाइन जारी



28 अगस्त सुबह 6 बजे से 30 अगस्त तक कंट्रोल रूम नंबर 0120-2425301, 0120-2425302

## सुपरटेक के ट्विन टावर का उदय से अंत तक

**आगाज** नोएडा प्राधिकरण ने सुपरटेक बिल्डर को 20 जून 2005 में एमराल्ड कोर्ट के निर्माण की मंजूरी दी थी। इस परिसर में 14 टावर बनाए जाने थे। टावर में भूतल और नौ मंजिल बनाने की अनुमति दी गई। लेकिन, बिल्डर ने वर्ष 2006 में इसमें बदलाव कर भूतल और 11 मंजिल के साथ ही दो अतिरिक्त टावर योजना में शामिल कर लिए। इसके बाद वर्ष 2009 में नक्शे में बदलाव कर टावर की ऊंचाई बढ़ाई गई। इस बार टावर में 24 मंजिल बनाना तय किया गया। वर्ष 2012 में ऊंचाई को 40 मंजिल तक बढ़ाने के लिए मानचित्र में फिर से संशोधित किया गया।

**आपत्ति** वर्ष 2009 में दोनों टावर का निर्माण शुरू हुआ तो एमरॉल्ड कोर्ट सोसाइटी में रह रहे लोगों ने सुपरटेक बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। नए नक्शे पास करने के बारे में जानकारी मांगी गई तो प्राधिकरण ने देने से इनकार कर दिया। इसके बाद सोसाइटी की एओए ने दिसंबर 2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया कि नियम का उल्लंघन कर ट्विन टावर के बीच की दूरी 16 मीटर के बजाए नौ मीटर रखी गई। अन्य नियम भी तोड़े गए। न्यायालय से फटकार के बाद प्राधिकरण ने नक्शा दिया।

**आदेश** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने डेढ़ साल की सुनवाई के बाद 11 अप्रैल 2014 में विवादित ट्विन टावर को ध्वस्त करने का आदेश दिया। सुपरटेक बिल्डर ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2021 को बिल्डर और प्राधिकरण गठजोड़ पर टिप्पणी करते हुए एमरॉल्ड कोर्ट के खरीदारों के पक्ष में फैसला सुनाया। इस आदेश के मुताबिक तीन महीने के अंदर ये दोनों टावर गिराए जाने थे, लेकिन तीन बार तारीख बढ़ गई। अब रविवार को दोनों टावर गिराए जाएंगे। इसके लिए बारूद लगाने का काम पूरा हो गया है।



## 10 जोनल और 13 सेक्टर प्रभारी संभालेंगे जिम्मेदारी

### नोएडा प्राधिकरण ने जारी किया ड्यूटी चार्ट, सुपरटेक एमराल्ड के पास 9 जगह होगी तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सुपरटेक के दोनों टावरों को ध्वस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने ड्यूटी चार्ट जारी किया है। ध्वस्तीकरण को लेकर 10 जोनल प्रभारी और 13 सेक्टर प्रभारी बनाए गए है। इन सभी की ड्यूटी सेक्टर.93ए सुपरटेक एमराल्ड के आसपास नौ स्थानों पर लगाई गई है। इसमें प्राधिकरण के उद्यान विभाग, नियोजन, नोएडा ट्रैफि क सेल, जन स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन, सिविल, प्रचार प्रसार मीडिया, जल विभाग और प्रशासन के अधिकारी शामिल है। इन सभी के कार्य अलग.अलग है। उद्यान विभाग का काम ध्वस्तीकरण के बाद उड़ने वाली धूल और मिट् ?टी के कारण प्रभावित क्षेत्र में पेड़ पौधों की सुरक्षा व धुलाई



का प्रबंध करना होगा। नियोजन विभाग को ध्वस्तीकरण के दौरान सुपरटेक और एडिफि स के साथ समन्वय स्थापित करना होगा। धवस्तीकरण के बाद सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के स्ट्रक्चरल आडिट प्रबंध करना होगा। नोएडा ट्रैफि क सेल को सुपरटेक एमराल्ड सोसाइटी और ड्यूटी पर तैनात विभिन्न अधिकारियों के वाहनों की सुरक्षित व्यवस्था देखनी होगी। जन स्थ्वास्थ्य विभाग को ट्विन टावर के पास एटीएस और एमराल्ड में सफाई के लिए 50 कर्मियों की ड्यिूटी। धूल से प्रभावित क्षेत्र को साफ करने के लिए 50 कर्मी और मैकेनिकल स्वीपिंग के लिए 4 मशीनों का प्रबंध साथ ही प्रभावित क्षेत्र में आवारा पशुओं को निकालना। साथ ही सीएंडडी वेस्ट से निस्तारण के लिए समन्वय। आपदा प्रबंधन का काम किसी भी आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम एवं चिकित्सीस समन्वय स्थापित करना। सिविल का काम एमराल्ड कोर्ट और एसटीएस विलेज सोसाइटी के सभी निवासियों को सुबह सात बजे और 12 बजे तक सभी गार्ड को सुरक्षित बाहर निकालना। ध्वस्तीकरण के बाद धूल को प्रभावी नियंत्रण के लिए 4 स्मॉग गन का प्रबंध। जल विभाग का काम आसपास के प्रभावित होने वाली सोसाइटी में जल आपूर्ती सुनिश्चित करना और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पेयजल का प्रबंध कराना। प्रशासन का काम दर्शक दीर्घा और पर्यवेक्षण गैलरी में अधिकारियों के बैठने का प्रबंध एवं मानक के अनुसार उपस्थिति पर नियंत्रण।

28 अगस्त को सुबह 7 बजे तक सुपरटेक एमराल्ड और एटीएस दोनों सोसाइटी के 1396 फ्लैट के करीब 7000 लोगों को फ्लैट खाली करना है। ज्ञात हो कि नोएडा सिसमिक जोन.4 में आता है। यहां बनाई गई सभी इमारतें सात और आठ रिक्टर स्केल के भूकंप सहन कर सकती हैं। 300 मिमी प्रति सेकेंड के कंपन का सामना करने के अनुसार बनाया गया है। दोनों टावर के बेसमेंट में कांक्रीट वेव बनाए गए हैं।

## चीनी कंपनी के छह निदेशकों पर धोखाधड़ी का केस

**नोएडा।** शहर के एक उद्योगपति ने गुरुग्राम स्थित चीनी कंपनी पर करोड़ों रुपये का खराब माल देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि खराब माल की शिकायत करने के बाद भी कंपनी ने ना तो माल वापस लिया और ना ही उनका रुपया वापस किया। पीड़ित ने कंपनी के छह निदेशकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सेक्टर-51 स्थित आरके फार्मिंग नामक कंपनी के निदेशक राज कपूर ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले उनकी कंपनी ने गुरुग्राम स्थित एक चीनी कंपनी से करोड़ों रुपये का कच्चा माल खरीदा था। उन्होंने बताया कि जब खरीदा गया माल उनकी कंपनी में पहुंचा तो माल खराब गुणवत्ता का मिला। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी ने चीनी कंपनी को माल वापस करने के लिए पत्र भी लिखा।

## इतिहास होने से पहले ट्विन टावर को कैमरे में कैद करने के लिए दिनभर पहुंचते रहे लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दोनों टावर जो अभी तक क्षेत्र की पहचान हैं, रविवार को इतिहास बनकर रह जाएंगे। किसी इमारत के इस तरह से जमीदोंज होने की घटना शहर के लोगों के लिए एकदम नई है। ध्वस्त होने से पहले लोग दोनों टावर की तस्वीर मोबाइल के कैमरे में कैद करने के लिए पहुंच रहे हैं।

लोगों के आने का सिलसिला सुबह सात बजे से ही प्रारंभ है। टावर के आसपास से गुजरने वाले लोग बाइक और कार रोककर फोटो खींच रहे हैं। सेक्टर-62 से उमा और श्रद्धा टावर संग तस्वीर कैद कराने के लिए परिवार संग पहुंची हैं।

दोनों ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्से में रहने वाले



उनके रिश्तेदार बार.बार फोन करके टावर के बारे में पूछ रहे हैं। फ रीदाबाद और हापुड़ के कुछ रिश्तेदार इस घटना को देखने के लिए पहुंचेंगे।

इसके अलावा लोगों ने बताया कि उनके दोस्त टावर की फोटो के लिए सुबह ही पहुंच गए थे। टावर के आसपास के मार्गों पर लोगों की भीड़ जमा न हो, इसके लिए यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

टावर के आसपास भी पुलिसकर्मियों की मौजूदगी है। लोगों की टावर के पास ज्यादा देर तक रुकने नहीं दिया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मॉक सत्र में भाजपा ने खोली सरकार की पोल

## आबकारी नीति को बताया दिल्ली की जनता के साथ धोखा, शिक्षा मॉडल भी किया खारिज

● सत्र में आप नेताओं को भी दिया गया बात कहने का मौका



मॉक सत्र में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूडी तथा सभापति।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा के विशेष सत्र से शुक्रवार को मार्शल द्वारा बाहर किए गए भाजपा विधायकों का शनिवार को विरोध में मॉक विधानसभा सत्र किया। सत्र में विपक्षी विधायकों ने आम आदमी पार्टी सरकार की जमकर पोल खोली। खासतौर पर आबकारी नीति और शिक्षा मॉडल में किए गए घपलों पर भाजपा सदस्यों को केजरीवाल सरकार को कटघरे में खड़ा किया। साथ ही कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ झूठे प्रचार से जनता को धोखा देने की कोशिश कर रही है।

मॉक विधानसभा सत्र का आयोजन जनपथ के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर में किया गया। सभागार को विधानसभा का ही रूप दिया गया। मॉक विधानसभा सत्र में पूर्व विधायक बरखा सिंह ने अध्यक्ष की भूमिका अदा की। सदस्यों ने नियम-280 के तहत अपने इलाके की समस्याओं को भी उठाया। विधानसभा को असली जैसा रूप देने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के मुखौटे पहने लोग भी वहां मौजूद थे। उन्हें भी अपनी बात व्यंगात्मक तरीके से कहने का मौका दिया गया।

भाजपा सदस्यों ने मुख्य रूप से आप सरकार की आबकारी नीति पर जमकर हमला किया। नियम-55 के तहत विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार पर चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने राजधानी को शराब की नगरी बना दिया है और ठेकेदारों को 144 करोड़ रुपए कोविड-19 महामारी की आड़ में छूट देकर खुला भ्रष्टाचार किया है। इसके अलावा एयरपोर्ट के ठेकेदार को भी 30 करोड़ रुपए की धरोहर राशि माफ करके भ्रष्टाचार किया है। जितेंद्र महाजन ने स्कूलों और धार्मिक स्थलों के समीप खुले शराब के अड्डों पर आपत्ति जताई तो अभय वर्मा ने कहा कि केजरीवाल सरकार स्वराज से शराब तक पहुंच गई है। स्वराज पुस्तक में केजरीवाल ने कहा था कि शराब के ठेके मुहल्ला समितियों और क्षेत्र की महिलाओं की सहमति से खुलेंगे।

सीएम दिल्ली को शराब की नगर बनाते हुए सब कुछ भूल गए। अजय महावर ने शराब नीति लागू होने से सरकार के राजस्व में हुई कमी का जिक्र किया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने भाषण में आप सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि नई शराब नीति में मास्टर प्लान का खुलकर उल्लंघन किया गया। मास्टर प्लान के अनुसार नॉन कनफर्मिंग इलाकों में शराब की दुकानें नहीं खुल सकती थीं लेकिन केजरीवाल सरकार ने इसकी परवाह नहीं की। इसके अलावा ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों को लाइसेंस जारी करना, ठेकेदारों का कमीशन 2 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी करना, शराब परोसने का समय रात 10 बजे से बढ़ाकर 3 बजे करना, ड्राई डे की संख्या 21 से घटाकर 3 करना, ठेकों की संख्या 639 से बढ़ाकर 849 करना ऐसे फैसले हैं, जिनपर जनता जवाब मांग रही है। आप सरकार ने लाइसेंसधारकों को 144 करोड़ रुपए की छूट दे दी। एयरपोर्ट के ठेकदार की 30 करोड़ की धरोहर राशि माफ कर दी और बीयर पर 50 रुपए प्रति केस की छूट दे दी जोकि ठेकेदारों से मिलीभगत को साबित करते हैं। यही वजह है कि दिल्ली में शराब की बिक्री तो बढ़ गई लेकिन सरकारी खजाना खाली हो गया। बिधूड़ी ने पुरानी शराब नीति का हवाला देते हुए बताया कि अगर पहले शराब की एक बोतल पर सरकार को 329.89 रुपए कमाई होती थी तो नई शराब नीति पर वह सिर्फ 8.32 रुपए ही रह गई। दूसरी तरफ पुरानी शराब नीति में रिटेलर को सिर्फ 33.39 रुपए का कमीशन मिलता था तो अब यह कमीशन 363.27 रुपए हो गया। विपक्षी सदस्यों ने सरकार से सवाल पूछा कि अगर नई शराब नीति सफल थी तो उपराज्यपाल द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश के फौरन बाद ही इसे वापस क्यों लिया गया। मॉक विधानसभा सत्र में भी केजरीवाल और उनके मंत्री इन सवालों का कोई जवाब नहीं दे सके। इसके अलावा मॉक सत्र में केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर भी चर्चा की गई। चर्चा शुरू करते हुए अनिल वाजपेयी ने बताया कि जब सरकारी दावों को देखते हुए भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने स्कूलों का दौरा किया था तो यह पाया कि वहां कमरों की जगह टायलेट ही बनाए गए हैं। ओम प्रकाश शर्मा ने भी शिक्षा मॉडल को ढकोसला और धोखा कहा। विजेंद्र गुप्ता ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीवीसी की 34 पेज की उस रिपोर्ट को भी सदन के पटल पर रखा जिसमें कहा गया है कि स्कूलों में बनाए गए कमरों में जबरदस्त घपला हुआ है।



पदयात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता।

# भाजपा ने सातों लोकसभा क्षेत्रों में निकाली पदयात्रा

● केजरीवाल की लड़ाई स्वराज से शुरू हुई, शराब पर खत्म होगी : आदेश गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने सभी सातों लोकसभा क्षेत्रों में सिसोदिया की बर्खास्तगी की मांग करते हुए पदयात्रा निकाली गई।

पूर्वांचल मोर्चे द्वारा लाल किले के गौरी शंकर मंदिर से फतेहपुरी चौक तक निकाली गई इस पदयात्रा के दौरान गुप्ता ने कहा कि आखिर कब तक केजरीवाल जनता, मीडिया और भाजपा के सवालों से भागते रहेंगे। वह अच्छे पटकथा लेखक हो सकते हैं, लेकिन जनता की समस्याओं पर न ही विधानसभा में चर्चा करते हैं और न ही विपक्ष को अपनी बात रखने देते हैं। अपनी तानाशाही के कारण लोकतंत्र की हत्या आखिर कब तक केजरीवाल करेंगे। आज वह एक ऐसी सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं जिसकी शुरुआत स्वराज से होती है, लेकिन समापन शराब राज से होने वाला है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली वालों का आम आदमी पार्टी से विश्वास उठ चुका है और उसकी बौखलाहट केजरीवाल के चेहरे पर साफ दिख रही है। पिछले सात दिनों से भाजपा सिर्फ एक ही मांग कर रही है कि मुद्दों को भटकाने की जगह केजरीवाल सिर्फ भाजपा द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दें। केजरीवाल के पास भाजपा के सवालों का जवाब नहीं है, इसलिए वे सवालों से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली की सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर ने महिला मोर्चा द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से विधानसभा तक निकाली गई पदयात्रा में शामिल होकर कहा कि केजरीवाल महिला सम्मान की बात करते हैं, लेकिन क्या बीच बाजार में शराब के ठेके खोलने से महिलाएं सुरक्षित हो सकती हैं। दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य की बात करते-करते युवाओं को नशे में झोंकने का काम केजरीवाल करने लगे है, क्योंकि शराब से मोटी कमाई होती है। इसके अलावा सांसद मनोज तिवारी ने जंतर-मंतर से कनॉट प्लेस इनर सर्कल, सांसद रमेश बिधूड़ी ने पदयात्रा में शामिल हुए।

# उपराज्यपाल ने लौटाई बिना दस्तखत वाली 47 फाइलें




● अधिकारों को लेकर केंद्र व दिल्ली के बीच और बढ़ सकता है टकराव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली सरकार की 47 फाइलें वापस लौटा दी हैं। उपराज्यपाल ने इसके पीछे सभी फाइलों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दस्तखत नहीं होने का हवाला दिया है। सीएमओ के कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित इन फाइलों में शिक्षा विभाग और वक्फ बोर्ड से संबंधित फाइलें शामिल हैं। सरकारी फाइलों पर मुख्यमंत्री का साइन नहीं होने पर उपराज्यपाल ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने गत 22 अगस्त को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था कि एलजी के विचार,अनुमोदन के लिए भेजी जाने वाली फाइलों पर सीएम के हस्ताक्षर होने चाहिए। मगर इस पत्र के बाद भी सीएमओ ने बगैर सीएम के हस्ताक्षर वाली फाइलों को भेजना जारी रखा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हस्ताक्षर की जगह सीएमओ कर्मचारियों ने फाइलों में हस्ताक्षर कर उपराज्यपाल के आफिस में भेजी थी। करीब एक सप्ताह पहले दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस सबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अवगत करा दिया था। इसके बाद भी यह सिलसिला जारी रहा। एलजी ने उन्हें हिदायत दी है कि आगे से वे बिना अपने हस्ताक्षर के फाइल उपराज्यपाल सचिवालय ना भेजें। सीएम ने फाइल देखा है। इस तरह की टिप्पणी सरकारी आदेश और निर्देश वाले दस्तावेज पर शोभा नहीं देता। इस पर ध्यान रखा जाए।

# सैनिक स्कूल की तर्ज पर खुला आर्म्ड फोर्सेज स्कूल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीएम केजरीवाल ने किया अत्याधुनिक सुविधाओं वाले प्रिपरेटरी स्कूल का उद्घाटन

राजधानी दिल्ली में सैनिक स्कूल की तर्ज पर आर्म्स फोर्सेस स्कूल खुल गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को झरोदा कलां में शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज स्कूल का उद्घाटन किया। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ एनडीए आदि की चार साल तैयारी भी कराई जाएगी। बच्चों की शिक्षा पूरी तरह मुफ्त है, ताकि यहां गरीब और अमीर के बीच कोई भेद न हो सके। यहां 80-90 फीसद बच्चे सरकारी स्कूलों से आए हैं। केजरीवाल ने कहा कि स्कूल का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर इसलिए रखा गया है, ताकि उनसे हर बच्चे को प्रेरणा मिले।

मुख्यमंत्री कहा कि यहां पर सारे ऑफिसर के गुण सिखाए जाएंगे, जो आर्मी में होती है। साइकोमेट्रिक टेस्ट, ग्रुप टास्क, मॉक इंटरव्यू करावाए जाएंगे और व्यक्तित्व विकास किया जाएगा। साथ ही वर्कशॉप कराई जाएंगी, जो बड़े स्कूलों में नहीं होता है। एनडीए, नेवल अकेडमी, यूनिफार्म सर्विसेज के जितने इंट्रेंस एग्जाम है, उन सबके लिए बच्चों को तैयार किया जाएगा। यहां पर फौज के रिटायर्ड अफिसर्स, विशेषज्ञ को बुलाएंगे और उनसे कोचिंग करवाएंगे। जो प्रशिक्षित प्रशिक्षक हैं, उनसे कोचिंग करवाई जाएगी।

हॉस्टल सुविधाएं बहुत अच्छी हैं और दिल्ली बोर्ड ऑफ एजुकेशन से संबद्ध है। इस दौरान आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के पहले बैच में पढ़ रहे बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। केजरीवाल और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया क्लास रूम में पहुंचे और उन से बात की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने बच्चों से पूछा कि आपके घर में कोई सेना में है। इस पर बच्चों ने जवाब दिया कि परिवार में कोई सेना में नहीं है।

## ट्वीट कर केजरीवाल ने पूछा- असम के स्कूल देखने कब आऊं

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके असम के समकक्ष के बीच ट्विटर पर जारी जंग शनिवार को भी जारी रही। केजरीवाल ने हिमंत विश्व सरमा से पूछा कि बताइए असम के स्कूलों को देखने कब आना है।

डिजिटल मंच पर दोनों नेताओं के बीच बहस बुधवार को तब शुरू हुई थी जब केजरीवाल ने ट्वीट किया कि स्कूल बंद करना कोई समाधान नहीं है तथा देश में और स्कूल खोलने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने असम में कुछ स्कूलों को बंद किए जाने का दावा करने वाली एक खबर साझा की।

# सिसोदिया इस्तीफा दें या हटाया जाए: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● अजय माकन ने केजरीवाल को दी बहस करने की चुनौती

कांग्रेस ने दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर निशाना साधा।

पार्टी ने कहा कि सिसोदिया या तो इस्तीफा दें या फिर उन्हें हटाया जाए। कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने आरोप लगाया कि केजरीवाल उपमुख्यमंत्री पद से सिसोदिया को इसलिए नहीं हटा रहे हैं, क्योंकि मामले के तार उनसे जुड़ जाएंगे। माकन ने आबकारी नीति पर केजरीवाल को बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि केजरीवाल से शराब घोटाले की बात करो तो वह शिक्षा की बात करेंगे। हम उनसे कहना चाहते हैं कि वह स्पष्ट करें कि शराब घोटाले पर उनका क्या कहना है। माकन ने कहा कि सरकार ने जो शराब की दुकानें खोलीं, उनमें से 90 प्रतिशत से ज्यादा दुकानें आवासीय इलाकों में हैं। यह मास्टर प्लान का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और डीडीए इन दुकानों को सील कर सकते थे, लेकिन उन्होंने समय रहते ऐसा नहीं किया। इसलिए भाजपा पर भी सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने शराब माफियाओं के 144 करोड़ रुपए का शराब लाइसेंस शुल्क माफ किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से भ्रष्टाचार का मामला है। आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार हटाने के नाम पर सत्ता में आई थी, लेकिन अब केजरीवाल और सिसोदिया खुद भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।

# योजनाएं गुणवत्ता के साथ समय पर हो पूरी: योगी

● मुख्यमंत्री ने किया गाजियाबाद में कई परियोजनाओं का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


योजना का निरीक्षण करते योगी आदित्यनाथ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले में कई परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजानाओ की प्रगति जानी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय में उनका निर्माण पूरा कराएं, ताकि आमजन को लाभ मिल सके। सुबह करीब साढ़े दस बजे गंगाजल गेस्ट हाउस में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिधियों के साथ बैठक की। इसके उपरांत करीब पौने बारह बजे वह प्रताप विहार स्थित पीएम योजना आवास योजना का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी ने वहां पीएम आवास योजनाओं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने अधिकारियों से प्रदर्शनी में लगी सभी योजनाओं के बारे में जीडीए अधिकारियों से जानकारी ली और पूछा कि योजनाएं कब तक पूर्ण होंगी। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत सीएम योगी ने प्रताप विहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे चार मंजिला ईडब्ल्यूएस के निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया। यहां भी सीएम योगी ने निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया और भवनों की गुणवत्ता परखी। यहां तक की सीएम योगी ने आवास में बनाए जा रहे खिड़की और दरवाजे में लगाए गए मैटेरियल की भी गुणवत्ता परखी। इसके उपरांत सीएम का काफिला हिंडन नदी पर बने रहे निर्माणाधीन पुल पर पहुंचा। यहां सीएम ने पहले अधिकारियों से हिंडन पुल के निर्माण की स्थिति जानी और उसके बाद पुल का जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी का कार्यक्रम रद्द



**नई दिल्ली।** पुलिस ने स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को मध्य दिल्ली में कार्यक्रम करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बरकरार रखने के लिए कार्यक्रम को अनुमति देने से इनकार किया गया है। इससे पहले विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने शहर के पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर कार्यक्रम को रद्द करने का अनुरोध किया था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य जिले की पुलिस ने लाइसेंसिंग इकाई को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उक्त कार्यक्रम से क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगडने की आशंका है।

### कार सवारों पर बरसाई गोलियां, एक की मौत

**नई दिल्ली।** नेब सराय इलाके में एक अज्ञात हमलावर द्वारा की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कई बार गोलियां बरसाईं। शुक्रवार को रात करीब आठ बजे पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिली थी और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि राजू पार्क, देवली के पास पुलिस को खून के धब्बे और छह खाली कारतूस सडक़ पर पड़े मिले। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनिता मैरी जैकर के मुताबिक, पुलिस अस्पताल पहुंची जहां देवली स्थित बैंक कॉलोनी निवासी कपिल पंवार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शरीर के ऊपरी हिस्से में गोली लगने के कई निशान मिले हैं।पुलिस का कहना है कि मृतक को आठ गोलियां लगी थीं। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सही संख्या का पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि संगम विहार निवासी प्रमोद नाम के व्यक्ति को भी गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके दाहिने पैर में तीन गोलियां लगी हैं।

### असामाजिक तत्वों ने किया हमला: विधायक यूनुस

**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हाजी यूनुस ने शनिवार को आरोप लगाया कि शराब के नशे में धुत कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी कार पर हमला किया जिसमें उनका बेटा और बेटियां यात्रा कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने कहा कि घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है। उक्त घटना उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में हुई, जिसके बाद यूनुस ने ट्विटर पर इस घटना की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मेरी गाड़ी पर हमला किया गया, जिसमें मेरे बेटे और बेटियां थीं। पांच युवा शराब के नशे में धुत सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी पर सवार थे, उनके द्वारा मेरी गाड़ी को रोका गया व परिवार वालों के साथ बदतमीजी की गई। उन्होंने ट्वीट में दिल्ली पुलिस आयुक्त और पराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को टैग कर घटना पर संज्ञान लेने का आग्रह किया।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, एक घटना की सूचना मिली थी जिसमें सफेद स्कॉर्पियो कार में सवार कुछ लोगों की शास्त्री पार्क चौक के पास मोहम्मद उनेश नाम के व्यक्ति के साथ बहस हो गई थी।पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच किसी तरह की हाथापाई या मारपीट नहीं हुई। घटना के समय विधायक हाजी यूनुस कार में मौजूद नहीं थे।

### भाजपा बताए सिसोदिया के खिलाफ क्या मिला : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई को लेकर शनिवार को प्रदर्शन किया तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से देश को यह बताने के लिए कहा कि जांच एजेंसी को पिछले सप्ताह सिसोदिया के आवास तथा अन्य स्थानों पर मारे गए छापे में क्या मिला। आप के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मुख्यालय के समीप प्रदर्शन किया तथा तख्तियां लेकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। तख्तियों पर लिखा हुआ था, सीबीआई को अपनी जांच में क्या मिला। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप के राजेंद्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक ने भाजपा की आलोचना की और आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने सिसोदिया को फर्जी मामले में फंसाने तथा केजरीवाल नीत पार्टी को बदनाम करने के लिए उनके पीछे सीबीआई को लगाया है। पाठक ने आरोप लगाया, आम आदमी पार्टी ने जब से गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है, तब से भाजपा सकते में आ गई है।

# आश्रम चौक से डीएनडी तक फर्राटा भरेंगे वाहन

## नवंबर महीने तक आश्रम फ्लाईओवर के विस्तार कार्य हो जाएगा पूरा

● पीडब्ल्यूडी मंत्री ने दोगुनी रफ्तार से काम तेज करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आश्रम चौक से डीएनडी तक फर्राटा भरेंगे वाहन। आश्रम फ्लाईओवर के विस्तार का कार्य नवंबर तक परा होने पर रोजाना नोएडा व दिल्ली के बीच आने-जाने वाले लाखों वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने शनिवार को साईट निरीक्षण कर निर्माण कार्यों के प्रगति की जाँच की। साथ ही काम में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त क्रेन लगाकर काम को दोगुने रफ्तारर से पूरा करने के निर्देश दिए। आश्रम फ्लाईओवर का विस्तार कार्य नवम्बर तक पूरा हो जाएगा। इसके बनने से आश्रम चौक और डीएनडी के बीच की 3 रेड लाइट कम हो जाएँगी जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगा। अपने निरीक्षण के दौरान सिसोदिया ने कहा कि इतनी व्यस्त सड़क के बीचों-बीच फ्लाईओवर बनाना बेहद मुश्किल काम था लेकिन पीडब्लयूडी इंजीनियर्स ने इसे संभव कर दिखाया। इस फ्लाइओवर का काम पूरा होने के बाद नोएडा के साथ दिल्ली के अन्य हिस्सों से दक्षिणी दिल्ली आने-जाने वाले लाखों लोगों को ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। इंजीनियरों ने मंत्री को बताया कि इस रोड पर वाहनों का दबाव बहुत ज्यादा है जिसके कारण कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

फ्लाईओवर के सभी पिलर खड़े किए जा चुके है और अब यहां उनपर गार्डर डालने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए बड़ी क्रेनों का इस्तेमाल किया जाता है और इन क्रेनों को काम करने के लिए बड़ी जगह चाहिए और यह तभी संभव है जब रोड को बंद किया जाए। ऐसे में दिनभर वाहनों के आवागमन के कारण यहां ट्रैफिक पुलिस द्वारा काम करने के लिए मिली इजाजत केवल रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक की ही है और यदि इस दौरान भी ट्रैफिक बढ़ता है तो ट्रैफिक पुलिस के बोलने पर काम बंद कर दिया जाता है। इंजिनियरों ने बताया कि यहां मौजूद पिलरों पर कुल 146 गार्डर डाले जाने है लेकिन मौजूदा चुनौतियों के कारण यहां 1 दिन में बमुश्किल 2-3 गार्डर ही लग पाते है। अबतक यहां कुल 56 गार्डर डाले जा चुके है और 90 गार्डर लगना बाकी है।

### फ्लाईओवर विस्तार की विशेषताएं

परियोजना की कुल लागत 128.25 करोड़ रुपए है। 6 लेन का आश्रम विस्तार फ्लाईओवर। 3 लेन रैंप दक्षिणी दिल्ली से सराय काले खां जाने के लिए। 3 लेन रैंप आईटीओ व सराय काले खां से दक्षिणी दिल्ली जाने के लिए। महारानी बाग रेड लाइट पर पैदल यात्रियों के लिए बन रहा है सब वे। एलईडी लाइटो से जगमगाएगा फ्लाईओवर। पिलर पर किया जाएगा आर्ट वर्क। रैंप समेत फ्लाईओवर की कुल लंबाई 1425 मीटर

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 28 अगस्त, 2022



# बिना चीरा लगाए ढाई साल के बच्चे के दिल में छेद की सफल सर्जरी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### जन्म से ही हृदय की बीमारी से ग्रस्त था बच्चा

### अब बच्चे के हृदय का आकार हो गया है सामान्य

**जन्म** से ही हृदय की बीमारी से ग्रसित एक बच्चे के दिल की सर्जरी करके उसे जीवनदान दिया गया है। मात्र ढाई साल के बच्चे के दिल में जन्म से ही छेद था। इसलिए उसका शारीरिक विकास नहीं हो पा रहा था। सर्जरी के बाद बच्चे का जीवन और उसके हृदय का आकार सामान्य हो गया है।

वह पूरी तरह से ठीक है। खास बात यह है कि इस सर्जरी प्रक्रिया के दौरान बच्चे के शरीर में कोई चीरा नहीं लगाया गया। पारस अस्पताल के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. दीपक ठाकुर के मुताबिक जब बच्चे को अस्पताल में लाया गया तो उसका का वजन मुश्किल से 8 किलोग्राम



था। इससे पहले उसे शहर के अन्य बाल रोग अस्पतालों में ले जाया गया था। बच्चे की छाती में बार बार इन्फेक्शन हो रहा था। इसके अलावा उसमें जन्मजात हृदय की बीमारी होने से उसका विकास बाधित हो गया था। कार्डिएक साइंस डिपार्टमेंट ने बच्चे की विस्तार से जांच की। फिर जो बच्चे को समस्या थी उसके लिए समाधान सुझाया गया। जांच में पता चला कि बच्चे के दिल में छेद है। बच्चे के माता-पिता को उसके बचे जीवन के स्थायी इलाज के लिए एक बार इंटरवेंशन प्रक्रिया को करवाने की सलाह दी गई।

बाल रोग विशेषज्ञों ने जन्मजात हृदय की बीमारी को ठीक करने के लिए प्रक्रिया को अंजाम दिया। यह पूरी प्रक्रिया आधे घंटे चली। बच्चे को सिर्फ प्रक्रिया के दौरान ही बेहोश किया गया था। इस दौरान कोई वेंटिलेटर की जरूरत नहीं पड़ी। प्रक्रिया के तुरंत बाद हृदय के कामकाज में सुधार देखने को मिला। उसके हृदय का आकार नॉर्मल हो गया। प्रक्रिया के एक घंटे बाद बच्चा पूरी तरह से होश मे आ गया और वह फिर दूध भी पीने लग गया था।

### समय पर उपचार नहीं होता तो रुक सकती थी हृदय गति

**डॉ. दीपक** ठाकुर के मुताबिक अगर बच्चे में बीमारी का इलाज लंबे समय तक नहीं होता तो उसकी हृदय गति रुकने की संभावना भी बहुत ज्यादा थी। पेटेंट डक्टस आटेरीओसस एक प्रकार की हृदय की समस्या होती है। इस बीमारी को आसान भाषा में दिल में छेद के रूप में जाना जाता है। जन्मजात हृदय बीमारी होने पर बच्चों के हृदय के आकार या कामकाज में समस्या आ जाती है। यह समस्या होने से हृदय, फेफड़ों और शरीर के माध्यम से खून का प्रवाह प्रभावित होता हैं। इस वजह से सांस लेने में कठिनाई, अपर्याप्त वजन बढ़ना, शरीर का नीला पड़ना, दूध पीने में कठिनाई होना, हार्ट डिस्फंक्शन, हाई ब्लड प्रेशर और असामान्य दिल को धड़कन जैसे लक्षण महसूस होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेकथ्रू संस्था विद्यार्थी मेले में दे रही शिक्षा और सामाजिक ज्ञान



सोहना के गांव लाला खेड़ली के राजकीय स्कूल में ब्रेकथ्रू संस्था के कलाकार नाटक करते हुए।

**सोहना।** ब्रेकथ्रू संस्था अब राजकीय स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटक सरला मुनिया के सपनों की दुनिया का प्रदर्शन करके समुदाय को जागरूक कर रही है और चर्चा में माता-पिता को शामिल करेंगे। जिसका उद्देश्य समाज में किशोरियों की शिक्षा के बारे में जागरुकता करना है। ब्रेकथ्रू संस्था गुरुग्राम जिले के सोहना ब्लॉक के खेरली लाला व अभयपुर के राजकीय स्कूलों में नुक्कड़ नाटक समेत अन्य कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक करने कार्य कर रही है। संस्था ने अभियान शुरुआत 12 अगस्त को पटौदी ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरगढ़ स्कूल और गांव स्तर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर किशोर-किशोरी मेले का शुभारंभ कर की थी। संस्था इस वर्ष किशोर-किशोरी मेला -( बड़ी सी आशा, सपनों की बात, समुदाय के साथ) यह थीम लेकर चल रहे हैं, जिसमें हम समाज में किशोरियों की शिक्षा के बारे में जागरुकता पैदा कर रहे हैं ताकि वे स्कूल, कॉलेज वापस आ सकें। संस्था अगस्त के महीने में हरियाणा के 125 ग्राम पंचायतों में 25 हजार छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता और समुदायों व स्कूलों में किशोर-किशोरी मेला आयोजित करेंगे। हम कम उम्र में शादी, लड़कियों की शिक्षा के मूल्य और लड़कियों की आकांक्षा के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक सरला मुनिया के सपनों की दुनिया का प्रदर्शन करके समुदाय को जागरूक कर रहे हैं और चर्चा में माता-पिता को शामिल किया जा रहा है।

### कक्षा 12वीं का छात्र संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** खंड के गांव गढ़ीबाजीदपुर में घर से स्कूल गया 17 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालात में लापता हो गया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर 22वीं कक्षा के छात्र लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी थाना क्षेत्र का गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी सुखदेव ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की सुबह उसका बेटा अर्सखान गांव में स्थित निजी स्कूल में पढ़ने के लिए गया था, लेकिन वह स्कूल में नहीं पहुंचा और न ही शाम तक घर आया। उसके विषय में उसने अपनी सभी रिश्तेदार और जानकार से पता करने पर भी सुराग नहीं लग सका है। भोंडसी पुलिस ने लापता छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को वषज़् 2023 के लिए सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आपदा प्रबंधन पुरस्कार हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर घोषित किया जाता है। कोविड महामारी, बाढ़, भूकंप, अग्निकांड जैसी विपदा के समय पीड़ितों के पुनर्वास व सहायता के लिए जो संस्थाएं या सामाजिक कार्यकर्ता सेवा करते हैं, उनको इस आवेदन के योग्य माना गया है। वर्ष 2023 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 31 अगस्त, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी और ऑनलाइन आवेदन फार्म वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर के दोनों ओर यू-टर्न व नीचे पार्किंग बनाएं : सुधीर सिंगला

### विधायक ने अतुल कटारिया चौक पर बने फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

### दुकानदारों की समस्या का समाधान करने पर दुकानदारों ने किया स्वागत व धन्यवाद



गुरुग्राम में अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर का दौरा करते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को अतुल कटारिया चौक पर अंडरपास, फ्लाईओवर व सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-14 के दुकानदारों को सड़क के आउट-ले से आ रही समस्याओं को भी सुना और उनकी समस्या का निराकरण किया। इस खुशी में दुकानदारों ने विधायक सुधीर सिंगला को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत और धन्यवाद किया। इस दौरान जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर बनाए गए फ्लाईओवर का निरीक्षण करने के बाद बीते सप्ताह मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फ्लाईओवर को उद्घाटन से पहले ही आम जनता के लिए खुलवा दिया था, ताकि यातायात संचालन में किसी तरह की दिक्कत ना आए। इसका उद्घाटन बाद में किया जाएगा। शनिवार को विधायक ने इस साइट का दौरा किया। उन्होंने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का पूरा होने का जायजा लिया। इस दौरान सेक्टर-14 के दुकानदार भी वहां पहुंचे।

दुकानदारों ने विधायक सुधीर सिंगला को बताया कि फ्लाईओवर के आगे सड़क के ले-आउट से उन्हें दिक्कत आ रही है। वाहनों को फ्लाईओवर के नीचे से यू-टर्न लेकर आना होगा। साथ ही फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह में अगर पार्किंग बना दी जाए तो मार्केट में पार्किंग की समस्या भी दूर होगी। विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लाईओवर के दोनों ओर यू-टर्न बना दिए जाएं, ताकि वाहन चालकों को अगर मुड़ना हो तो वे फ्लाईओवर से पहले ही मुड़ जाएं। इसी तरह से फ्लाईओवर के नीचे वाहनों के लिए पार्किंग भी बनाई जाए।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में पार्किंग की बहुत जरूरत है। सेक्टर-14 मार्केट भी अति व्यस्त मार्केट है। यहां पर पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए। जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल को उन्होंने कहा कि ये दोनों कार्य जल्द से जल्द पूरे कर लिए जाएं, ताकि दुकानदारों और आम जनता को राहत मिल सके। विधायक के इस निर्देश के साथ ही दुकानदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। इलाके के दुकानदारों में कृष्णा फर्नीचर से अतुल कटारिया व्यापार मंडल के प्रेसिडेंट महेश गोयल, गिरीश गुप्ता प्रशासनिक एडवाइजर, सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, नीरज पीसीएल संचालक, मनजीत दशान, राजकुमार कटारिया, कृष्ण कुमार, अजय कुमार समेत अन्य दुकानदारों ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद करते हुए उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। एक बुजुर्ग दुकानदार द्वारा पहनाई जा रही माला को विधायक सुधीर सिंगला ने वापस उनके गले में ही पहनाकर आत्मीयता का परिचय दिया। इस निरीक्षण के दौरान जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल के अलावा एक्सईएन विकास मलिक के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस और ऑटो यूनियन के साथ मिलकर चलाएंगे जागरुकता अभियान



गुरुग्राम में ऑटो चालकों की समस्याओं का समाधान कराने पर नवीन गोयल का स्वागत करते यूनियन प्रतिनिधि।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम की सभी ऑटो यूनियन से अनुरोध किया है कि वे यातायात के नियमों का पालन करें, ताकि किसी तरह की दिक्कत ना आए। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस और ऑटो यूनियन के साथ मिलकर जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। यह बात उन्होंने शनिवार को ऑटो चालकों के साथ बैठक करते हुए कही।

नवीन गोयल ने कहा कि अगर ऑटो चालक नियमों का पालन करके चलेंगे तो उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत यातायात पुलिस की तरफ से नहीं आएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑटो चालक अपनी बिगड़ी छवि सुधारने का भी काम करें। यात्रियों के साथ सभ्य व्यवहार करें। पर्यावरण में सुधार के लिए भी नवीन गोयल ने ऑटो यूनियन से सरकार, प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। इसके लिए ई-ऑटो प्रणाली को अपनाएं। इस दौरान ऑटो चालक यूनियन प्रतिनिधि एवं जिला सतर्कता एवं निगरानी कमेटी के सदस्य नरेश नीमवाल ने यूनियन के सदस्यों के साथ नवीन गोयल का उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नरेश नीमबाल नंबरदार बादशाहपुर के साथ सतवीर प्रधान, फूल सिंह प्रधान बादशाहपुर, हरिओम पंडित बादशाहपुर, सदन प्रधान, मुकेश प्रधान, हाईवे प्रधान दयाचंद तिगरा, समसपुर से अजीत कश्यप, श्याम सुंदर प्रधान दौलताबाद, सत्य कश्यप बादशाहपुर, सौरव नीमबाल, पारस बक्शी, रणजीत सिंह बादशाहपुर, जयप्रकाश प्रधान भोंडसी, राजू प्रधान डूंडाहेड़ा, रोहित प्रधान इस्लामपुर, धर्म पंडित हयातपुर और सुभाष प्रधान बादशाहपुर मौजूद रहे।

# विदेश भेजने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से रहें सावधान

### सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए करें संपर्क

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने आमजन विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें।

उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे में लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि अक्सर देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उपायुक्त ने कहा कि अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं।

# वंचित बच्चों के साथ मिलकर लगाए पौधे, बांटे थैले

### बच्चों को फलदार और सब्जियों के पौधे भी किए वितरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को सेक्टर-51 स्थित फ्री पाठशाला एनजीओ परिसर में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के साथ पौधारोपण करके हरियाली का संदेश दिया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा बच्चों को अनार, अमरूद के साथ सब्जियों के पौधे भी वितरित किए। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ पौधारोपण किया और पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।



गुरुग्राम के सेक्टर-51 में वंचित बच्चों की खुले मैदान में पाठशाला स्थल पर बच्चों के साथ पौधारोपण करते नवीन गोयल व शिक्षिकाएं।

श्री गोयल ने बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों और अध्यापिकाओं को जूट के थैले भी वितरित किए। साथ ही सरस्वती शाखा की संयोजिका रीमा नारंग ने बच्चो को स्वयं रचित कविताओं के माध्यम से अच्छी आदतों का ज्ञान करवाया गया। इस अवसर पर एनजीओ संयोजिका बबली यादव के अलावा अध्यापिकाएं रेनू, संजना शर्मा, भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा सह संयोजिकाएं अभीप्सा अभिनंदन, शिक्षा नागरवाल ने नवीन गोयल का आभार जताया। इस दौरान कैनविन फाउंडेशन से लोकेश नारंग, अनुज यादव, वंशिका ने बच्चों को जागरुक किया।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का उल्लंघन करने पर हो सकता है वाहन का पंजीकरण रदद

### गुरुग्राम में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को सख्ती से लागू किया जाएगा : निशांत कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की मासिक बैठक में राज्य सरकार की सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट कहा कि पॉलिसी में दिए गए सभी प्रावधान स्कूल वाहनों में होने जरूरी हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि आकस्मिक तौर पर एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में स्कूल वाहनों की चेकिंग करें और अगर किसी स्कूल के वाहन में पॉलिसी के अनुसार प्रावधान नहीं पाए जाते हैं तो उस पर जुर्माना करें। उन्होंने कहा कि बार-बार कोताही पाए जाने पर उस स्कूल वाहन का पंजीकरण भी रद्द किया जा सकता है।

उपायुक्त ने सभी एसडीएम से स्कूलों की चेकिंग की रिपोर्ट तलब की। गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र में 5 स्कूलों में जाकर स्कूल वाहनों की चेकिंग की जिसमें कमियां पाए



जाने पर दो के चालान भी जारी किए गए। इसी प्रकार पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने पिछले एक महीने में एक स्कूल के वाहन का चालान किया और 6 स्कूलों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुसार प्रावधान करने के लिए नोटिस जारी कर 15 दिन का समय दिया है।

बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव ने बताया कि उन्होंने आकस्मिक तौर पर सड़क पर स्कूल वाहनों की चेकिंग की और 17 स्कूल बसों के चालान किए। चेकिंग के दौरान पाया गया कि स्कूल वाहन सफेद रंग के थे और उनमें परदे लगे हुए थे जबकि पॉलिसी के अनुसार स्कूल वाहन पीले रंग के होने चाहिए और उनमें परदे लगाना भी नियमों का उल्लंघन है। उपायुक्त निशांत यादव ने कहा कि वे जिला के सभी स्कूलों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना सुनिश्चित करने के बारे में पत्र भी लिखेंगे।

# शारदा अस्पताल 29 अगस्त से 3 सितंबर, 2022 तक शारदा स्मृति स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगा

### इस छह दिवसीय शिविर में मोतियाबिंद, श्रवण दोष, मिर्गी, यकृत (लीवर), महिलाओं में कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, कोरोनरी हृदय रोग और मधुमेह तथा गुर्दे की बीमारी के लिए मुफ्त परामर्श और जांच शामिल होगी

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

**शारदा** विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और उप कुलाधिपति की स्वर्गीय माताश्री, शारदा देवी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शारदा अस्पताल वार्षिक शारदा स्मृति स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने जा रहा है। कैंप 29 अगस्त से 3 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

छह दिवसीय शिविर के अंतर्गत, अस्पताल मोतियाबिंद जांच शिविर, श्रवण दोष शिविर, मिर्गी शिविर, महिलाओं में कैंसर की जांच, कोरोनरी हृदय रोग की जांच, और मधुमेह / गुर्दे की बीमारी की जांच शिविर मुफ्त पंजीकरण और परामर्श आयोजित करेगी। शिविर में अस्पताल के संबंधित विभाग पोस्टर प्रस्तुतियों, जनसंपर्क और संचार के माध्यम से स्वास्थ्य जानकारी भी प्रदान करेंगे। शिविर के आयोजन के पीछे निहित विचार पर प्रकाश डालते हुए शारदा अस्पताल के उपाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने कहा, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा को लोगों के लिए सुलभ और सस्ती बनाने के लिए की गई शारदा अस्पताल की स्थापना के पीछे प्रेरणा मेरी दादी श्रीमती शारदा देवी जी की करुणा और सहानुभूति की शिक्षा ही है। उनकी याद में आयोजित इस शिविर का लक्ष्यकुछ गंभीर बीमारियों के बारे में जागरुकता पैदा करनाऔर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त जांच और परामर्श प्रदान करना है, जो या तो ऐसी सुविधाओं सेअनजान हैं या उनका उपयोग करने में आर्थिक रूप से असमर्थ हैं।

गंभीर रोगों के उपचार में परीक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए शारदा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आदेश के. गडपयले ने कहा, कई जानलेवा बीमारियां सही समय पर जानकारी मिलने पर ठीक हो सकते हैं। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में कैंसर और कोरोनरी हृदय रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों के लिए उपलब्ध जांच और परीक्षण सुविधाओं के बारे में जागरुकता पैदा करना है। मुझे उम्मीद है कि बहुत से लोग अपने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानने के लिए इस मुफ्त जांच और परामर्श के अवसर का लाभ उठाने के लिए इस शिविर में आएंगे।

शिविर का कार्यक्रम

29 अगस्त मोतियाबिंद जांच शिविर नेत्र विज्ञान ग्राउंड फ्लोर, डी-ब्लॉक। 30 अगस्त श्रवण दोष शिविर ईएनटी पहली मंजिल, डी-ब्लॉक। 31 अगस्त मिर्गी शिविर चिकित्सा और तंत्रिका विज्ञान पहली मंजिल, डी-ब्लॉक में होंगे।

# अतिक्रमण हटाने को ट्रैफिक पुलिस के संग चलाएंगे अभियान

### जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** शहर में सड़कों पर खड़ी होने वाली रेहड़ियों तथा वाहनों आदि को हटाने का अभियान गुरुग्राम ट्रेफिक पुलिस तथा गुरुग्राम नगर निगम मिलकर चलाएंगे। शहर की सड़कों को जाम मुक्त करके यातायात के लिए सुगम बनाएंगे। यह निर्णय जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने की।

इस बैठक में गुरुग्राम जिला में पड़ने वाले महत्वपूर्ण चौराहों के सुधारीकरण तथा बारिश के बाद अब सड़कों की मरम्मत व रखरखाव से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया




जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की मासिक बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

कि गुरुग्राम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा, उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। चर्चा में जोर इस बात पर रहा कि किस प्रकार से गुरुग्राम वासियों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया जाए और पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा प्रदान करने के साथ साथ यातायात आवागमन भी सुचारू हो। शहर के इन मुख्य चौराहों का होगा सुधारीकरण

बैठक में बताया गया कि एमडीआई चौक के सुधारीकरण का कार्य राहगिरी फाउंडेशन के सुझावों के अनुरूप शुरू कर दिया गया है। इस चौक पर पैदल यात्रियों को चौक पार करने तथा एमडीआई की तरफसे अतुल कटारिया चौक की तरफ जाने के लिए यातायात व्यवस्था ठीक करने का ट्रायल किया गया था, जिस के सफल होने के बाद अब इस चौक के सुधारीकरण का कार्य जीएमडीए द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार इफको चौक पर स्प्रिन्ग बोलार्ड लगाकर तथा ऑटो रिक्शा खड़े करने की जगह निर्धारित करके इफको चौक के इस मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का सुधारीकरण किया जाएगा।

शंकर चौक पर भी पैदल तथा साइकिल यात्रियों की सुविधा के लिए डीएलएफ के सहयोग से फुटओवर ब्रिज बनवाया जाएगा। राहगीरी फाउंडेशन ने इस चौक पर टोपोग्राफिक सर्वे पूरा कर लिया है। हीरो होंडा चौक पर भी स्प्रिंग बोलार्ड लगाकर उसका सुधारीकरण किया जाएगा। पिछले दिनों उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को साथ लेकर एमडीआई चौक, इफको चौक, शंकर चौक, हीरो होंडा चौक तथा गोल्फ कोर्स रोड का मौके पर जाकर मुआयना किया था।

मौका देखने के बाद इन भीड़-भाड़ वाले चौराहों पर पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा देने और यातायात आवागमन सुचारू करने के लिए निर्णय लिए गए थे। बताया गया कि गोल्फकोर्स रोड पर साइनेज लगाने जीएमडीए ने शुरू कर दिए हैं। खुशबू चौक के सुधारी करण का कार्य पूरा कर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धनकोट बाईपास की नहर के साथ बनी हुई सड़क का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, जो लगभग 3 महीने में पूरा होगा।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा फरीदाबाद रेलवे स्टेशन



फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की विधायक सीमा त्रिखा द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो।

## बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सोशल मीडिया पर शेयर की फोटो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** सीमा त्रिखा ने अपने फेसबुक पर सोशल मीडिया के माध्यम से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश फोटो शेयर की है। जिसमें उन्होंने पीएम और सीएम का धन्यवाद किया है। उन्होंने लिखा है कि फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की अत्याधुनिक तस्वीर जल्द ही ऐसी होगी। यह रेलवे स्टेशन बिल्कुल मेट्रो स्टेशन से भी बेहतर दिखाई देगा। इसका डिजाइन तैयार हो गया है। वहीं उनके द्वारा डाली गई पोस्ट पर कमेंट्स की बरसात हो गई है, जिसमें कहा है कि सुपर से भी ऊपर वहीं एक अन्य कमेंट में कहा है, कि फरीदाबाद का रेलवे स्टेशन अच्छा लग रहा है, यह अच्छा काम है।

प्लानिंग के मुताबिक स्टेशन के निकट एक बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी, जिसे पहले से मौजूद इमारत के साथ एलिवेटेड गलियारा बनाकर जोड़ा जाएगा। स्टेशन पर ही यात्री व अन्य लोगों को भी खरीदारी की सुविधा मिलेगी। इसके लिए शॉपिंग कॉम्पलेक्स भी तैयार किया जाएगा। इसके अलावा मल्टीलेवल पार्किंग भी तैयार की जाएगी। इस पार्किंग में 250 चार पहिया, जबकि 350 दोपहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। इस सब के अलावा नए भवन में रेलवे की ओर से यात्रियों को चिकित्सा सुविधा, एटीएम की सुविधा दी जाएगी। नया भवन दिव्यांग यात्रियों के अनुकूल होगा। यहां पर कैफेटेरिया भी होगा।

इसके अलावा स्टेशन के अंदर दो नए फुटओवर ब्रिज भी बनेंगे। साथ ही स्टेशन का अधिकतर क्षेत्र वातानुकूलित होगा। यहां जीपीएस युक्त घड़ी लगेगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिए भी कड़े इंतजाम किए जाएंगे। हालांकि स्थानीय अधिकारियों को इस बारे में जानकारी नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ शहर के लोग लंबे समय से इस रेलवे स्टेशन के तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं। स्टेशन निर्माण में पिछले लंबे समय से लगातार विभिन्न कारणों से देरी हो रही है। जिसके कारण इस दौरान लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन अब उनके इंतजार की घड़ियां खत्म होने जा रही हैं। क्योंकि स्टेशन का काम अब अंतिम चरण पर है।

# प्रधानमंत्री के जाते ही फिर बदहाल होने लगा है ग्रेटर फरीदाबाद

## रात में स्ट्रीट लाइटें भी हो गईं बंद, अस्पताल खुलने के बाद अनुयायियों को आईं दिक्कतें

कविता। फरीदाबाद



अमृता हॉस्पिटल के गेट नंबर 2 के पास के टूटे हुए मास्टर रोड का हाल।

**एशिया** के सबसे बड़े अमृता अस्पताल के खुलने से मरीजों को कुछ हद तक राहत मिल गई, लेकिन अस्पताल तक पहुंचना मरीजों और अम्मा के अनुयायियों के लिए मुश्किल भरा हो गया है। क्योंकि यहां की खस्ताहाल सड़कों से दिन में निकल पाना मुश्किल भरा हो रहा है। वहीं रात में सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों के न जलने से लोगों को वापस लौटने में दिक्कतें होती है। रास्ते पर स्थित शराब के ठेके के आस-पास भारी संख्या में गाड़ियां खड़ी होने से लोगों को परेशानी होती है। यहां बनी अस्थाई पुलिस चौकी भी अब बंद हो गई है। ऐसे में अनुयायियों में डर का माहौल है। यहां हाल ही बनी सड़कें टूटने लगी हैं। जिससे सड़क पर चलना भी दुर्भर हो गया था। जबकि यहां पीएम के आने से पहले सड़कों को चिकना बनाया गया था। ग्रेटर फरीदाबाद निवासियों ने कहा कि सड़कों पर दिन और रात में निकलना खतरे से खाली नहीं है। सभी विभागों ने दिखावे का काम किया और ठेकेदारों ने घटिया सामग्री लगाकर खानापूर्ति कर दी।



**लाइटें बंद :** ग्रेफ निवासी सतेन्द्र दुग्गल ने बताया कि वह रोजाना अमृता अस्पताल में सेवाएं देने जाते हैं। रात को दस बजे वहां से वापस आने में पसीने निकल आते हैं। यहां सड़कें सुनसान होती हैं। सड़कों पर रात में लाइटें नहीं जलतीं। ऐसे में सुनसान सड़क पर निकलना मुश्किल होता है। अस्पताल के चारों गेटों के निकट पुलिस तैनात होनी चाहिए और लाइटें लगाई जाएं तो पब्लिक को राहत मिलेगी।



**सड़कें हुईं खराब :** ग्रेफ निवासी विनीत ने कहा कि पीएम के आगमन पर अमृता हॉस्पिटल के सामने गेट नंबर दो के आसपास सड़क बनाई गई है वह सारी खराब हो गई है। सड़क के निर्माण में घोटाले का संदेह होता है। मुझे लगता है कि ठेकेदार की पेमेंट भी हो गई होगी। सड़क खराब होने से अब मरीज व अम्मा के अनुयायियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।



**नहीं झेल पाई लोड :** ग्रेफ निवासी सुमेर खत्री ने कहा कि सेक्टर 89 साथ वाली सड़क भी डेढ़ से दो साल पहले बनी थी। इस पर अभी ट्रैफिक चलना शरू हुआ है। लेकिन हैवी ट्रैफिक का लोड इसकी टॉप लेयर ले नहीं पा रही है। क्योंकि इसकी क्वालिटी बिल्कुल ठीक नहीं है। जगह-जगह से रोड अब टूटना शरू हो गया है। अभी इस रोड पर नया काम सिर्फ उसी जगह हुआ है, जहां पर इस रोड की कनेक्टिविटी पूरी नहीं हुई थी।

# सीएम फ्लाइंग ने बरामद की भारी मात्रा में पॉलीथिन बैग



मौके पर पकड़ी गई पॉलीथिन बोरे में भरी हुई को कब्जे में लेते टीम के सदस्य।

## दो स्थानों पर की थी मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने रेड, किए चालान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ते को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि फरीदाबाद में खेड़ीपुल चौक (नहरपार) के पास सब्जी मंडी पैरिश नामक व्यक्ति ने अपनी दुकान में सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन रखी हुई है। यदि मौका पर चेक किया जाए तो काफी मात्रा में स्टॉक मिल सकता है। जिसे देखते हुए टीम ने छापेमारी की तो मौके पर साढ़े तीन क्विंटल से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन टीम के सदस्यों को मिली। जिसे कब्जे में ले टीम ने चालान किए।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद ने एक सूचना के आधार पर मदन लाल सैनेटरी इंस्पेक्टर, विशाल सुपरवाइजर नगर निगम ओल्ड जॉन फरीदाबाद और स्थानीय पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खेड़ीपुल चौक से पुराना तिगांव रोड पर मंगल मार्केट सब्जी मंडी में पैरिश नागर निवासी जसाना की दुकान को चेक किया गया। जिसमें प्रतिबंधित पॉलीथिन रखी हुई मिली। करीब 62 किलोग्राम पाया गया। सेनेटरी निरीक्षक द्वारा पैरिश नागर का 25 हजार रुपये का चालान किया।

संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मकान नम्बर 350, गली नम्बर 6 इंद्रा कॉम्प्लेक्स खेड़ी रोड नहरपार फरीदाबाद पर पहुंच कर निरीक्षण किया। मौके पर मिले मकान मालिक ने अपना नाम कालीचरण बताया व निरीक्षण के दौरान दरवाजे के साथ गैलरी में करीब 12 कट्टों में प्रतिबंधित पॉलीथिन रखी पाई गई। जिनका वजन करीब 300 किलोग्राम पाया जाने पर सैनेटरी निरीक्षक ने कालीचरण पुत्र शीतल प्रसाद का 25 हजार रुपये का चालान किया।

# सफाई के बाद दोबारा शुरू हुआ वैक्सीनेशन सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बीके : मृत पशुओं की दुर्गंध से शिफ्ट करना पड़ा वैक्सीनेशन सेंटर



26 अगस्त के पायनियर में छपी खबर की कटिंग।

**एनआईटी** दशहरा ग्राउंड में पिछले कुछ समय से आवारा पशुओं के शवों को फेंका जा रहा था। जिसके कारण आसपास गंदी बदबू फैल रही थी। इसका सबसे अधिक असर बीके अस्पताल में देखने को मिल रहा था। जहां वैक्सीनेशन सेंटर तक को शिफ्ट करना पड़ गया था। वहीं यहां आयुष विभाग, ब्लड बैंक, एमआरआई सेंटर, सखी सेंटर और कंट्रोल रूम तक बदबू आ रही थी। जिस कारण कर्मचारियों व चिकित्सकों को काम करने में मुश्किल हो रही थी। इसे देखते हुए पायनियर ने 26 अगस्त के अंक में समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन और एमसीएफ ने बीके अस्पताल की दीवार के पास पड़े आवारा पशुओं के शवों को हटा दिया। जिससे अब राहत मिल गई और वैक्सीनेशन सेंटर दोबारा वहीं सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया।

**ये था मामला :** बीके अस्पताल की दीवार के साथ दशहरा ग्राउंड में किसी ने पशुओं के शवों को डालना शुरू कर दिया था। जिससे यहां गंदी बदबू आ रही थी। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लेकिन गत 25 अगस्त को अचानक से बदबू इतनी तीव्र हो गई कि अस्पताल में मौजूद वैक्सीनेशन सेंटर में बैठना कर्मचारियों के लिए दुर्भर हो गया। ऐसे में कर्मचारियों ने रूम को शिफ्ट करते हुए लोगों को रूम नम्बर 37 में वैक्सीन लगाई।

# सामाजिक संस्थाओं ने स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





सेक्टर-23 स्थित कम्यूनिटी सेन्टर में बने अस्पताल के कर्मचारियों को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता। साथ में निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना और ओमेगा ब्राइट स्टील के चेयरमैन उदय नारंग।

**करीबन** डेढ़ साल पहले कोरोना काल में जब पूरे शहर में स्थिति बिगड़ रही थी। प्राइवेट और सरकारी अस्पताल पूरी तरह से भरे हुए थे। उस समय लोगों की परेशानियों को देखते हुए तत्कालीन पार्षद जयवीर खटाना की पहल पर ओमेगा ब्राइट स्टील के चेयरमैन उदय नारंग के सहयोग से संजय कॉलोनी के जर्जर पड़े हुए कम्यूनिटी सेंटर में कोरोना पीड़ितों के लिए अस्पताल खोला गया।

करीबन 15 दिन में जर्जर हुए कम्यूनिटी सेंटर की न केवल सूरत बदल दी गई। बल्कि उसने अस्पताल भी खोल दिया गया। कोरोनाकाल खत्म होने के बाद पिछले एक साल में इसमें 600 से अधिक प्रसूताओं का सफल इलाज किया जा चुका है। वहीं अभी तक कम्यूनिटी सेंटर में बने इस अस्पताल में सभी डिलीवरी नार्मल की गई हैं। शनिवार को ओमेगा कंपनी और सामाजिक संस्था नेशनल एंटी करप्शन की ओर से अस्पताल स्टाफ और आशा वर्करों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में ओमेगा ब्राइट स्टील के चेयरमैन उदय नारंग, पार्षद जयवीर खटाना, फरीदाबाद के सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता, एंटी करप्शन क्राइम के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिश शर्मा, मार्केट के प्रधान संजीव, समाजसेवी पीपी राठौर, ब्रजभूषण शर्मा और गौंछी चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

इस मौके पर उदय नारंग ने कहा कि असली हीरो वही होता है जो मुसीबत के समय किसी के काम आता है। कोरोना काल में डाक्टरों ने साबित कर दिया कि वह ही असली हीरो हैं। डाक्टरों ने बिना घड़ी देखे हुए लगातार कई घंटों काम किया। ऐसे में वह असली सम्मान के हकदार हैं। निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना ने कहा कि यह अस्पताल कोरोनाकाल के समय कोविड मरीजों के लिए बनाया गया था। इसमें उदय नारंग का महत्वपूर्ण योगदान था। उनके सहयोग के बिना यह लक्ष्य पूरा भी नहीं हो पाता। कोविड खत्म होने के बाद अब इस अस्पताल में जरूरतमंद लोगों का इलाज किया जाता है।

# मोबाइल चोरी के आरोपी को पकड़ा

**फरीदाबाद।** आरपीएफ ने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर सो रहे एक यात्री की जेब से मोबाइल चोरी करने के आरोपी को पकड़ कर जीआरपी के हवाले कर दिया। जीआरपी उससे पूछताछ कर रही है और आरोपी से मोबाइल बरामद कर लिया है। आरपीएफ थाना प्रभारी उत्तम तोमर ने बताया कि गुरुवार को उन्होंने स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर एक ऐसे व्यक्ति को सीसीटीवी के माध्यम से पकड़ा, जिसने स्टेशन पर सो रहे एक यात्री की जेब से कुछ दिन पहले मोबाइल चोरी किया था। पुलिस को यह व्यक्ति फुटओवर ब्रिज पर दिखाई दिया। सीसीटीवी में कैद हुए व्यक्ति की पहचान कर उसे पकड़ लिया। आरोपी का नाम जितेंद्र है, जो बल्लभगढ़ का निवासी है। उसने चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस के अनुसार यह मोबाइल शैलेंद्र का है, जो की जयपुर राजस्थान का निवासी है। शैलेंद्र फरीदाबाद में कुछ दिन पहले परीक्षा देने आया था। वह परीक्षा देने के बाद वापस जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचा, लेकिन ट्रेन आने में देर थी, जिससे की वह सो गया।

# भाजपा कर रही जनता को लूटने का काम : धर्मबीर भड़ाना

## हरियाणा की भाजपा सरकार विकास के नाम पर जनता से करती है झूठे वादे : भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**शहर** के बदतर हालातों, स्मार्ट सिटी के नाम पर मचाई गई लूट और नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में शनिवार को भ्रष्टाचार का मामला उजागर करने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना एवं समस्त कार्यकर्ता वार्ड नंबर 15 से संभावित प्रत्याशी सलमा के नेतृत्व में प्रर्दशन करने पहुंचे।

आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धरमबीर भड़ाना के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सीवर के पानी में बैठकर प्रदर्शन किया। मौके पर धर्मबीर भड़ाना ने बताया कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 ओल्ड रेलवे रोड गांधी कॉलोनी क्षेत्र में करीब 200 मीटर एरिया में सीवर का पानी भरा हुआ है। यहां से लाखों लोग प्रतिदिन निकलते हैं, मगर सरकार, स्थानीय विधायक एवं पार्षद को लोगों की कोई चिंता नहीं है।

भड़ाना ने कहा कि सड़कें पूरी टूटी हुई हैं, रोड पर पानी भरा हुआ है, मगर स्थानीय विधायक और पार्षद अपनी मस्ती में मगरूर हैं और विकास के बड़े-बड़े वादे करते हैं। विधायक केवल काम कागजों में करते हैं जमीन स्तर पर कोई काम नहीं किया जाता है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा नेताओं ने अफसरों के साथ मिलकर शहर की भोली-भाली जनता के खून-पसीने की कमाई को लूटने का काम किया है। उन्होंने भाजपा सरकार की तुलना मुगलकाल से की, जहां जनता को लूटा जाता था। 400 करोड़ घोटाले में बड़े मगरमच्छों को छिपाया जा रहा है, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री, जिनके क्षेत्र में घोटाले हुए, केन्द्रीय राज्यमंत्री क्या इनकी जिम्मेदारी नहीं बनती। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को रोकने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश सरकार में शामिल मंत्रियों एवं नेताओं की शह पर अधिकारी करोड़ों रुपये कमा रहे हैं और प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री इस डर से कार्रवाई नहीं करते, कहीं उनकी ईमानदार पार्टी की छवि खराब न हो जाए।

# पशुपालन विभाग ने चलाया टीकाकरण अभियान

**फरीदाबाद।** पशुओं में फैली वायरल बीमारी लम्पी स्किन डिजीज को लेकर पशुपालन विभाग ने टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है, मुख्यता गोवंश में फैलने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग की टीम गोवंश का घर-घर जाकर टीकाकरण कर रही है इसी टीकाकरण अभियान के तहत आज गांव सदपुरा तथा नीमका में 200 गोवंश को टीके लगाए गए तथा पशुपालकों को इस बारे में बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। पशुपालन विभाग की टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर सत्येंद्र धनखड़ वीएलडी, राजबेल देसवाल वीएलडीए महेंद्र सिंह तथा स्टाफ सदस्य रिंकू, पवन, राहुल आदि ने टीकाकरण अभियान में सहयोग किया। पशुपालकों को जागरूक करते हुए वीएलडीए राजबेल देसवाल ने बताया कि मुख्यता: गोवंश में फैलने वाली लंपी स्किन डिजीज एक वायरल बीमारी है जो मक्खी, मच्छर, चिचड़ी, कीट आदि परजीवी के काटने से फैलती है तथा एक पशु से दूसरे पशु में बहुत जल्दी फैलती है।

# निर्माणाधीन सड़क का एफएमडीए ने जारी किया टेंडर


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 10 व 11** की डिवाइडिंग रोड का निर्माण पहले से ही चल रहा है। नगर निगम ने काफी पहले इसका काम शुरू करा दिया था। अब इस सड़क को बनाने के लिए एफएमडीए ने भी टेंडर आमंत्रित किए हैं। सड़क का निर्माण करने के लिए एफएमडीए ने नगर निगम के लगभग दोगुना रेट का टेंडर आमंत्रित किया है। सड़क का निर्माण करने के लिए कंपनी के ठेकेदार ने एफएमडीए को टेंडर प्रक्रिया रोकने के लिए पत्र लिखा है। वहीं, नगर निगम की तरफ से भी इस विषय में एफएमडीए को पत्र लिखा गया है।

सेक्टर 10 व 11 डिवाइडिंग रोड वाईएमसीए चौक से सर्वोदय अस्पताल की तरफ जाने वाली सड़क को सेक्टर 11 - 12 डिवाइडिंग रोड से जोड़ने का काम करती है। पिछले दिनों नगर निगम ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। एक तरफ से सड़क को सीमेंटेड बनाने का काम शुरू हुआ था। कुछ ही हिस्से में काम होने के बाद काम रुक गया था और तब से काम बंद है। सड़क पर इस समय गहरे गड्ढे बने हैं और लोगों को काफी परेशानी होती है। अब एफएमडीए ने इसके लिए दोबारा से टेंडर प्रक्रिया शुरू करा दी है। मंगला रेडिमिक्स प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से एफएमडीए अधिकारियों को पत्र लिखा गया है कि सेक्टर 10-11 डिवाइडिंग रोड का निर्माण करने की जिम्मेदारी नगर निगम ने उन्हें सौंपी हुई है। उन्होंने लगभग एक करोड़ 10 लाख रुपये का काम कर दिया है और पैसे का भुगतान करने के लिए नगर निगम के अकाउंट डिपार्टमेंट में बिल भी दिए हुए हैं। अब ऐसे में एफएमडीए ने कैसे दोबारा इस सड़क का टेंडर आमंत्रित कर दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें चार करोड़ 85 लाख रुपये का ठेका दिया था। समय पर पैसा जारी होता, तो अब तक सड़क काम पूरा हो जाता। अब इसका काम पूरा करने के लिए 30 नंबर 2022 की डेट तय की हुई है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि नगर निगम ने इस सड़क का निर्माण करने के लिए 4 करोड़ 85 लाख रुपये का काम अलॉट किया है, जबकि एफएमडीए ने इससे दोगुनी लगात लगभग 8 करोड़ 27 लाख रुपये के टेंडर आमंत्रित किए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## मां की याद में पूर्व क्रिकेटर ने किया रक्तदान



**फरीदाबाद।** पृथ्वी पर मां को ईश्वर का रूप कहा जाता है क्योंकि दुनिया में इंसान मां के उपकारों को कभी नहीं भुला सकता, आज के युग में ऐसे भी लोग हैं, जो अपनी माताश्री के बताए हुए मार्ग पर चलकर मानवहित के कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही शख्सों में से एक हैं पूर्व रणजी क्रिकेटर व आलोचक संजय भाटिया, जिन्होंने अपनी माता सुंदर कौर भाटिया के देहांत के बाद उनकी याद में आज 50 दिन पूरे होने पर रक्तदान किया। सूरजकुंड फरीदाबाद में सुप्रीम हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाए इस शिविर में भाटिया ने रक्तदान करके लोगों को भी इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। संजय भाटिया ने कहा कि जन्म के वक्त नाम नहीं होता है, मात्र सांसें होती हैं और मृत्यु के समय नाम होता है पर सांसें नहीं होती, इन्हीं सांसों और नाम के बीच की यात्रा को जीवन कहते हैं और इस जीवन को अच्छे कार्य में लगाना चाहिए। उनकी माताजी ने सदैव उन्हें समाजहित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया, यही कारण है कि उनके जाने के बाद भी वह उनके आदर्शों पर चलकर रक्तदान जैसा नेक कार्य कर रहे हैं।

## बाहरी लोगों के आवागमन से खेल परिसर में माहौल बिगड़ा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में बाहरी युवाओं को रोकने का खामियाजा खिलाड़ी व एथलीट कोच को भुगतना पड़ा। कोच समेत खिलाड़ियों के खिलाफ शिकायत कर दी गई। इससे खिलाड़ियों में रोष है। उन्होंने मांग उठाई है कि बाहरी लोगों के यहां आने पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। क्योंकि इससे खिलाड़ी व कोच के साथ मारपीट करने व अभद्र व्यवहार करने की शिकायत अक्सर आती हैं। इसबारे में विस्तार से जानकारी देते हुए खिलाड़ियों ने बताया कि कोच खेल परिसर में काफी खिलाड़ियों को प्रैक्टिस कराते हैं। उस समय बाहर के युवा भी प्रैक्टिस करने के बहाने आते हैं। कई बार इन युवाओं के साथ प्राइवेट अकैडमी चलाने वाले लोग भी आते हैं। ये लोग खिलाड़ियों के साथ गाली-गलौच करते हैं, लेकिन इस बार खेल परिसर में बाहरी युवाओं से उस वक्त कहासुनी हो गई, जब एथलीट कोच डॉ. धर्मेंद्र ने उनसे ग्राउंड से बाहर जाने के लिए कहा, पर उन्होंने कोच से गाली-गलौच की जिससे की खिलाड़ियों पर यह बात सहन नहीं हो पाई और खिलाड़ी उन्हें पकड़ने के लिए भागे। खिलाड़ियों को देखकर युवा भागने लगे, लेकिन खिलाड़ियों ने उन्हें पकड़ लिया पर वे युवा खिलाड़ियों पर भारी पड़े। हालांकि दोनों ओर से मारपीट हुई। दोनों ओर से कई घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस घटना की जानकारी थाना सेंट्रल पुलिस को दी गई। इससे की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया है। बताते हैं कि दोनों पक्षों में समझौते की बात हो रही है। डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह का कहना है कि बाहरी खिलाड़ियों को रोका जा रहा है। अब पुलिस भी कई बार खेल परिसर में आती है।

## भागवत कथा में धूमधाम से हुआ कृष्ण-रुक्मणी विवाह



**फरीदाबाद।** श्री संकट मोचन हनुमान मंडल कैलीधाम द्वारा आयोजित भागवत में श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विवाह उत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों में भक्त जमकर झूमे। कथा व्यास महावीर प्रसाद वशिष्ठ ने कहा कि रुक्मणी भगवान की माया के समान थी रुक्मणी ने मन में यह निश्चय कर लिया था कि भगवान श्री कृष्ण ही मेरे योग्य पति है। आगे उन्होंने बताया महारास के पंच गीत भागवत के पांच प्राण हैं। जो भक्त भाव के साथ इनको सुनता है, वह भाव से पर हो जाता है। मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ ने बताया कि कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, उद्धव गोपी संवाद एवं रुक्मणी विवाह आदि प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया गया। मंदिर के वरिष्ठ सदस्य प्रफुल्ल शर्मा ने बताया कि जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है, यदि कोई कमी रहती है, वह संकल्प करने मात्र से प्रभु, निश्चित रूप से पूरा कर देते हैं। भाव विभोर होकर ललित गर्ग ने बताया कि रुक्मणी विवाह का प्रसंग श्रद्धा से सुन ने मात्र से घर में सुख-शांति व सुखद दाम्पत्य जीवन जिया जा सकता है। शहर के गणमान्य लोगों ने भी भगवान के दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। हिमांशी बंसल और सुरुचि शर्मा, कृष्ण और रुक्मणी की भूमिका में नजर आई, जिन्हें सब ने खूब सराहा। हिमांशी बंसल और सुरुचि शर्मा इस भूमिका को निभा करके काफी खुश नजर आ रही थीं। उन्होंने बताया कि हमें इस भूमिका को निभा करके बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि हमें संस्कार और संस्कृति को जीवंत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। हम सबको भागवत को अपने जीवन का अंश बनाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुकेश वर्मा, मनमोहन शर्मा, मदनमोहन बंसल, ब्रज बिहारी त्रिवेदी, घीसाराम खंडेलवाल, भंवर लाल शर्मा, अरविंद शर्मा, पवन जोशी, शंभू नाथ पांडे, अशोक रावत, देव चंद सैनी ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के प्रधान पवन वशिष्ठ ने आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और बताया कि आगामी रविवार को यज्ञ और भंडारे का आयोजन होगा और शहर के सभी वासियों को आमंत्रित किया गया है।

## श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का समापन

**फरीदाबाद।** तिगांव में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह कथा के समापन में बतौर अतिथि सतवीर वर्मा नम्बरदार ने शनि मंदिर में श्री हरी के चरणों में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। शनिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंदिर में सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने समाजसेवी सतबीर वर्मा नम्बरदार का पटका एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सतवीर वर्मा नम्बरदार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सारे संसार को तारने वाले भगवान श्री कृष्ण हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने ही वासुदेव कुटुम्बकम का संदेश दिया था, यानि धरती पर जितने भी जीव हैं, सभी एक समान हैं। यहां, तक कि उसमें पशु, पक्षी व अन्य जीव भी शामिल हैं। भगवान श्री कृष्ण ने यह संदेश दिया है कि इंसान को न्याय की नीति का पालन करना चाहिए और धर्म का पालन करना चाहिए। कहा कि बिना ज्ञान के कुछ भी प्राप्त नहीं होता है और यह ज्ञान हमें गुरु से प्राप्त होता है। इसलिए हमें गुरु की शरण में जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अध्यात्म में शरणागति चरम और सरल उपाय है। भगवान कृष्ण ने गीता में अर्जुन को कर्मयोग, भक्तियोग, ज्ञानयोग के बारे में बताया लेकिन अर्जुन के समझ नहीं आया लेकिन जब भगवान ने उसे शरणागति के बारे में बताया और उसके मोक्ष की जिम्मेदारी ली, तब अर्जुन ने युद्ध प्रारम्भ किया। नम्बरदार ने बताया कि इस जीवन में हमारा कर्म पर अधिकार है लेकिन फल पर नहीं है, लेकिन जब आप भगवान की शरणागति ले लेते हैं तब आपको कर्म का फल अवश्य ही मिलता है, उसके लिए चिंता नहीं करनी है। इस मौके पर उन्होने कामना की, कि भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद एवं कृपा सब पर बनी रहे। नम्बरदार ने मंदिर कमेटी को सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी और इस मौके पर उनके साथ जयकिशन वर्मा, बाबू लाल शर्मा, श्याम सुंदर, बाल किशन, अतर सिंह, पंडित लखन, दया नागर, सचिन वर्मा सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तीन वर्ष से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना धौज प्रबंधक की मांगर पुलिस चौकी इंचार्ज टीम ने अवैध हथियार के मामले में 3 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रविंद्र है जो पानीपत के गांव छाजपुर का रहने वाला है। आरोपी वर्ष 2016 में अपने साथी के साथ अवैध हथियार के साथ थाना तिगांव के क्षेत्र में गिरफ्तार हुआ था। आरोपी के साथी की मृत्यु हो चुकी है। आरोपी वर्ष 2019 से माननीय अदालत में पेश न होकर फरार चल रहा है। आरोपी के खिलाफ थाना तिगांव में उद्घघोषित अपराधी की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मांगर पुलिस चौकी टीम ने आरोपी को रैकी कर पानीपत से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खेती का काम करता है।

# बनारस में गंगा के साथ वरुणा भी उफान पर

## पिछले पांच वर्ष का टूटा रिकार्ड, दोनों नदियों से आए बाढ़ के कारण सैरयां, ढेलवरिया, नक्की घाट और शैलपुत्री क्षेत्र में हालात भयावह

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी






**वाराणसी** में गंगा ऊफान पर हैं। मध्यरात्रि में गंगा ने खतरे का निशान पार किया। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर रात में 12 बजे 71.29 मीटर पर पहुंच गया। बनारस में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का जलस्तर रात में 12 बजे 71.29 मीटर पर पहुंच गया। बनारस में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।जिला प्रशासन ने सभी आलाधिकारियों को ग्राउंड में जाकर हालात का जायजा लेने का दिया निर्देश। गंगा में अभी और बढ़ोतरी की आशंका है। वाराणसी में पिछले 5 वर्ष का रिकॉर्ड टूट गया है। गंगा के साथ वाराणसी में वरुणा भी उफान पर है।गंगा किनारे रहने वालों के मकान और घाट बाढ़ में डूब गए हैं। सामने घाट साईं मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि एक सप्ताह से घर में पानी घुसा है। गृहस्थी का सामन घर में छोड़कर रिश्तेदारों के यहां रहना पड़ रहा है। वहीं, गंगा का जलस्तर बढ़ने से अस्सी मार्ग पर बाढ़ का पानी पहुंचा।गंगा और वरुणा नदी में आए बाढ़ के कारण सैरयां, ढेलवरिया, नक्की घाट और शैलपुत्री क्षेत्र में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। कहीं नाव नहीं मिल रही तो कहीं घर में फंसे लोग भोजन व दवा और पानी का इंतजार कर रहे है। बुजुर्गों, बच्चों की जान आफत में है। नगवां में लोगों के घरों में घुसा बाढ़ का पानी। लोगों के घरों में तीन से चार फीट तक पानी भरा है। तो वहीं किसी-किसी का घर तो पूरी तरह से बाढ़ में डूब चुका है। ऐसे में लोगों ने घर की छत और टेंट डालकर मैदानी इलाकों में शरण लिए हुए हैं। अस्सी मार्ग पर बाढ़ का पानी पहुंचने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ में फंसे स्वामी नारायण नंद तीर्थ वेद विद्यालय संत रविदास घाट के 10 छात्र और दो शिक्षक सहित कुल 12 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। एनडीआरफ की टीम ने सभी को बोट के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचायाशहर में गंगा खतरा बिंदु पार करने के बाद अब गली मोहल ?लों में जा पहुंची हैं। गंगा में बाढ़ की वजह से पानी वरुणा में पलट प्रवाह के हालात पैदा कर चुका है। जिसकी वजह से दर्जन भर से अधिक मोहल ?लों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ का पानी अब पलायन की विवशता पैदा कर रहा है। तटवर्ती मोहल ?लों में कई म ?कान आधी मंजिल तक डूब चुके हैं। इस वजह से अब गंगा और वरुणा की बाढ़ से पलायन के हालात पैदा हो चुके हैं। गंगा में बाढ़ से आफत रू गंगा का पानी मारुति नगर कालोनी सहित ज्ञान प्रवाह क्षेत्र के कई मोहल ?लों में प्रवेश का चुका है। इसकी वजह से गंगा का पानी अब सड़कों पर यातायात भी बाधित कर रहा है। गंगा में बाढ़ से आफत रू अब सड़कों पर पानी तमाम क्षेत्रों में आने की वजह से दुश ?वारियों ने सिर उठा लिया है। माना जा रहा है कि बाढ़ का पानी और फैला तो कई नए इलाके भी बाढ़ की जद में आ सकते हैं।

# अमेठी अब किसी की जागीर नहीं: स्मृति

नीरज सिंह। अमेठी

**केंद्रीय मंत्री** एवं अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची प् करीब 170 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करने के अवसर पर जिले के सूखी बाजीगर में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के तहत खेल का मैदान हो या अमृत सरोवर होए या पेयजल से 26 पाइपलाइन बिछाने का कार्य या फिर 116 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत सड़क हो या कुपोषित बच्चों के लिए या फिर बच्चों को दिए जाने वाले लैपटॉप योजना आज कार्यक्रम में जामों की जनता को करीब 170 करोड़ रुपये की सौगात दी जा रही है प् सड़क अस्पताल पेयजल जैसी मूलभूत योजनाएं योगी जी और मोदी जी की सरकार मैं धरातल पर पहुंच रही हैं प् श्रीमती ईरानी ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पूर्व अमेठी कुछ और थी आज अब कुछ और है प् अमेठी को सत्ता की जागीर समझते थे लेकिन अब सेवा का मार्ग प्रशस्त है प् जिले में 1736



## जामों की जनता को करीब 170 करोड़ रुपये की सौगात दी

कुपोषित बच्चे हैं समाज से संकल्प लेना चाहती हूं कि समाज के लोग इसमें आगे बढ़कर इन कुपोषित बच्चों की सहायता करें जिससे खेल के मैदान में कोई भी कुपोषित बच्चा नहीं सुपोषित बच्चा खेले और प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करें प् इस अवसर पर कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री व विधायक सुरेश पासी पूर्व विधायक तेजभान सिंह चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी भी संबोधित किया प् मुख्य विकास अधिकारी रामकोला थाना पुलिस कप्तान इला मारन जी उदय भान सिंह बबलू सविता सिंह राजेश मसाला विजय गुप्ता शिव कुमार सिंह अभिषेक सिंह सुधांशु शुक्लाए दया शांकर यादवए बेबी सिंह सिंह मौजूद रहे। वहीं शनिवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अपने संसदीय क्षेत्र के जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र की सीमा में स्थित 1858 की जंग ए आजादी में अंग्रेजो की सेना के विरूद्ध लड़ते हुए शहीद करीब छ सौ से अधिक अमर शहीदों की याद में बने अमर शहीद भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी के साथ पहुंचकर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए याद किया ।इसके बाद शहीद स्मारक से पश्चिम कुछ दूरी पर नवनिर्मित कादुनाला वेटलैंड संरक्षण एवं इको पर्यटन स्थल पर पहुंचकर सबसे पहले फीता काटकर लोकार्पण किया ।लोकार्पण कार्यक्रम के बाद वेटलैंड संरक्षण एवं इको पर्यटन स्थल परिसर में बरगद पीपल पाकड़ सहित वृक्षों का रोपण किया ।इस दौरान उन्होंने करीब 30 मिनट तक वेटलैंड एरिया का भ्रमण करते हुए पार्क हुए कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए स्थानीय सांसद व केंद्रीय महिला बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि देश आज जब आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में मनाया जा रहा है तो वहीं शहीदों की स्थली कादूनाला के आसपास के वन्य क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है ।

## आरेडिका में 87 वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 29 से 31 अगस्त तक 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनषिप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न रेलवे जोन के लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेने आ रहे हैं। इस चैंपियनषिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी सामिल हो रहे हैं एवं वे चैंपियनषिप का मुख्य आकर्षक रहेंगे, इनमें प्रमुख नाम हैं बाहदुर प्रसाद, सुधा सिंह एवं लिजो डेविड आदि। इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगाए और खेलों के संबंध में गम्भीर समझ का विकास होगा।आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने.खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्षन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके।

## पूर्व एमएलसी हाजी इक्बाल और उसके भाई पर जमीन कब्जाने का मामला दर्ज

**सहारनपुर।** जिले मे मिर्जापुर थाने की पुलिस ने बहुजन समाज पार्टी (बसपास) से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रहे हाजी इक्बाल और उनके भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली के खिलाफ एक महिला की जमीन कब्जा करने और धमकी देने के आरोप मे मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसी प्राथमिकी मे इक्बाल के तीन बेटों और वकील पर जमीन लौटाने के एवज मे महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने वकील जीशान को गिरफ्तार कर लिया है जबकि इक्बाल के तीन बेटे जावेद, अलीशान, अफ्जल और भाई पहले से ही जेल मे है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विपिन टाडा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि महिला ने यह मामला मिर्जापुर थाने मे दर्ज कराया है। टाडा ने महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से बताया कि उसने वर्ष 2011 मे एक जमीन मिर्जापुर पोल मे खरीदी थी लेकिन वर्ष 2012 मे हाजी इक्बाल, उसके भाई महमूद अली ओर पुत्रो ने उस जमीन पर कब्जा कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोप के मुताबिक वर्ष 2016 मे हाजी इक्बाल के पुत्र जावेद, अलीशान ओर उसके वकील जीशान ने महिला को जमीन वापस देने के नाम पर एक विश्वविद्यालय के पास स्थित एक नलकूप पर बुलाया ओर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद धमकी देकर उसे फिर किसी और स्थान पर बुलाकर हाजी इक्बाल के एक अन्य पुत्र अफ्जाल व अधिवक्ता जीशान ने फिर से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। एसएसपी ने बताया कि पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर बृहस्पतिवार देर रात मामला दर्ज कर लिया गया ओर शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले मे आरोपी अधिवक्ता जीशान को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। अधिवक्ता को अदालत मे पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि हाजी इक्बाल अभी फरार है जबकि उसका भाई महमूद अली और तीनो पुत्र जावेद, अलीशान और अफ्जल पहले से ही जेल मे बंद है। उन्होंने कहा कि हाजी इक्बाल की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाजी इक्बाल के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है। टाडा ने बताया कि इन आरोपियो की धमकी के कारण उक्त पीड़िता का परिवार मिर्जापुर से पलायन कर यमुनानगर के एक गांव मे जाकर रहने लगा था।

## बेतहाशा मंहगाई के खिलाफयुवकों ने रोटी लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**वाराणसी।** शनिवार को पटेल प्रतिमा मलदहिया पर भगत सिंह यूथ फ्रंट के द्वारा बेतहासा महंगाई के खिलाफरोटी प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के दौरान जनता ने जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भगत सिंह यूथ फ्रंट के अध्यक्ष हरीश मिश्रा ने कहा की सरकार आम जनता के परेशानी से दूर हो चुकी है महंगाई की महामारी अब जानलेवा साबित हो रही है सरकार की गलत नीति आज जनता के जीवन की काल बन चुकी है लगातार बेवजह टैक्स बढ़ा कर जनता का खून चूसा जा रहा है बंद होते कल कारखाने, गिरता रुपया का मूल्य, बर्बाद होते किसान, विकराल होती बेरोज़गारी, दम तोड़ता बुनकारी, और बिना काम के मजदूर इस जानलेवा महंगाई का सामना करने में लाचार हो चुके हैं। ऐसे में मध्यम वर्गीय परिवार खास कर घरेलू महिलाएं परिवार की चिंता सता रही है कोई भी मध्यम वर्ग का दर्द समझने को तैयार नही है। आटा, तेल, गैस, दूध, दाल, सहित सभी खाद्य पदार्थ 4-4 गुना ज्यादा महंगा हो गया है। कोरोना महामारी के बाद काम धंधा चौपट हो गया है कमाई पूरी तरह से मर गई है ऐसे मे सरकार की इस महंगाई नीति से आम आदमी बेहद हताश और निराश हो चुका है हम इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को चेताना चाहते हैं कि अब महंगाई पर तत्काल रोक लगाए नहीं तो भारी जन हानि हो जाएगी लोग आत्महत्या को मजबूर हो जायेंगे।

## बाल शिव और महासुर के बीच महासंग्राम

**वाराणसी।** इस सप्ताह, एण्डटीवी के शोज 'बाल शिव', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार गलतफहमियों का शिकार होंगे। एण्डटीवी के 'बाल शिव' के बारे में बताते हुये देवी पार्वती ने कहा, ''बाल शिव (आन तिवारी) और महासुर के बीच एक भयंकर संग्राम छिड़ जाता है, जिसमें महासुर बाल शिव को भस्म करने के लिये उनकी ओर बढ़ता है। इंद्र (कुणाल बक्शी) बाल शिव को बचाने के लिये आते हैं और उनसे युद्ध का मैदान छोड़कर चले जाने के लिये कहते हैं। सनथ कुमार महासती अनुसुइया (मौली गांगुली) को बताते हैं कि बाल शिव युद्ध के मैदान से भाग गये हैं, जिसे सुनकर वह उदास हो जाती हैं। तब बाल शिव अपनी मां को बताते हैं कि वह भागे नहीं थे, बल्कि यह सब उनकी एक योजना थी। ताड़कासुर (कपिल निर्मल) अपने मायावी दर्पण में देखता है कि बाल त्रिदेव कहां हैं और इसके बारे में महासुर को बताता है। महासुर बाल त्रिदेव के पास पहुंचता है और फिर से युद्ध करने लगता है, जहां बाल शिव आखिरकार महासुर का वध कर देते हैं।'

## गणेश चतुर्थी उत्साह के साथ मनाया जाएगा

**वाराणसी।** गणेश चतुर्थी का बहु-प्रतीक्षित और रंगारंग त्योहार बस आने ही वाला है। बप्पा की मूर्ति को अपने घरों में लाना, आरती करना और स्वादिष्ट मोदक बनाना, इस त्योहार को हममें से कई के लिये उनका पसंदीदा उत्सव बनाता है। एण्डटीवी के कलाकार, जिनमें शामिल हैं- नेहा जोशी ('दूसरी मां' की यशोदा), शिव्या पठानिया ('बाल शिव' की देवी पार्वती), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश सिंह) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी), भी अपने परिवार वालों और दोस्तों के साथ गणेश उत्सव मनाने के लिये बेहद उत्साहित हैं और बप्पा का स्वागत करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में 24 से ज्यादा लोग जख्मी

**गोंड।** । जिले में शुक्रवार रात हुए एक सड़क हादसे में 24 लोग जख्मी हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. टी पी जायसवाल ने बताया कि 24 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में तीन की हालत नाजुक है। अधिकारियों ने बताया कि बलरामपुर जिले के मथुरा बाजार कस्बे से कुछ लोग एक व्यक्ति की मां का दाह संस्कार करने के लिए अयोध्या गए थे। घर लौटते समय रात करीब 10 बजे गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर सुभागपुर रेलवे स्टेशन के पास अचानक सामने आए एक जानवर को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा। इससे वाहन सड़क किनारे गड्ढे गिर गया और 24 से अधिक लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के के तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## विवाहिता की हत्या के मामले में व्यक्ति को आजीवन कारावास

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले की एक अदालत ने एक विवाहिता की दहेज हत्या के पांच साल पुराने मामले में दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यहां फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) की न्यायाधीश अनीता ने शुक्रवार की शाम मैनपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव पुसैना निवासी मनोज कुमार को अपनी पत्नी पूजा को केरोसिन तेल छिड़ककर जिंदा जलाकर मारने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पीड़िता के सास-ससुर को बरी कर दिया। अभियोजक मुकुल रायजादा के अनुसार, पीड़िता पूजा (20) की 2014 में मनोज कुमार (25) से शादी हुई थी। शादी के बाद परिवार के सदस्यों ने पूजा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया क्योंकि वे लोग दहेज को लेकर असंतुष्ट थे और अन्य मांग भी शुरू कर दी थी। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 19 जनवरी 2017 को मनोज और उसके परिवार के सदस्यों ने पूजा के ऊपर केरोसिन तेल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। उसे सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पूजा ने अपने बयान में पति मनोज कुमार पर आग लगाने का आरोप लगाया था।

# गोरखपुर में बाग से किशोरी का शव बरामद

### लड़की की हत्या धारदार हथियार से की गई है, उसके गले पर चोट के निशान मौजूद थे

**गोरखपुर।** महाराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के बारी गांव से शनिवार को पुलिस ने एक किशोरी का शव बरामद किया। उसकी गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को शव से कुछ दूरी पर उसकी साइकिल, सैंडल और बैग मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतका की उम्र करीब 18 साल है और वह इंदरपुर चौराहा स्थित एक संस्थान में कंप्यूटर की पढ़ाई कर रही थी। परिवार के सदस्यों के अनुसार, वह शनिवार दोपहर 12.30 बजे कंप्यूटर कोचिंग क्लास के लिए घर से निकली और दोपहर करीब 1.30 बजे ग्रामीणों ने उसका शव एक बाग में देखा। महाराजगंज के पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि लड़की की हत्या धारदार हथियार से की गई है, उसके गले पर चोट के निशान मौजूद थे। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। कई टीमों को लगाया गया है।

**उप्र : रोडवेज बस ने ट्रक में मारी टक्कर, एक यात्री की मौत, चार घायल:** अमेठी। जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में रोडवेज की एक बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुसाफिरखाना के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अर्पित कपूर ने बताया कि बस शुक्रवार रात आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक कमरौली के पास सड़क पर खड़ा था। कपूर के मुताबिक, तेज रफ्तार बस ने ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार आजमगढ़ निवासी अब्दुल रज्जाक (35) की मौत हो गई और चार यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कपूर के अनुसार, शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्वाई की जा रही है।

## शिवराज सिंह चौहान ने परिवार सहित की मां विन्ध्यवासिनी की अर्चना

**मिर्जापुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परिवार सहित शनिवार को विन्ध्यवासिनी दरबार में पूजा-अर्चना की। दर्शनोपरांत पत्रकारों से बातचहत में उन्होंने कहा, मैं माँ विन्ध्यवासिनी के दरबार में पहली बार दर्शन के लिए आया हूं। पहले भी कई बार मैंने आने का सोचा था, लेकिन आ नहीं पाया। मैंने माँ से यही प्रार्थना की कि हमारे देश, प्रदेश पर अपनी कृपा बनाएं रखें। दर्शन के पश्चात मन्दिर प्रांगण में जिलाधिकारी प्रवीणकुमार लक्षकार व पुलिस अधीक्षक संतोषकुमार मिश्र ने संयुक्तरूप से माँ विन्ध्यवासिनी का चित्र भेंटकर चौहान का अभिनन्दन किया।

# भिखारियों और अनाथ बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रहे वर्दी वाले गुरुजी

**अयोध्या।** अयोध्या में इन दिनों एक पुलिसकर्मी एक पेड़ के नीचे बैठे बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी और गणित का पाठ पढ़ाते नजर आते हैं। यह पुलिसकर्मी 2015 के बैच के पुलिस उप-निरीक्षक रंजीत यादव हैं, जो अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कार्यालय में तैनात हैं, लेकिन पुलिस दफ्तर से बाहर उनकी पहचान वर्दी वाले गुरुजी के रूप में है। वह भिखारियों और अनाथ बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। रंजीत यादव के ज्यादातर छात्र अयोध्या में सरयू नदी के घाटों, मंदिरों और मठों की संकरी गलियों में घूमने वाले भिखारियों के बच्चे हैं। कुछ अनाथ भी हैं, जैसे 12 वर्षीय महक अपने दूर के रिश्तेदारों के साथ रहती है। जब यादव के अपना स्कूल का दौरा किया और महक से बातचीत की तो उसने कहा, मैं शुरुआत में सर से डरती थी। डरती थी कि मेरी पिटाई होगी, लेकिन अब मुझे कक्षा में हिस्सा लेने में मजा आता है। महक अब अक्षरों और संख्या को पहचानने लगी है तथा सरल गणना भी कर सकती है। उप-निरीक्षक यादव का यह मिशन तब शुरू हुआ था, जब उन्हें नया घाट पुलिस चौकी में तैनात किया गया था। इस दौरान उनकी नजर नदी के किनारे भीख मांगने वाले बच्चों पर पड़ी, जो खुर्जा कुंड इलाके में रहते थे। यादव ने कहा, बच्चों से मिलने के बाद मैंने उनके लिए कुछ करने का फैसला किया। मेरे मन में उनके लिए एक कक्षा चलाने का विचार आया। उन्होंने कहा, मैंने उन बच्चों के माता-पिता को इकट्ठा किया और उनसे पूछा कि अगर मैं उनकी पढ़ाई के लिए कक्षाएं शुरू क-

**अयोध्या में इन दिनों एक पुलिसकर्मी एक पेड़ के नीचे बैठे बच्चों को हिंदी अंग्रेजी और गणित का पाठ पढ़ाते नजर आते हैं**

रूं तो क्या वे अपने बच्चों को भेजेंगे। शुरू में तो उनमें ज्यादा उत्साह नहीं था, लेकिन बाद में वे सहमत हो गए। यादव ने कहा, मैंने सितंबर 2021 में कक्षाएं शुरू कीं और अब वहां सुबह सात से नौ बजे के बीच नियमित रूप से संचालित कक्षाओं में 60 से अधिक बच्चे उपस्थित होते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या के प्रसिद्ध मंदिरों से कुछ दूरी पर खुर्जा कुंड के पास एक पेड़ के नीचे खुले में कक्षाएं चलती हैं, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल होते हैं। यादव के मुताबिक, हिजाब पहनी कुछ छात्राएं भी पढ़ने-लिखने के लिए उनकी कक्षा में आती हैं। हालांकि, यादव ने यह भी कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पुलिस की नियमित नौकरी है, इसलिए अगर सुबह-सुबह ही काम पर निकलना होता है तो वह कुछ छात्रों को कक्षा के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपकर जाते हैं। अपने इस कार्य को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के रुख के बारे में यादव ने कहा, वरिष्ठ लोगों ने इस काम के लिए मेरी सराहना की है। उनका कहना है कि मेरा काम पुलिस बल की छवि में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यादव के अनुसार, शुरुआत में उन्होंने अपने वेतन से अपना स्कूल के विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेन और पेंसिल की व्यवस्था की, लेकिन जैसे-जैसे अधिक बच्चों का नामांकन हुआ खर्च बढ़ता गया और लोगों का सहयोग मिलना भी शुरू हो गया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से स्नातकोत्तर यादव ने कहा, कुछ सामाजिक संगठन और स्थानीय लोग शिक्षा प्रदान करने में सहयोग कर रहे हैं। यादव ने कहा, उनकी कक्षा के बच्चों को मोबाइल फोन पर शिक्षा के महत्व से जुड़े वीडियो भी दिखाए जाते हैं, ताकि वे समझ सकें कि पढ़ाई-लिखाई उनके जीवन को कैसे बदल सकती है। 15 साल का शिव, जो यादव का विद्यार्थी है और करीब एक वर्ष से कक्षा में शामिल हो रहा है, उसने अपना आत्मविश्वास बढ़ने की बात कही है। बकौल शिव, मैं अब थोड़ा पढ़-लिख सकता हूं। मैं अब गिनती भी गिन सकता हूं।

## कहां हो स्वामी

स्वामी जी विलुप्त हो गए। ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। प्रदेश में बड़े बड़े राजनीतिक घटनाक्रम हो रहे हैं लेकिन स्वामी जी का कहीं अता पता ही नहीं है। अब तो उनकी बुलंद आवाज भी नहीं सुनाई पड़ रही है। समाजवादी हैरान हैं। परेशान हैं। आखिर स्वामी जी को ढूंढने जाएं तो कहां जाएं। स्वामी जी जब से एमएलसी बने हैं तब से ऐसा अंडर ग्राउंड हुए हैं कि आज तक दिखाई नहीं पड़े। जब भगवा से भागकर समाजवाद के कुनबे में आए थे तो समाजवादियों को बड़े बड़े सपने दिखाए थे। प्रदेश की राजनीति में आंधी ला दूंगा। तूफान ला दूंगा। समाजवादियों का परचम लहरा दूंगा। ऐसा कुछ तो हुआ ही नहीं। फिर तो स्वामी जी का मुंह छुपाना, अंडरग्राउंड होना जायज है। ऐसी स्थिति में उनको डिस्टर्ब नहीं करना चाहिए। आखिर राजनेताओं में भी तो कुछ शर्म हया होती है। शायद वही शर्म हया स्वामी जी के भीतर जाग गई हो और वह मुंह छुपाकर कहीं बैठे हों। ऐसी स्थिति में समाजवादियों को उन्हें अकेला छोड़ देना चाहिए। स्वामी जी शायद कुछ कर लें। कोई नई राह तलाश लें।


## धीरज गुजरा जाए

देश की सबसे पुरानी पार्टी की सूबाई इकाई के छोटे वाले प्रभारी का धीरज भी अब धीरे-धीरे टूटने लगा है। नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा बार-बार पूछे जाने वाले सवालों का जवाब देने में वह अपने को असहज महसूस करने लगे हैं। सबसे अहम सवाल पार्टी के लोग यह पूछ रहे हैं कि आखिरकर प्रभारी महासचिव उनके बीच कब आएंगी। विधानसभा चुनाव में हुई शर्मनाक हार की समीक्षा कब होगी। नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन कब तक हो जाएगा। पहले तो उन्होंने पदाधिकारियों के सवाल के जवाब में जल्द सब हो जाने का आश्वासन देकर टालने का प्रयास किया लेकिन धीरे-धीरे कुछ अधिक ही समय गुजरता जा रहा है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रभारी महासचिव चुनाव के छह माह के लंबे अंतराल के बाद यहां आईं थीं। उन्हें दो दिवसीय नवसंकल्प चिंतन शिविर में हिस्सा लेना था लेकिन उसी दिन वापस लौट गईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वायदा किया था कि वह विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा करेंगी और खुद की भी समीक्षा करेंगी। जिन लोगों ने पार्टी से घात किया उनका पता लगाकार कार्रवाई की जाएगी। यह बयानबाजी करके यहां से गए उन्हें तीन महीने से ज्यादा गुजर गया लेकिन पलट कर देखा तक नहीं। चुनाव की हार का जिम्मा लेकर मौजूद सूबाई अध्यक्ष के इस्तीफा देने के बाद से यह पद अभी तक खाली पड़ा हुआ है। पार्टी-संगठन के सारे काम एक तरह से देखे जाएं तो पूरी तरह से ठप पड़े हैं। ऐसे में पार्टी के लोग छोटे प्रभारी के सामने पड़ते ही प्रश्नों की बौछार कर देते हैं। छोटे प्रभारी भी अब इन सवालों से घबराकर कार्यकर्ताओं से नजरें बचाते नजर आते हैं।

## पावरफुल की बिदाई ?



उप्र सरकार में एक बहुत ही पावर फुल अधिकारी इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अधिकारी महोदय के पास कई प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी है। इसमें एक्सप्रेस-वे, बिजली और सुरक्षा जैसे अहम जिम्मेदारी महाराज जी ने दे रखी है। अब अगर साहब को सेवा विस्तार मिलता है या नहीं मिलता, इस पर कई अधिकारियों की नजर टिकी हुई है। वह इसलिए क्योंकि अगर सेवा विस्तार नहीं मिला तो बाकी अधिकारी इन महत्वपूर्ण विभागों की कुर्सी पाने के लिए अपना-अपना दावा मजबूत करेंगे। सरकार में कई ऐसे अधिकरी हैं जो इन साहब महोदय से अपनी प्रतिस्पर्धा रखते हैं। हालांकि इनकी ज्यादा चल नहीं पाती है लेकिन फिर भी अपना जुगाड़ भिड़ा ही लेते हैं। फिलहाल अभी पत्ते नहीं खुले हैं लेकिन सभी अपनी-अपनी गोटियां फिट करने में लगे हुए हैं।




## बोझ बनी ईकोग्रीन



शहर के लिए कार्यदायी संस्था ईकोग्रीन एनर्जी बोझ बन गयी है। स्मार्ट सिटी के सपने संजो कर सफाई कार्य कार्यदायी संस्था को दिया गया, जो अब नगर निगम की ही नहीं सुन रही। सुधारने के लिए छोटे साहब ने कई कागजी धमकियां भी दी, लेकिन कार्यदायी संस्था पर कोई असर नहीं पड़ा। धमकियों को हवा में उड़ाकर अपनी ही रफ्तार से चल रही है संस्था। आखिरकार चले भी क्यों न अपनी मौज से। कार्यदायी संस्था पर शासन के बड़े अफसरों का हाथ जो है। नगर निगम के आईएएस से लेकर पीसीएस अफसरों को अपने प्रजेंटेशन से सब्जबाग दिखाकर सबको कार्यदायी संस्था ने अपने मायाजाल में फंसा कर रखा है। उसे पता है कि ज्यादा से ज्यादा क्या करेंगे साहब। शासन को पत्र ही लिखेंगे जो कई बार लिख भी चुके हैं। लेकिन हुआ कुछ नहीं। बेचार छोटे साहब क्या करते। मन मार के फिर चुप्पी साध ली। इसके पीछे शासन में हुआ एग्रीमेंट हैं जो कार्यदायी संस्था को पूरी छूट देता हैं। हर महीने संस्था को करोड़ों रुपए की भेंट नगर निगम चढ़ाता है और अपनी गाड़ियों से कूड़ा भी उठाकर शिवरी प्लांट तक पहुंचाता है।

## कोई लौटा दे मेरे....

एक वो दौर था जब रियासत लुटती रही और बेखबर रहे घरवाले। जब रियासत लूट गई तब याद आई सहेजने की। कुछ ऐसा ही हाल बहन जी की पार्टी का है। एक दशक पूर्व पार्टी की हैसियत को कोई भी पार्टी नकार नहीं सकती थी मगर आज है कि एकला चलो राह की चलने वाली पार्टी खुद एकला हो चुकी है। पार्टी में नेता समझें या सिपहसालार सब कुछ बहन जी ही हैं। बाकी तो मुंशीगिरी करने वाले हैं। अब यहां बात इलेक्शन की है। जब जब इलेक्शन आते हैं तब तब जमीनी स्तर पर संगठन की समीक्षा शुरू हो जाती है। हर बार नए इरादे और हिम्मत के साथ पार्टी अपने आपको विकल्प के रूप में पेश करती है और हर बार मुंह की खाती है। पिछले कई चुनावों से यही देखने को मिल रहा है। ग्राफ चढ़ने के बजाय गिरता ही नजर आता है। ऐसे में एक बार फिर बहन जी की तरफ से लूटी रियासत को सहेजने की तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक पार्टी स्तर पर समीक्षा को लेकर जमीनी स्तर की रिपोर्ट मांगी जा रही है। हालांकि अभी तक मिसरा जी सामने नही आये हैं। बहन जी डायरेक्ट कोआर्डिनेटरों के सम्पर्क में हैं।

# शासन से सहयोग न मिले तो बेहिचक सीएम आफिस को बताएं अफसरः योगी

### फील्ड में तैनात अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

- ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान को बड़े आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है के फील्ड में तैनात किसी अधिकारी को यदि जनहित के कार्यों में कोई असुविधा हो रही हो, शासन स्तर से अपेक्षित सहयोग न मिल रहा हो तो बेहिचक मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचित करें। मैं स्वयं 24 घंटे सातों दिना आपकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए उपलब्ध हू बिना संकोच मुझसे संपर्क करें।

मुख्यमंत्री शनिवार को प्रदेश के सभी मंडल, रेंज, जोन, पुलिस कमिश्नरेट और जनपद में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा विकास प्रधिकरणों के उपाध्यक्षों के साथ प्रदेश में अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन और औद्योगिक निवेश की संभावनाओं की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाने और कठोरता के साथ विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि हाल के दिनों में प्रदेश ने नशे के अवैध कारोबारियों के खिलाफ बड़ा अभियान प्रारंभ किया है। अब हमें इसके निर्णायक चरण के लिए प्रयास करना होगा। पूर्व में हमने जहरीली शराब से असमय मृत्यु की कई दुखद घटनाएं देखी है। इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हर डीएम, एसपी, डीएसपी, थानाध्यक्ष को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हुक्का बार प्रतिबंधित है, इनका संचालन किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। बेहतर टीम वर्क के साथ ड्रग माफियाओं के खिलाफ यह प्रदेशव्यापी अतिमहत्वपूर्ण अभियान आज रात्रि से बड़े आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए। सीएम ने कहा कि युवाओं को नशे के अंधेरे में ढकेलने वाले ऐसे समाजविरोधी तत्वों की सूक्ष्मता से पड़ताल करें। थाना स्तर पर ऐसे हर छोटे-बड़े अराजक तत्वों की सूची तैयार की जाए। इनके अड्डों पर औचक छापेमारी की जाए। रेलवे स्टेशन के आसपास पेट्रोलिंग बढ़ाएं। जीरो टॉलरेंस के साथ कठोर कार्रवाई करते हुए प्रदेश को ड्रग माफिया से मुक्त कराने की कार्यवाही हो। गड़बड़ी की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष की प्राथमिक जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान में लापरवाही, शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सीएम ने कहा कि ड्रग माफिया पर कार्रवाई के साथ-साथ हमें प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए भी प्रयास करना होगा। कुसंगति के कारण वर्तमान में नशे की चपेट में आ चुके युवाओं के चिकित्सकीय उपचार, काउंसिलिंग और पुनर्वास के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। स्थानीय स्तर पर अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में कार्य कर रही हैं उनका सहयोग लेकर नशा मुक्ति के लिए प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी स्वयं इनिशिएटिव लेकर हेल्थ एटीएम की स्थापना के लिए प्रयास करें। किसी एक पीएचसी, सीएचसी पर इसकी स्थापना करायें। नजदीक के किसी अस्पताल से इसे सम्बद्ध करें। प्रशिक्षित पैरामेडिक्स की तैनाती करें। यदि हम ऐसा कर सकें तो गांवो में स्वास्थ्य जांच-परीक्षण के लिए बड़ा सुलभ तंत्र विकसित हो सकेगा। हेल्थ एटीएम के लिए रेडक्रॉस, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड अथवा सीएसआर फंड का उपयोग किया जा सकता है। इसके बाद भी यदि धनाभाव है तो मुझसे बताएं मैं वित्तीय प्रबंधन करूँगा। सीएम ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट वर्ष 2027 तक प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगा। औद्योगिक विकास प्रधिकारण, शिक्षा विभाग, पशुपालन, कृषि सहित सभी विभागों को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहयोग करना चाहिए। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की हर ओर सराहना हो रही है। किंतु हमें अब भी बहुत सुधार की आवश्यकता है। यह जरूरी है कि निवेश के माहौल को और बेहतर बनाने के लिए हम अपनी नीतियों को और सरल बनाएं। राजस्व संहिता में जरूरी बदलाव के लिए तत्काल निर्णय लेकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी और विकास प्राधिकरणों को अपनी कार्यशैली को और बेहतर बनाना होगा। जनहित के आवेदनों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए।

# रक्षा मंत्री ने किया बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति का लोकार्पण




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग की विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की उसके उपरांत मंदिर प्रांगण में नवस्थापित भगवान परशुराम प्रतिमा का पूजन अर्चन भी किया।

कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया के साथ ब्रह्म समाज के पदाधिकारियों ने रक्षामंत्री को फरसा और भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं, ब्रह्म समाज के 5 मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों धारण करने वाले ऐसे महापुरुष थे जो भक्ति और शक्ति की समन्वय की साक्षात प्रतिमूर्ति रहे हैं। परशुराम जी ऐसे महान नायक हैं जिन्हें हजारों वर्ष उपरांत भी हम उनको याद करते हैं क्योंकि धरा पर जब अत्याचार बढ़ जाता है तो ईश्वर को अवतार देना पड़ता है। चाहे वह राम के रूप में हो, कृष्ण के रूप में हो या परशुराम के रूप में हो। यानी परशुराम जी को ईश्वर के रूप में देखा जाता है। परंतु वीरता ज्ञान और वैराग्य के समन्वय के स्वामी के रूप में जहां उन्होंने शास्त्र का उपयोग किया और जहां आवश्यकता हुई वहां शास्त्र का उपयोग किया।

इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि एतिहासिक बुद्धेश्वर धाम हमारे आराध्य भगवान राम के छोटे भाई भगवान लक्ष्मण जी द्वारा बसाया गया मंदिर है। इस मंदिर में बहुत सा विकास कार्य मा रक्षामंत्री, डॉ दिनेश शर्मा, पूर्व सांसद लालजी टंडन, यहाँ के भूतपूर्व विधायक सुरेश श्रीवास्तव और स्वयं मेरे द्वारा भी कराया गया है। साथ ही कई कार्य प्रगति पर भी है, जिसका हम सब को शीघ्र ही लाभ प्राप्त होने वाला है। मैं आदर पूर्वक आपसे आग्रह करूंगी की कार्य पूर्ण होने के बाद आप के करकमलों द्वारा ही जनता को इसकी सौगात प्राप्त हो। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम बाबा बुद्धेश्वर धाम रेलवे स्टेशन किया जाएः संयुक्ता भाटिया

**कार्यक्रम** में महापौर संयुक्ता भाटिया ने आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम बुद्धेश्वर धाम करने की मांग करते हुए कहा कि मैं समस्त कार्यकर्ताओ और मंदिर समिति की ओर से राजनाथ सिंह जी से आग्रह करती हूँ कि इस ऐतिहासिक बुद्धेश्वर धाम के नाम पर यहाँ पास में ही स्थित आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम श्बाबा बुद्धेश्वर धाम रेलवे स्टेशन करने की कृपा करें, हम सभी आपके सदैव आभारी रहेंगे।

## हरदोई हादसे का सीएम ने लिया संज्ञान

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई में एक ट्रैक्टर ट्रॉली के गर्रा नदी में गिरने की दुर्घटना का संज्ञान लिया है। ट्रैक्टर ट्रॉली में यात्री सवार थे। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एसडीआरएफ की सहायता ली जाए। उन्होंने दुर्घटना के प्रभावितों को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं तथा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए घायलों की समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## प्रदेश में कोरोना के 453 नए मरीज मिले

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 83,275 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 453 नए मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 12,14,42,598 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 434 लोग तथा अब तक कुल 20,94,683 लोग कोविड-19 से ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 3348 एक्टिव मामले हैं। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 26 अगस्त, 2022 को एक दिन में 5,01,516 वैक्सीन की डोज दी गयी है। कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 15,38,10,723 तथा दूसरी डोज 14,67,24,475 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,41,52,453 तथा दूसरी डोज 1,30,60,147 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 86,17,806 तथा दूसरी डोज 75,13,085 दी गयी।

## यूपीआरएनएन के दो अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) के दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किए गए दोनों अधिकारियों क्रमशः स्थानिक अभियंता मुकेश सिंघल एवं सहायक अभियंता अखिलेश प्रताप सिंह पर गम्भीर वित्तीय तथा प्रशासनिक अनियिमित्ता बरतने का आरोप लगा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि. की मुरादाबाद इकाई में निर्माणाधीन कार्यों में वित्तीय अनिमितता की जांच के लिए महाप्रबन्धक (बरेली अंचल) के द्वारा तीन सदस्यी जांच समिति गठित की गई थी। उक्त जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्थानीय अभियन्ता एवं इकाई प्रभारी मुकेश सिंघल एवं सहायक अभियंता सिविल अखिलेश प्रताप सिंह को वित्तीय एवं प्रशासनिक अयिमितता को दोषी करा दिया है। समिति की इस रिपोर्ट पर महाप्रबन्धक ने दोषी अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी नामित कर दिया है। साथ ही निलंबित किए गए मुकेश सिंघल से प्रमाण पत्र मांगा गया कि वे किसी अन्य सेवायोजन एवं व्यापार में नही लगे है। जांच होने तक निलंबित किए गए दोनों अभियंता मुख्यालय से संबद्ध रहेंगे।

## नवनिर्वाचित बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष कल आएंगे लखनऊ


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भूपेद्र सिंह चौधरी 29 अगस्त सोमवार को लखनऊ पहुंचेगे। प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दोपहर 12.30 बजे शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली से चलकर लखनऊ पहुंचेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के लखनऊ पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा चारबाग रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केकेसी तिराहा स्थित प दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका जाएगें जहां पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर, सरदार पटेल, लोकभवन स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह सहित अन्य महापुरूषों की प्रतिमाओं पर जा कर पुष्पांजलि कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेगें। उसके बाद भूपेंद्र सिंह पार्टी के राज्य मुख्यालय पहुंचेगे। पार्टी मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# आप कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में आज पदयात्रा निकालकर करेंगे प्रदर्शन

- जनता पर बोझ लादते और मित्रों का कर्ज माफ करते हैं पीएम मोदीः संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आदमी** पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने कहा है की 28 अगस्त को पूरे उत्तर प्रदेश में सभी जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 लाख करोड़ के घोटाले को लेकर आप कार्यकर्ता पदयात्रा कर विरोध करेंगे। उन्होनें कहा की सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता के साथ विश्वासघात किया है। संजय सिंह ने कहा की इस पदयात्रा में हमारे कार्यकर्ता हाथों में बैनर, पोस्टर तिरंगा आदि लेकर जनता के बीच जायेंगे और उन्हें इस भर्ष्टाचार, महंगाई एवं बेरोज़गारी की स्थिति से जागरूक करेंगे। पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस कांफ्रेस करके संजय सिंह ने कहा की जनता पर टैक्स लगाकर मोदी सरकार ने अपने मित्रों के 10 लाख करोड़ रुपये बैंकों से माफ़ करवा दिए और दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं को महंगा कर जनता पर बोझ डाल दिया। उन्होनें कहा की इसके अलावा मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 30 प्रतिशत से 22 प्रतिशत कर दिया जिसका भुगतान जनता कर रही है। संजय सिंह ने कहा की मोदी सरकार जिस तरह सरकारी सम्पत्तियों को बेच रही है इससे पूंजीपतियों को फायदा पहुंच रहा है और इस घाटे को पूरा करने के लिए जनता के ऊपर अतिरिक्त टैक्स लगाकर उन्हें आर्थिक रूप से कमज़ोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा की कल की मुहीम का उद्देश्य यही रहेगा की 15 लाख करोड़ कहां गए, इसका हिसाब दो वरना गद्दी छोड़ दो। संजय सिंह ने कहा की केजरीवाल सरकार की नीतियों की हर तरफ प्रशंसा हो रही इसलिए हम केंद्र सरकार की आँखों में गड़ रहे हैं। ऑपरेशन लोटस पर बात करते हुए उन्होनें कहा की सरकार ने जो दांव शिंदे पर लगाया था वही दांव मनीष सिसोदिया पर लगाया था लेकिन यहाँ केंद्र सरकार नाकाम हो गई। संजय सिंह ने वधायक खरीदना, सरकार गिराना ये इनके पैंतरे हैं लेकिन आम आदमी पार्टी का कोई सदस्य इनके झांसे में आने वाला नहीं है।

## शारीरिक अक्षम व्यक्तियों की मदद के लिए 79.53 रुपए स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने वर्ष 2022-23 में शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के पुनर्वासन के लिए 79.53 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछडा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिसमें शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के पुनर्वासन के लिए दुकान निर्माण व संचालन की योजना चल रही है। इस योजना के अन्तर्गत दुकान निर्माण के लिए 20000 रुपए एवं दुकान, खोखा, गुमटी, हाथ ठेला संचालन के लिए 10000 रुपए प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 20000 रुपए में 15000 रुपए की धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में तथा 5000 रुपए अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है।

# ऊर्जा मंत्रालय की रेटिंग में यूपी की चार बिजली कंपनियां पूरी तरह फेल

- उपभोक्ता परिषद ने सीएम से की भविष्य में बिजली कम्पनियों के उच्च प्रबन्धन की जवाब देही तय करने की मांग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** की सभी बिजली कम्पनियों का भी परीक्षाफल वर्तमान अगस्त माह में घोषित हो गया है, जिसमें प्रदेश की पांच में चार बिजली कम्पनियां पूरी तरह फेल हो गयी हैं केवल एक बिजली कंपनी पश्चिमांचल थर्ड डिवीजन पास हो पायी है जो बेहद चिंता का विषय है ।

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश की 52 बिजली कम्पनियों की 10वीं वार्षिक रेटिंग जारी की गयी है, उसमें 100 नम्बर मानकर अलग-अलग ग्रेड दिया गया है। देश की जिस बिजली कम्पनी को 85 से 100 नम्बर मिलेंगे, वह 'ए प्लस' होगी, जिसे 65 से 85 नम्बर मिलेंगे वह 'ए' ग्रेड में होगी, जिस कम्पनी को 50 से 65 नम्बर मिलेंगे वह 'बी' श्रेणी में होगी, जिस कम्पनी को 35 से 50 नम्बर मिलेंगे वह 'बी माइनस' श्रेणी में होगी, वहीं 15 से 35 नम्बर पाने वाली कम्पनियां 'सी' में होंगी और सबसे फिसड्डी 0 से 15 नम्बर पाने वाली कम्पनी 'सी माइनस' ग्रेड में होगी। उप्र की बिजली कम्पनियों का हाल चिन्ताजनक है। सबसे चिंता की बात यह है कि प्रदेश की सभी बिजली कम्पनियों के वित्तीय व तकनीकी पैरामीटर में भारी गिरावट आयी है। जिससे जो बिजली कंपनी पहले बी व बी प्लस तक पहुंच गयी थी अब निचले पायदान पर लुढ़क गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कम्पनियां पूरी तरह फिसड्डी साबित हुई हैं। 4 बिजली कम्पनियां, मध्यांचल केस्को पूर्वांचल, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को 'सी माइनस' ग्रेड मिला है, जो अन्तिम पायदान पर हैं। वहीं पश्चिमांचल कम्पनी को 'सी' मिला है। भारत सरकार द्वारा ग्रेडिंग का जो प्रमुख मानक है, उसमें वित्तीय पैरामीटर के अंतर्गत औसत विद्युत लागत व औसत बिलिंग रेट के लिए 55 नम्बर रखा गया है। कुल प्राप्तांक 100 नम्बर का है। सबसे चौंकाने वाला मामला यह है कि देश की 20 कम्पनियों को सबसे ज्यादा खराब ग्रेडिंग मिली है, जिसमें 4 कम्पनियां उप्र की हैं। उप्र का पावर प्रबन्धन जो सुधार के बड़े -बड़े दावे करता है, अब जब उप्र की बिजली कम्पनियां पास भी नहीं हो पायी हैं, ऐसे में उपभोक्ता परिषद प्रदेश के मुख्यमंत्री से यह मांग उठाता है कि भविष्य में बिजली कम्पनियों के उच्च प्रबन्धन की जवाब देही तय की जाये और एक तय समय सीमा के तहत उनके द्वारा अच्छा प्रदर्शन न किया जाये तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही भी की जाये। साथ ही वर्तमान में प्रदेश की बिजली कम्पनियों की जो ग्रेडिंग खराब आई है, उसके लिये डिस्कॉम प्रबंधन के खिलाफ जवाबदेही तय करते हुए कठोर कदम उठाये जायें, क्योंकि कम्पनियों के फिसड्डी होने का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ता है।

# जनचौपाल में डीएम ने अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**विकासखंड बेहटा** की ग्राम पंचायत पिपरिया में शनिवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय उमरिया कला में जन चौपाल का आयोजन किया गया, तथा मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जन चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा विकास से संबंधित कोई भी किसी को समस्या हो तो वह व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र लिख कर दे उसका निस्तारण कराया जाएगा और आपस में सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करके रहे। वही पेंशन से संबंधित जानकारी दी तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का राशन कार्ड न बना हो तो वह बनवाएं। मनरेगा, नाली, खड़ंजा से भी संबंधित कार्यों के लिए बताया कि सभी पंचायत भवनों में पंचायत सहायक मिलेंगे उनसे अपनी बात बताएं। उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित कोई भी समस्या अगर आती है तो संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि महिलाओं की अगर कोई समस्या होती है तो हेल्पलाइन नंबर 1090 पर तुरंत अपनी समस्या नोट कराएं समाधान होगा, तथा लड़कियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 और सभी लोगों के लिए अगर कोई समस्या होती है तो 112 नंबर कॉल करें। और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पर कॉल करके समस्या का समाधान होगा। वहीं ग्राम सभा पिपरिया के ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह से शिकायत की कि यहां पर कोई भी डॉक्टर मौके पर नहीं मिलता और कोई भी दवा नहीं मिलती है हम लोगों को इलाज के लिए पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा जाना पड़ता है और वही से इलाज होता है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सीएचसी अधीक्षक तंबौर अनंत कुमार मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा यह समस्या बड़ी है वरना इतने लोग शिकायत नहीं करते। बेसिक शिक्षाधिकारी सीतापुर अजीत कुमार ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक 6 वर्ष आयु के बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें इसके साथ साथ कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण योजनाओं पर जानकारी दी और विकास विभाग से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों ने भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की कि अगर किसी को समस्या हो तो तुरंत पंचायत भवन पहुंचकर वहां पर मौजूद पंचायत सहायक से अपनी समस्या नोट कराएं समस्या का निदान कराया जाएगा। इसी कड़ी में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई बातें बताई कि किसी को दिक्कत हो तो तुरंत संपर्क करके अपनी समस्या बताएं उसका निदान कराया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और स्वास्थ्य विभाग की टीम खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी, एडीओ पंचायत कृष्ण पाल सिंह, कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह, चौकी प्रभारी निर्मल कुमार तिवारी स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद रहे। तथा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आज भी खुलेगा एआरटीओ कार्यालय

संवाददाता। सीतापुर

**रविवार साप्ताहिक** अवकाश के दिन भी एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत वाहन पर बकाया टैक्स में लगने वाली पेनाल्टी को माफ किया जा रहा है उन्होंने बताया कि 26 सितंबर तक योजना का आवेदन किया जा सकता है जिसके लिए 1000 की फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा रजिस्ट्रेशन कराने वाले मालिकों के वाहन पर टैक्स के साथ लगी पूरी पेनाल्टी को माफ कर दिया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि आम जनमानस की सुविधा के लिए रविवार को कार्यालय खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 240 से अधिक मोटर मालिकों ने तकरीबन 54 लाख रुपए की पेनल्टी माफ कराई है।

## क्विक न्यूज

### नशे में धुत युवक छत से गिरा, मौत

**संडीला(हरदोई)।** शराब के नशे में धुत एक युवक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम भिटौरी निवासी चालीस वर्षीय हरीशचन्द शराब पीने के लती था। उसने जमकर शराब पी और छत पर पहुंच गया। छत पर खेल रहे बच्चों के साथ वह भी नाचने लगा और संतुलन बिगड़ने से वह छत के नीचे गिर गया। यह देखकर बच्चों ने शोर मचाया तो परिजन दौड़े और उसे उठाकर सीएचसी बेंहदर ले गए। जहां उसके प्राथमिक चिकित्सा दी गयी लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गयी। यह देखकर डॉक्टरों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण संपन्न



पाठ्य पुस्तक वितरित करते भाजपा नगर अध्यक्ष

**संडीला(हरदोई)।** क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। नगर क्षेत्र के डीआरसी कार्यालय पर प्राथमिक विद्यालय अतराफटोला प्रथम एवं द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अतराफटोला के छात्र छात्राओं को भाजपा नगर अध्यक्ष एवं सभासद महेन्द्र कुमार सोनी ने सत्र 2022-23 की पाठ्य पुस्तकें वितरित करते हुए कहा कि पुस्तकों की उपलब्धता से छात्र छात्राओं के अध्ययन में सरलता होगी। गौरतलब है कि सत्र प्रारंभ होने के काफी समय बाद पुस्तके उपलब्ध न होने के कारण अध्ययन एवं अध्यापन में शिक्षक एवं छात्रों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। शिक्षक पिछले सत्र की पुस्तकों के आधार पर ही अध्यापन कार्य कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र के प्रधानाध्यापक अहसन तकवीम के अलावा विद्यालयों के शिक्षक तथा अभिभावकगण के अलावा ब्लाक लिपिक सत्येन्द्र उपस्थित रहे।

### वकील और उसके मुंशी को पीटा

**बरेली ।** उधार में की रकम देने के लिए एक वकील और उनके मुंशी को बुलाकर दूधये नें बुरी तरह पीट दिया जिससे वह घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव अहलादपुर निवासी ओमनाथ सिंह और भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मनहेरा निवासी राम सहाय सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया ओम नाथ ने बताया कि वह वकील है और रामसहाय उनका मुंशी है कुछ दिन पहले सुभाष नगर थाना क्षेत्र में दूध की मंडी के पास रहने वाले जगदीश ने उसे 5500 रुपए उधार लिए थे और वादा किया था कि वह जल्दी ही रकम वापस कर देगा लेकिन कई बार मांगने के बावजूद रकम नहीं लौटाई और आज जगदीश में उसे रकम वापस देने के लिए अपने घर बुलाया था उनके साथ उनका मुंशी राम सहाय सिंह भी था जगदीश नें उन्हें ने कुर्सी पर बैठा दिया और फिर घर से लोहे का सरिया निकाल लाया और हमला कर दिया जिससे वह दोनों घायल हो गए खुद को बचाने के लिए वह घर से बाहर भागे और घटना की शिकायत पुलिस से कर दी है पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी हमलावर फरार बताया जाता है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में आयी चोटें, जिला अस्पताल रेफर

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली इलाके के ग्राम ताहपुर निवासी अखिलेश पुत्र सेठे ने कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह को लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही छोटकन उर्फ जगदीश के बच्चों तथा मेरे बच्चों में किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ, वही दोपहर करीब 12 बजे पीड़ित की मां सेठानी पत्नी सेठे घर के बाहर बैठी थी उसी दौरान गांव के ही कृष्णा पुत्र छोटकन उर्फजगदीश व शबनम पुत्री छोटकन ने पीड़ित की मां सेठानी को गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घुसो तथा लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे जब मौके पर पीड़ित द्वारा बीच बचाव किया जाने लगा तो उक्त लोगों द्वारा पीड़ित अखिलेश को भी मारा पीटा गया तथा पीड़ित की मां के सिर पर बांका से प्रहार किया गया जिसके चलते उन्हें काफी चोटें आई हैं। पीड़ित की मां को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित अखिलेश ने कोतवाली पुलिस को उक्त प्रकरण से अवगत कराते हुए लिखित तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

## कलेक्ट्रेट व तहसील के 17 लिपिक हुए इधर से उधर

# सीतापुर डीएम ने कलेक्ट्रेट के कई वरिष्ठ सहायक लिपिकों के किए तबादले!

संवाददाता। सीतापुर

- मलाईदार पद पर जमे कई लिपिकों का भी हुआ तबादला

**सीतापुर कलेक्टेऊट** से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है, कलेक्टेऊट और तहसीलों में विभिन्न पटलों के 13 वरिष्ठ सहायक और 4 कनिष्ठ सहायको का तबादला किया गया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी ने यह फेरबदल किया है। इनमें कई वरिष्ठ सहायक लम्बे अर्से से मलाईदार पदों पर जमें हुए थे। इस तबादले के बाद कलेक्टेऊट स्टाफ में चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। वित्त एवं राजस्व लिपिक कमर अब्बास रिजवी को एडब्लूबीएन सदर में तैनाती दी गई है, जबकि अपर जिलाधिकारी न्यायिक एफआरसी अतिरिक्त रूप से पेशकार के रूप में सम्बद्ध किया गया है। स्थानीय निकाय लिपिक द्वितीय मनीष कुमार अवस्थी को रीडर अतिरिक्त मजिस्टेऊट के पद पर नई तैनाती दी गई है। जबकि वह स्थानीय निकाय लिपिक के पद पर भी सम्बद्ध रहेगें। अभिलेख पाल न्याय सम्बद्ध अभिलेखागार माल सैयद इमरान रिजवी को सहायक अभिलेखा पाल माल जिलाधिकारी के रीडर बैजनाथ को बिसवां अभिलेखागार माल पद पर तैनाती के साथ जिलाधिकारी न्यायालय से सम्बद्ध किया गया है। अहलमद फौजदारी अतिरिक्त मजिस्टेऊट सम्बद्ध सीलिंग लिपिक रीतू श्रीवास्तव को एसीआर तृतीय पद के साथ सीलिंग कार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। टंकक राजस्व सहायक सम्बद्ध राहत जनगणना रूपनरायण वर्मा को मूल पद पर ही तैनाती के साथ राहत से सम्बंद्धीकरण समाप्त करते हुए कर दिया गया है। हालांकि वह जनगणना का कार्य देखते रहेगें। बिल लिपिक-2 सौम्य स्वरूप श्रीवास्तव स्थानीय निकाय द्वितीय के पद तैनाती दी गई है। जबकि बिल लिपिक द्वितीय से भी वह सम्बद्ध रहेगें। अहलमद माल अतिरिक्त मजिस्टेऊट सम्बद्ध सहायक जिला मजिस्टेऊट संदीप कुमार श्रीवास्तव अहलमद फौजदारी अतिरिक्त मजिस्टेऊट पद पर नवीन तैनाती दी गई है, जबकि इनका सम्बद्ध यथावत रहेगा। प्रति लिपिक अभिलेखागार कलेक्टेऊट सम्बद्ध नजूल अनुवाद कार्य अफ्जाल अहमद को सदर का उर्दू अनुवादक बनाया गया है। जबकि नजूल अनुवाद कार्य से सम्बद्ध रहेगें। एडब्लूबीएन सदर नगर मजिस्टेऊट विमलकान्त वर्मा को वित्त एवं राजस्व लिपिक कलेक्टेऊट के पद पर तैनाती दी गई है, आशू नगर मजिस्टेऊट से सम्बद्ध रहेगें। प्रति लिपिक अभिलेखागार माल कलेक्टेऊट योगेश प्रताप को प्रतिलिपिक तहसील लहरपुर में तैनाती दी गई है। प्रति लिपिक अभिलेखागार माल प्रज्ञा गुप्ता को अरेंजर, वीडर अभिलेखागार न्याय के पद पर तैनाती के साथ राजस्व सहायक अनुभाग से सम्बद्ध किया गया है। अरेंजर मिश्रिख अभिलेखागार माल सम्बद्ध खनन अनुभाग कलेक्टेऊट अक्षत गुप्ता को प्रति लिपिक अभिलेखागार माल के पद पर तैनात करते हुए सम्बद्ध यथावत रखा गया है। एडब्लूबीएन मिश्रिख तहसील हिमांशू सक्सेना को सम्प्रेशक कलेक्टेऊट नायब नाजिर मिश्रिख श्याम बाबू मिश्रा को न्याय लिपिक तहसील लहरपुर के पद पर तैनाती के साथ शासकीय कार्य हित में सम्बद्ध किया गया है। नायब नाजिर तहसील महमूदाबाद जावेद अख्तर एडब्लूबीएन तहसील बिसवां तथा टंकक तहसील बिसवां राघवेन्द्र प्रताप सिंह को टंकक तहसील महमूदाबाद में नई तैनाती दी गई है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आकर छात्रा की दर्दनाक मौत

**संडीला( हरदोई )।** अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आकर विद्यालय से पढ़कर जा रही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौसराखेड़ा मजरे भरिगहना निवासी कमलेश की 14 वर्षीय पुत्री शालिनि स्थानीय आईआर इंटर कॉलजे में कक्षा 9 की छात्रा थी। वह छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर जा रही थी। जब वह गदौरा रोड पर ग्राम पंजाबीखेड़ा के पास पहुंची तो पीछे से अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन एवं अन्य राहगीर उसे उठाकर सीएचसी ले गए जहां उसकी गंभीर हालत हो देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गयी। इस दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने टैक्टर को अपने कब्जे में लिया है। परिजन की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बालिका के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजन को सौंप दिया है। छात्रा की दुखद मृत्यु पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम, अजय कुमार शुक्ला, माध्यमिक शिक्षक संघ प्रांतीय मंत्री आशीष कुमार सिंह, प्रवक्ता मणीन्द्र कुमार गुप्ता, यशवंत सिंह, रमाकांत शुक्ला, रोहित भट्टाचार्य, शिक्षक इंद्रपाल समेत तमाम लोगा मौजूद रहे।



मृतक छात्रा की फाइल फोटो

# याद किए गए वंचित समाज के संत नारायण

- करुणा फाउंडेशन ने आयोजित किया कार्यक्रम
- लोगों से की संत के दिखाये पद पर चलने की अपील

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**अनुसूचित वर्ग** के संत दक्षिण भारत केरल राज्य के नारायण गुरु को उनकी जयंती पर करुणा फाउंडेशन ने एक गोष्ठी आयोजित की।

मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ समाजसेवी चंदन लाल ने कहा कि दलित समाज में छुआछूत, शिक्षा, समानता को लेकर दक्षिण भारत के संत पूज्य नारायण गुरु का सराहनीय योगदान रहा है। नारायण गुरु बहुआयामी प्रतिभा, महान ऋषि, अद्वैत दर्शन के प्रबल प्रस्तावक थे। उन्होंने एक जाति, एक धर्म और एक ईश्वर का नारा दिया। जो यह भुलाया नहीं जा सकता।

करूणा फाउंडेशन की अध्यक्ष वैशाली ने कहा कि नारायन गुरू धार्मिक प्रवृत्ति के थे उनके प्रयास से मंदिरों में जाने के रास्ते खुले, शिक्षा, समता और समानता की बराबरी के लिय उनके संघर्ष भरे आंदोलन आज भी उनकी महानता को दर्शाते हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि श्याम किशोर बेचैन अध्यक्ष परिवर्तन फाउंडेशन ने कहा कि करुणा फाउंडेशन के द्वारा दलित महापुरुषों की जयंती और उनके शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने इतिहास को नहीं जान पाएंगे तब तक हम समाज में बराबरी और अपने हकों को के लिए नहीं लड़ सकते। मानसी भारती ने कहा कि दलितों का इतिहास इस देश में भुलाया नहीं जा सकता इस अवसर पर कोडिनेटर कुंवर विकेन्स, आयुष्मन, मानसी भारती, सुमित गांधी व अंकित आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय एडवेंचर कैंप आयोजित



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर शाखा में दो दिवसीय एडवेंचर कैंप आयोजित किया गया। कैंप ग्रेट रॉकस्पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगाया गया था। कैंप में अनेक गतिविधियां जैसे जिपलाइन, वॉल क्लाइंबिंग, बर्मा ब्रिज, कमांडो क्राउल, कमांडो नेट, लेजर बीम, डबल रोल ब्रिज, टैग आफ वार, मैजिकल मेज, हैंस्टर व्हील, टीरोलीन टॉवर, हिप्टी हॉप रेस आदि ने बच्चों को अद्भुत उत्साह एवं असीम ऊर्जा से भर दिया। सभी गतिविधियां सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण संपन्न कराई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा बताया कि बच्चों में इस तरह की क्रियात्मक गतिविधियां उनमें आत्मविश्वास, इच्छा.शक्ति एवं नेतृत्व की भावना को विकसित करने में सहायक होती हैं।

# नोडल ने की मंत्री समूहों के कार्यवृत्त की समीक्षा

- फैक्ट, फिगर व डाटा पर बारीकी से किया रिव्यु

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



शनिवार को करीब 03:30 बजे जनपदीय नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईएएसए आयुक्त वाणिज्य कर मिनिस्ती एस ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मंत्री समूह द्वारा माह मई व जून में जनपद भ्रमण के दौरान दिए निर्देशों, प्राप्त कार्यवृत्त कि जनपद स्तर पर विभागों द्वारा किए गए अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नोडल अधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर जनपद आगमन पर उनका स्वागत किया। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।नोडल अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए दोनों मंत्री समूह द्वारा किए भ्रमण में दिए निर्देशों, प्राप्त कार्यवृत्त के अनुपालन के संबंध में संबंधित अफसरों से विभागवार विस्तृत जानकारी लीए जरूरी निर्देश दिए। बैठक में नोडल ने अफसरों से अनुपालन के संबंध में फैक्टर, फिगर व डाटा पर बारीकी से रिव्यु किया। बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले की उपलब्धियों, अभिनव पहल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता (जल निगम) (नगरीय) के अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने बैठक में मौजूद उनके अधीनस्थ अधिकारी को निर्देश दिए कि आज शाम तक एक्सईएन उन्हें मंत्री समूह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कृत कार्यवाही से अवगत कराएं। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीएफओ संजय विश्वाल, एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी, डीएसटीओ राजेश कुमार सिंह, डीडीओ अरविंद कुमार व पीडी केके पांडेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## कुछ ही...

साल 31 अगस्त को अपने महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इन ट्विन टावर को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। इससे पहले वर्ष 2014 में भी उच्च न्यायालय ने इन टॉवरों को गिराने का आदेश सुनाया था। एडीफिस एजेंसी के निदेशक उत्कर्ष मेहता ने बताया कि टॉवर गिराने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पहले सभी छेद में विस्फोटक लगाया गया। फ्लोर वाइज वायरिंग की गई और शनिवार से फाइनल जांच भी शुरू कर दी गई है। रविवार को दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग राउंड में जांच की जाएगी। रविवार को दोपहर 12 बजे के बाद टॉवर से कनेक्शन करते हुए केबल 100 मीटर बाहर तक लाई जाएगी और यहीं से बटन दबाया जाएगा। ध्वस्तीकरण के बाद उत्पन्न मलबे के निस्तारण के लिए ध्वस्तीकरण एजेंसी ने सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार किया है। कुल पैदा होने वाले अनुमानित 80,000 टन मलबे का सेग्रीगेशन स्थल पर ही किया जाएगा और इस मलबे से स्टील व कंक्रीट को अलग किया जाएगा। करीब 50,000 टन मलबा सुपरटेक ट्विन टावर के दो बेसमेंट में समायोजित करने की तैयारी है। नियमों को ताक पर रखकर बनाई गई इस गगनचुंबी इमारत के निर्माण में नोएडा विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों और बिल्डर की मिलीभगत की बात साबित हुई है। मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार सदस्यों की समिति से जांच कराई। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है।

## फोगाट मामला...

दिया गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए फोगाट के सहयोगी सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गांवकर से मादक पदार्थ खरीदा था। उन्होंने कहा कि गांवकर और न्यूंस के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूर्व टिक टॉक कलाकार और रियलिटी शो बिग बॉस के 14वें सत्र की प्रतिभागी रहीं फोगाट की गोवा आने के एक दिन बाद 23 अगस्त को मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गांवकर ने सांगवान और सिंह को मादक पदार्थ बेचा था जिन्होंने फोगाट को कर्लीज रेस्तरां में 22 और 23 अगस्त की रात में मादक पदार्थ दिया था। घटना न्यूंस के रेस्तरां में होने के कारण उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को कहा था कि सांगवान और सिंह ने पानी में कथित तौर पर कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया था और उसे फोगाट को पीने के लिए मजबूर किया था। उल्लेखनीय है कि फोगाट (42) को 23 अगस्त की सुबह उनके होटल से उत्तरी गोवा जिले में अंजुना स्थित सेंट एंथनी हॉस्पिटल मृत हालत में लाया गया था। गोवा विधानसभा में विपक्ष के नेता माइकल लोबो ने कहा, कई नेताओं ने कहा कि उनकी (फोगाट की) मौत दिल का दौरा पडने से हुई। लेकिन आखिरकार यह खुलासा हुआ कि उनकी हत्या की गई है। प्रत्येक पहलू की जांच की जानी चाहिए। इस तरह के मामले की सीबीआई से जांच कराने की जरूरत है।

## आने वाले...

प्रतीक रही खादी के साथ (देश की) आजादी के बाद दोयम दर्जे के उत्पाद जैसा व्यवहार किया गया। प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यहां साबरमती नदी के तट पर आयोजित खादी उत्सव के दौरान यह कहा। मोदी ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के दौरान शनिवार को करीब 7,500 महिलाओं ने कार्यक्रम में एक साथ चरखा चला कर एक कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है कि खादी स्वतंत्रता संघर्ष के लिए प्रेरणा का एक स्रोत बन गई और गुलामी की बेड़ियां तोड़ डाली। इसी तरह से खादी भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान खादी को आत्मसम्मान का प्रतीक बना दिया था। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद इसी खादी के साथ दोयम दर्जे के उत्पाद जैसा व्यवहार किया गया। इसके चलते खादी एवं ग्रामोद्योग नष्ट हो गया तथा इससे हमारे बुनकर प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद खादी की अनदेखी की गई जिसके चलते देश में बुनकरों की स्थिति खराब हो गई। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत खादी उत्सव का आयोजन किया जा रहा।

## अर्जेंटीना ने...

साथ संयुक्त आयोग की बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता की। वहीं, पराग्वे में उन्होंने नए खुले भारतीय दूतावास के परिसर का उद्घाटन किया। इस दूतावास ने जनवरी 2022 में काम करना शुरू कर दिया है।

# करंट की चपेट में आकर बच्चे की मौत

- लोगों ने शव को सड़क पर रखकर काटा हंगामा
- पिता की तहरीर पर शटर मालिक पर रपट दर्ज

संवाददाता । बेहजम-खीरी



**नीमगांव थाना** क्षेत्र की बेहजम चौकी के कस्बे में सुबह अपने घर से स्कूल जा रहे मासूम बच्चे की गली में दुकान पर पड़ी टीन शेड में दौड़ रहे बिजली करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम मितौली मौके पर पहुंचे। लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कस्बे के निवासी जौबाद खां का 13 वर्षीय सादान घर से स्कूल जा रहा था। रास्ते में गली के पास से परशुराम की आलू की दुकान पर पड़ी टीन शेड में दौड़ रहे बिजली के करंट की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण पास में ही बेहजम सीएचसी लेकर दौड़े वहां डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। देखते ही देखते परिजनों और सैकड़ों लोग शव को नीमगांव सड़क पर रख कर प्रदर्शन करना चाहा।

घटना की सूचना पर एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय और मितौली एसओ सुनीत कुमार चौकी प्रभारी बेहजम सुनील बाबू अवस्थी दरोगा कृष्ण चन्द्र तिवारी दरोगा गौरव सिंह के साथ काफी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर रास्ते को खुलवाया। वहीं मृतक बच्चे के पिता जौबाद खां पुत्र जहांगीर ने आरोपी परशुराम के विरुद्ध दुकान पर कटिया डालकर बिजली करंट से हुई मौत पर तहरीर दी है। एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय ने मृतक बच्चे के परिजनों को आर्थिक सहायता और आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की बात कही है। वहीं बेहजम चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# शिवसेना के विद्रोही गुट ने आदित्य को युवराज करार दिया

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना के** नेता आदित्य ठाकरे ने बागी धड़े पर अपना हमला तेज करते हुए उन्हें गद्दार बताया, जबकि असंतुष्ट धड़े ने ठाकरे परिवार के किसी सदस्य को निशाना नहीं बनाने का संकल्प तोड़ते हुए पूर्व मंत्री को युवराज करार दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े के विधायकों को लगता है कि आदित्य ठाकरे ने सीमा पार की है और वह उनके खिलाफ झूठ फैला रहे हैं, जिसस उन पर पलटवार करने का समय आ गया है। असंतुष्ट विधायकों ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य पर निशाना साधते हुए विधानसभा सत्र के आखिरी दिन विधान भवन की सीढ़ियों पर बैठकर उनके खिलाफ बैनर दिखाए, जिन पर लिखा था, युवराजांची दिशा चुकली (युवराज रास्ता भटक गया है)।

आदित्य ने पलटवार करते हुए बागी विधायकों पर पैसे के लिए पार्टी से बगावत करने का आरोप लगाते हुए 50 खोखे, एकदम ओके के नारे लगाए। इन विधायकों की बगावत के कारण उद्धव नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार जून में गिर गई थी और एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिंदे के वफादारों ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव और आदित्य पर निशाना साधते हुए बुधवार को भी इसी प्रकार विरोध किया था। उन्होंने शिवसेना के नियंत्रण वाली बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बैनर दिखाए थे। साथ ही आरोप लगाया था कि ठाकरे पिता-पुत्र ने सत्ता के लिए हिंदुत्व से समझौता किया। कुछ बैनर पर लिखा था, राजा (उद्धव) कोविड-19 के डर से घर में रहे, जबकि युवराज (आदित्य) ने खजाना लूटा। शिंदे गुट ने बीएमसी में ठाकरे पिता-पुत्र के सहयोग से भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ जून में विद्रोह करने के बाद से विधायकों ने संभवत: पहली बार ठाकरे पिता-पुत्र को निशाना बनाया है। आदित्य पिछले कुछ दिन से बागी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और उन्हें गद्दार बताते हुए उन पर ऐसे समय में उनके पिता की पीठ पर छुरा घोंपने का आरोप लगा रहे हैं, जब वह बीमार थे। मुंबई के माहिम से विधायक एवं शिवसेना के बागी धड़े में शामिल सदा सर्वांकर ने कहा, वह (आदित्य) हमें गद्दार कहते हैं, लेकिन उन्होंने ही राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) और कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर हिंदुत्व की पीठ में छुरा घोंपा है। हम कब तक उनके इन आरोपों को सुनेंगे। शिवसेना के एक अन्य बागी विधायक संजय शिरसाट ने कहा कि आदित्य द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का मुलाबला करने के लिए उन पर हमला करना आवश्यक है। शिवसेना के एक अन्य बागी विधायक योगेश कदम ने भी कहा, अभी तक हम चुप थे, क्योंकि ठाकरे उपनाम उनके साथ जुड़ा है। लेकिन अगर अब आप हम पर हमला करेंगे तो हम चुप नहीं बौंगे। बहरहाल, शिवसेना इसे आदित्य की जीत के तौर पर देख रही है।

## अधिकारी मुंबई में दशहरा रैली के लिए किए गए आवेदन को स्वीकार नहीं कर रहेः आदित्य ठाकरे



**नागपुर।** शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने शनिवार को आरोप लगाया कि अधिकारी, पार्टी की वार्षिक दशहरा रैली की अनुमति के लिए दिए गए आवेदन को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दशकों से शिवसेना मुंबई के दादर इलाके स्थित शिवाजी पार्क में दशहरा रैली करती रही है। यह रैली दिवंगत शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के उग्र भाषणों का पर्याय होती थी। यहां हवाई अड्डे पर ठाकरे से मीडिया ने शिवसेना के दोनों गुटों- उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट- द्वारा रैली की अनुमति मांगे जाने के बारे में पूछा गया। इसपर उन्होंने कहा, शिवसेना मुंबई में वार्षिक दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति मांग रही है, लेकिन अधिकारी हमारा आवेदन स्वीकार नहीं कर रहे हैं। यह (एकनाथ शिंदे गुट) दमनकारी सरकार है। जब यह पूछा गया कि क्या एकनाथ शिंदे गुट दशहरा रैली को हाईजैक करने की कोशिश कर रहा है तो आदित्य ठाकरे ने कहा कि लोग जान चुके हैं कि बागियों के पीछे कौन है और वे उन्हें पसंद नहीं करते। उन्होंने कहा कि शिवसंवाद यात्रा को पूरे राज्य में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बाला साहेब ठाकरे के पोते आदित्य ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र और देश की जनता ने देख लिया कि यह (शिंदे सरकार) खोके की सरकार (बागी विधायकों ने रुपए लेकर पाला बदला है और महाराष्ट्र में खोखा का अभिप्राय एक करोड़ रुपए से होता है)है।



त्रिपुरा में शांति काली मंदिर के उद्घाटन अवसर पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ अन्य संत

# न्यायमूर्ति अरुमुघस्वामी आयोग ने जयललिता की मौत मामले में तमिलनाडु सरकार को रिपोर्ट सौंपी

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु की** पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मौत की परिस्थितियों की जांच करने वाले आयोग की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट शनिवार को राज्य सरकार को सौंपी गई। इस रिपोर्ट को 29 अगस्त को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। न्यायमूर्ति अरुमुघस्वामी ने 150 गवाहों को सुनने के बाद यह रिपोर्ट तैयार करने के बाद इसे मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को सौंपा और कहा कि अब इसे सार्वजनिक करने का फैसला सरकार पर निर्भर है। राज्य सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि रिपोर्ट को सोमवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में रखा जाए और उचित कार्वाई की जाए।

सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने राज्य में अप्रैल 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जयललिता की मौत की परिस्थितियों की उचित जांच करने और दोषी पाए जाने पर फिर से कानूनी कार्वाई शुरू करने का वादा किया था। पूर्ववर्ती अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सरकार द्वारा गठित अरुमुघस्वामी जांच आयोग ने 22 नवंबर 2017 को मामले की जांच शुरू की थी। न्यायमूर्ति अरुमुघस्वामी मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति अरुमुघस्वामी ने बाद में पत्रकारों से कहा कि लगभग 150 गवाहों को सुनने के बाद अंग्रेजी में 500 पृष्ठों और तमिल में 608 पृष्ठों की रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने कहा, केवल सरकार ही रिपोर्ट प्रकाशित करने का फैसला कर सकती है। रिपोर्ट में सभी संबंधित पहलुओं का उल्लेख किया गया है।

## ओडिशा में तीन दिन के भीतर बिजली के झटके से तीसरे हाथी की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में बिजली का झटका लगने से दो मादा हाथियों की मौत के बाद शनिवार को प्रदेश के अंगुल जिले में करंट लगने से एक अन्य हाथी की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक अधेड़ उम्र का हाथी अंगुल जिले के सतकोसिया वन्यजीव अभयारण्य के पम्पासर क्षेत्र के जगन्नाथपुर बीट हाउस से करीब 500 मीटर दूर वन क्षेत्र में एक शिकारी द्वारा कथित तौर पर बिछाए गए करंट वाले तार के संपर्क में आ गया। मुख्य क्षेत्रीय वन संरक्षक, जोगा नंदा ने बताया कि सतकोसिया संभाग के वन अधिकारी सरोज पांडा और सहायक वन संरक्षक शुभेंदु बेहरा घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और घटना की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि 25 अगस्त को क्योंझर जिले के सदर वन क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में दो मादा हाथियों की बिजली का झटका लगने से मौत हो गई थी।

# भाजपा असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है : केटी रामाराव

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना राष्ट्र** समिति (टीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बढ़ती कीमतों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ध्रुवीकरण के मुद्दे को उठा रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि सरकार का काम शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अच्छी सड़कें, कानून-व्यवस्था मुहैया कराना है, लेकिन वे पार्टी की प्राथमिकता नहीं हैं। टीआरएस नेता ने कहा कि इसके बजाय, वे (भाजपा) इस बारे में बात करते हैं कि किसी को क्या खाना चाहिए, बोलना चाहिए और क्या करना चाहिए तथा एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,000 रुपए तक जाने के बारे में पूछे जाने पर चुप रहते हैं। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे रामा राव ने कहा, देश में जीडीपी बढ़ रही है। आप जानते हैं कि जीडीपी क्या है? गैस, डीजल और पेट्रोल, की कीमतें बढ़ रही हैं। वे (भाजपा) उस बारे में बात नहीं करते हैं। फिर, कैसे (जनता का) ध्यान हटाना है? ऐसे में (वे) हलाल, हिजाब, मुनव्वर फारूकी की बातें करते हैं। बी आर आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षा के लिए अध्ययन सामग्री जारी करने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, कौन सा भगवान हमें उनके नाम पर आपस में लड़ने के लिए कहता है? क्या किसी भगवान ने ऐसा कहा है? किसी धर्म के भगवान ने कहा है? मंत्री रामा राव ने कहा कि पीने के पानी, भूख और अन्य से संबंधित समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1987 में चीन और भारत की अर्थव्यवस्था एक ही आकार की थी, अब चीन 16 ट्रीलियन डॉलर के आकार तक पहुंच गया है। रामा राव के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने दावा किया कि हालांकि, तेलंगाना ने पिछले आठ वर्षों के दौरान काफी उन्नति की है।

## जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने सियालकोट के निवासी मोहम्मद शाबाद (45) को सीमा पार से अरनिया सेक्टर में घुसने की कोशिश करते देखा। उन्होंने बताया कि उन्होंने उसे चेतावनी देने के लिए कुछ गोलियां चलाईं और उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि शाबाद के पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इससे पहले, 25 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए के पास से आठ किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद करके नशीले पदार्थों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया था। इस दौरान सुरक्षा बलों की कार्वाई में घुसपैठिया घायल हो गया था, लेकिन वह वापस पाकिस्तान भाग गया था।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेश किया पहाड़ी गमछा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हिमालयन सेंटर की ओर से तैयार किए गए पहाड़ी गमछा को पेश किया। धामी ने अपने सरकारी आवास से इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि ब्रह्मकमल टोपी की तरह पहाड़ी गमछा भी उत्तराखंड की पहचान का प्रतीक बनेगा। हिमालयन सेंटर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) समीर शुक्ला ने उनके उत्पाद को लॉन्च करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। समीर ने कहा कि वह उत्तराखंड के अनूठे वस्त्रों और पोशाकों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में प्रयासरत है। इस साल फरवरी में हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पूर्व अपनी सभाओं में प्रधानमंत्री के ब्रह्मकमल टोपी पहनने के बाद से इसकी लोकप्रियता बढ़ी है।

### पंजाब के होशियारपुर में अज्ञात लोगों ने एटीएम तोड़कर 17 लाख रुपए की नकदी लूटी

**होशियारपुर (पंजाब)।** होशियारपुर जिले से करीब 23 किलोमीटर दूर भाम गांव में कुछ अज्ञात लोग गैस कटर से एक एटीएम तोड़कर 17 लाख रुपए नकदी लेकर फरार हो गए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक दलजीत सिंह खाख ने बताया कि ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) के पास और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच जारी है। पंजाब नेशनल बैंक (भाम शाखा) के सहायक प्रबंधक जसवीर सिंह ने बताया कि घटना तड़के करीब दो बजकर 40 मिनट पर हुई थी। कार में आए चोर अपने साथ करीब 17 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। हालांकि, पुलिस का कहना है कि चोरों की असल संख्या का अभी पता नही चल पाया है। खाख ने कहा कि छब्बेवाल थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस सोनाली फोगाट हत्या मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही: कांग्रेस नेता लोबो

**पणजी।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट की कथित हत्या की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की शनिवार को मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है। फोगाट की मंगलवार को गोवा में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी, जिसके बाद राज्य पुलिस ने उनके निजी सहायक सहित दो लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। गोवा विधानसभा में विपक्ष के नेता माइकल लोबो ने कहा, कई नेताओं ने कहा कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी, लेकिन अंत में उनकी हत्या किए जाने की बात सामने आई है। हत्या के इस मामले में जो सामने दिखाई दे रहा है, उसके अलावा भी बहुत कुछ छिपा है। हर पहलू की जांच किए जाने की जरूरत है। सच्चाई का पता लगाने के लिए इस तरह के मामलों की सीबीआई से जांच कराए जाने की आवश्यकता है।

### कर्नाटक में एक मठ के मुख्य पुजारी समेत पांच पर पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

**मैसुरु।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिला स्थित एक प्रमुख मठ के मुख्य पुजारी समेत पांच व्यक्तियों पर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने को लेकर बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई के एक अधिकारी की शिकायत के आधार पर नजरबाद थाने में यह शिकायत दर्ज की गई। उनके अनुसार मठ द्वारा संचालित छात्रावास का वार्डन भी आरोपियों में शामिल है। सूत्रों का कहना है कि शिकायत का आधार उन दो लड़कियों का बयान है, जिन्होंने पुजारी पर करीब दो साल से उनका यौन उत्पीड़न करने तथा अन्य पर इस हरकत में पुरोहित का कथित रूप से साथ देने का आरोप लगाया था। बताया जाता है कि इन लड़कियों ने यहां गैर-सरकारी सामाजिक संगठन ओडनाडी सेवा समस्थे से संपर्क किया था और शुक्रवार रात को परामर्श सत्र के दौरान उन्होंने उन्हे आपबीती बताई थी। उसके बाद संगठन ने पुलिस प्रशासन से संपर्क किया। सूत्रों के मुताबिक, मैसुरु पुलिस ने प्राथमिक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली है और अब इस मामले को चित्रदुर्ग में क्षेत्राधिकार वाले थाने को स्थानांतरित किया जाएगा, क्योंकि यह कथित अपराध वहां हुआ है।

### मेघालय में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से बांग्लादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी जयंतिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक जगपाल सिंह धनोआ के मुताबिक, गुप्त सूचना मिली थी कि बांग्लादेशी नागरिकों के एक समूह को शुक्रवार को पिरताकुना गांव के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे जंगल में देखा गया है।इस पर कार्वाई करते हुए पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने मिस्बा उद्दीन (31) और बदरूल आलम (30) को पकड़ लिया, जबकि अन्य लोग बांग्लादेश वापस भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति बांग्लादेश के दर्पोनगर गांव के निवासी है। धनोआ ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने बांग्लादेश के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो पिछले कुछ महीनों से कुलियांग-राताचेरा इलाके में बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ कराने में मदद कर रहे थे। धनोआ ने बताया कि मिस्बा उद्दीन पहले भी कई अन्य मामलों में वांछित है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है और जांच जारी है। गौरतलब है कि मेघालय बांग्लादेश के साथ 443 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है, जिसमें से 20 प्रतिशत दुर्गम इलाके में बाड़ मौजूद नही है।

### आजाद के त्यागपत्र में राहुल पर निजी खुन्नस में निशाना साधा गयाः सचिन पायलट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शनिवार को कहा कि गुलाम नबी आजाद के त्यागपत्र में राहुल गांधी पर निजी खुन्नस में निशाना साधा गया तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना गलत है। पायलट ने यह भी कहा कि आजाद के त्यागपत्र का समय बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और जब कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी सरकार के कुशासन का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है तो ऐसे समय आजाद ने अपनी जिम्मेदारी नही निभाई। उन्होंने कहा, आजाद करीब 50 वर्षों के दौरान कई पदों पर रहे। अब देश और पार्टी के लिए काम करने और लोगों के मुद्दे उठाने की जरूरत थी, ना कि इसकी (त्यागपत्र) जरूरत थी। राहुल गांधी पर आजाद के हमले के बारे में पूछे जाने पर राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 की चुनावी हार के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना उचित नही है।पायलट ने कहा, हम सभी संप्रग सरकार का हिस्सा थे, उसमें आजाद साहब भी शामिल थे। ऐसे में किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना ठीक नही है। उनका कहना था कि आजाद के त्यागपत्र में राहुल गांधी पर निजी खुन्नस में निशाना साधा गया है। राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष आजाद ने शुक्रवार को अपने त्यागपत्र में संप्रग सरकार के समय राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की प्रति फाड़े जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अपरिपक्वता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण था।



पुडुचेरी में समुद्र के सफाई अभियान की शुरुआत करते कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव

## जम्मू कश्मीर में कांग्रेस ने पार्टी छोड़ने वालों पर निशाना साधा

**जम्मू।** गुलाम नबी आजाद के समर्थन में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले जम्मू-कश्मीर के नेताओं पर शनिवार को पार्टी ने हमला बोला। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई ने दावा किया कि केवल वही लोग पार्टी को छोड़ रहे हैं जो आठ साल से निष्क्रियता बरत रहे थे और उनका वही हाल होगा जो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का हुआ। आजाद ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और आरोप लगाया था कि पार्टी नेतृत्व आंतरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर अपरिपक्व और बचकाने व्यवहार का आरोप भी लगाया था। कांग्रेस ने उन पर पलटवार करते हुए पार्टी को धोखा देने का आरोप लगाया था और कहा था कि उनका डीएनए मोदी-मय हो गया है। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ खड़ा है।

# प्रधानमंत्री मोदी चुनावी राज्य कर्नाटक की यात्रा करने के लिए सहमतः एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस एदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2023 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उनके अनुरोध पर कम से कम महीने में एक बार कर्नाटक की यात्रा करने के लिए सहमत हो गए हैं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिल्ली में थे। उन्होंने यहां कहा कि कोई भी ताकत भाजपा को कर्नाटक की सत्ता में आने से नहीं रोक सकती। एदियुरप्पा ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कर्नाटक में राजनीतिक स्थिति के बारे में जानना चाहा। मैंने प्रधानमंत्री से राज्य का दौरा करने का अनुरोध किया और उन्हें आश्वस्त किया कि भाजपा 140 सीट (कुल 224 सीट में) जीतेगी और सत्ता में लौटेगी।

नई दिल्ली से लौटने पर यहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दो सितंबर को मंगलुरु का दौरा करने वाले हैं और एक बड़े कार्यक्रम की योजना है जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। एदियुरप्पा ने कहा, मैंने मोदी जी से राज्य के विभिन्न हिस्से का और कम से कम महीने में एक बार राज्य का दौरा करने का अनुरोध किया। मैंने इस बारे में नड्डा से भी बातचीत की। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और सभी प्रयास करेंगे। पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल किए जाने के बाद एदियुरप्पा की राष्ट्रीय राजधानी की यह पहली यात्रा थी। राज्य के मंत्रियों और विधायकों द्वारा सरकारी ठेकों में 40 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने संबंधी ठेकेदारों के संघ के आरोप के बारे में पूछे जाने पर एदियुरप्पा ने कहा, महज इसलिए कि कुछ मूर्ख लोग किसी के प्रभाव में आकर इस तरह के झूठे आरोप लगा रहे हैं, यह सच नहीं हो सकता।

# मेघालय विधानसभा चुनाव में एनपीपी किसी से गठबंधन नहीं करेगी : कोनार्ड संगमा

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेघालय के** मुख्यमंत्री कोर्नाड संगमा ने शनिवार को कहा कि उनकी नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित किसी भी पार्टी से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने हालांकि, स्पष्ट किया कि एनपीपी, केंद्र में भाजपा नीति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में बनी रहेगी। संगमा ने कहा कि दोनों पार्टियों की विचारधारा कई मुद्दों पर अलग-अलग है। मेघालय में अगले साल के शुरुआत में चुनाव होने हैं।

एनपीपी अध्यक्ष संगमा ने यहां पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा सहित किसी भी दल से गठबंधन नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनपीपी ने कभी किसी राज्य में चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं किया है। संगमा ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी ओडिशा और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भी अपने दम पर लड़ेगी। मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि एनपीपी मुख्य तौर पर मेघायल, नगालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के चुनाव पर ध्यान केंद्रित करेगी।

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में एनपीपी ने मेघालय में अकेले चुनाव लड़ा था और कांग्रेस के बाद दूसरे स्थान पर आई थी। हालांकि, बाद में उसने भाजपा से गठबंधन कर राज्य में सरकार बना ली। राज्य में भाजपा के दो विधायक है और वह एनपीपी नीत सरकार में वर्ष 2018 से ही कनिष्ठ सहयोगी है। संगमा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के तौर पर द्रौपदी मुर्मू के चुनाव के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आखिरकार गुलाम नबी आजाद ने खुद को आजाद कर ही लिया: सिंधिया



**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस पार्टी से अपने पांच दशक पुराने संबंध खत्म करने के एक दिन बाद केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आखिरकार गुलाम नबी ने भी खुद को आजाद कर ही लिया। कांग्रेस को 2020 में अलविदा कह भाजपा में शामिल हुए सिंधिया ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा, जहां तक कांग्रेस की बात है यह तो कई महीनों और सालों (वर्षों) से स्पष्ट है कि उसकी अंदरूनी स्थिति क्या है। मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं और सकारात्मक सोच और विचारधारा के साथ विकास और प्रगति में लगा हूं लेकिन जरूर कहीं न कहीं अंत में गुलाम नबी जी भी स्वयं आजाद हो चुके हैं। आजाद ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया तथा नेतृत्व पर आंतरिक चुनाव के नाम पर पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर धोखा करने का आरोप लगाया। इस बीच, नागर विमानन मंत्री ने अपनी पहचान भाजपा कार्यकर्ता के रूप में बताते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। सिंधिया शनिवार को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने ग्वालियर पहुंचे हैं।

# कांग्रेस डूबता जहाज, आजाद ने इस्तीफे के साथ वाजिब मुद्दे उठाएः फड़णवीस

**भाषा।** नागपुर



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है और गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा देने के दौरान वाजिब मुद्दे उठाए। उल्लेखनीय है कि आजाद ने प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अपरिपक्व और बचकाना शख्स करार दिया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर आरोप लगाया है कि उसने शीर्ष पद पर गैर गंभीर व्यक्ति को थोपा है। फडणवीस ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है और जो लोग सोचते हैं कि इस जहाज को बचाया नहीं जा सकता वे अलग फैसले ले रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता फडणवीस ने कहा, मेरा मानना है कि आजाद द्वारा उठाए गए कुछ सवाल वाजिब हैं। हालांकि, यह उनका अंदरूनी मामला है और मैं उनपर टिप्पणी नहीं करूंगा। गौरतलब है कि 73 वर्षीय आजाद गत पांच दशक से कांग्रेस से जुड़े हुए थे। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पर पार्टी से लेकर पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की संस्थागत पवित्रता तक खंडित करने के लिए रिमोट कंट्रोल मॉडल का कथित इस्तेमाल करने को लेकर सियासी हमला किया। शिवसेना द्वारा मराठा संगठन संभाजी ब्रिगेड के साथ हाथ मिलाने के फैसले पर फडणवीस ने कहा कि जब किसी का विनाश या पतन का समय आता है तो वह बुद्धिमानी से सोचने में असफल होता है। दशहरा करीब आने वाला है और इसके मद्देनजर शिवसेना के दोनों गुट (उद्धव ठाकरे नीत और एकनाथ शिंदे नीत) वार्षिक दशहरा रैली की अनुमति चाहते हैं। जब फडणवीस से पूछा गया कि क्या शिवसेना के दोनों प्रतद्वंद्वी गुटों को मुंबई में रैली की अनुमति दी जाएगी, तो राज्य के गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे।

# पाकिस्तान ने कश्मीर में अपने नागरिक की मौत पर भारत से विरोध जताया

● भारतीय दूतावास के प्रभारी (चार्ज डी अफेयर्स) को तलब किया



**भाषा। इस्लामाबाद**

**कश्मीर में** एक पाकिस्तानी कैदी की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए पाकिस्तान ने यहां भारतीय दूतावास के प्रभारी (चार्ज डी अफेयर्स) को तलब किया। पाकिस्तान ने अपने नागरिक की मौत को फर्जी मुठभेड़ करार दिया है। पाकिस्तानी विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारतीय दूतावास के प्रभारी को शुक्रवार को विदेश मामलों के मंत्रालय में बुलाया गया था। बयान के अनुसार, भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा फर्जी मुठभेड़ में पाकिस्तानी कैदी मोहम्मद अली हुसैन की हत्या के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। हुसैन 2006 से ही कश्मीर के कोट भलावल जेल में कैद था।

विदेश विभाग के अनुसार, वास्तविकता यह है कि हुसैन की मौत और कुछ नहीं, बल्कि सोच-समझकर की गई हत्या है। विदेश विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की हिरासत में कैद पाकिस्तान के अन्य कैदियों की रक्षा, सुरक्षा और कल्याण को लेकर चिंता बढ़ गई है। पाकिस्तान ने मांग की है कि भारत सरकार उक्त घटना की पूरी जानकारी, मौत का कारण स्पष्ट करने वाला सही पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्द उसे उपलब्ध कराए और पाकिस्तानी कैदी की हत्या के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की जवाबदेही तय करने के लिए पारदर्शी तरीके से मामले की जांच कराए। विदेश विभाग ने कहा, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह मृतक के पार्थिव शरीर को उसके परिजनों के इच्छानुसार तत्काल पाकिस्तान भेजने का प्रबंध करे।

## भारतीय अमेरिकियों ने टेक्सास में नस्ली हमले की निंदा की

**भाषा। वाशिंगटन**

**भारतीय-अमेरिकी** संगठनों ने टेक्सास में चार भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के समूह के खिलाफ घृणा अपराध की शुक्रवार को निंदा की। टेक्सास के प्लानो से आरोपी महिला एस्मेराल्डा अप्टन को बुधवार को एक पार्किंग स्थल में चार दक्षिण एशियाई महिलाओं से नस्ली दुर्व्यवहार करने, उन पर शारीरिक हमले करने एवं उन्हें अपशब्द कहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इंडियास्पोरा के संजीव जोशीपुरा ने कहा, भारतीय मूल की चार महिलाओं को प्लानो, टेक्सास में नस्ली आधार पर अपशब्द कहने और उन्हें परेशान करने तथा दुर्व्यवहार करने की हालिया खबर ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में नजर आ रहा है कि शांति से रात्रिभोज करने बाद चार दोस्तों को उपनगर के एक पार्किंग स्थल में अशोभनीय घृणा का सामना करना पड़ा।

# रूस ने परमाणु संधि सम्मेलन में अंतिम दस्तावेज को बाधित किया

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**रूस ने परमाणु** निरस्त्रीकरण की आधारशिला समझी जाने वाली संयुक्त राष्ट्र की संधि की चार सप्ताह तक चली समीक्षा के अंतिम दस्तावेज पर समझौते को शुक्रवार को बाधित कर दिया। इस दस्तावेज में यूक्रेन पर रूसी बलों के हमले के बाद यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र पर सैन्य कब्जे की निंदा की गई है। इस सैन्य कब्जे ने परमाणु हादसे की आशंकाएं पैदा कर दी हैं। रूसी विदेश मंत्रालय के निरस्त्रीकरण एवं शस्त्र नियंत्रण विभाग के उप निदेशक इगोर विश्नेवेत्की ने 50 साल पुरानी परमाणु अप्रसार संधि की समीक्षा कर रहे सम्मेलन की देरी से हुई अंतिम बैठक में कहा, दुर्भाग्य से इस दस्तावेज पर कोई आम सहमति नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि केवल रूस ही नहीं, बल्कि कई देश 36 पृष्ठीय अंतिम दस्तावेज में शामिल किए गए कई मामलों से सहमत नहीं हैं। दस्तावेज को पारित करने के लिए परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के मकसद से की गई संधि के सभी पक्षकार 191 देशों की मंजूरी की आवश्यकता थी। सम्मेलन के अध्यक्ष एवं अर्जेंटीना के राजदूत गुस्तावो ज्लाउविनेन ने कहा कि अंतिम मसौदे में एक प्रगतिशील परिणाम के लिए सभी पक्षों के अलग-अलग विचारों को रखने और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के सर्वोत्तम प्रयासों का ऐसे समय में प्रतिनिधित्व किया गया, जब हमारी दुनिया बढ़ते संघर्षों और सबसे खतरनाक रूप से, अकल्पनीय परमाणु युद्ध के बढ़ते खतरे का सामना कर रही है। लेकिन विश्नेवेत्की के बोलने के बाद, ज्लाउविनेन ने प्रतिनिधियों से कहा, मैं देख रहा हूं कि सम्मेलन इस समय अपने मौलिक कार्य पर सहमति बनाने करने की स्थिति में नहीं है। एनपीटी का समीक्षा सम्मेलन हर पांच साल में होता है, लेकिन कोविड-19 के कारण इस बार इसमें देरी हुई।

## रूस ने परमाणु संयंत्र के नजदीकी शहरों पर गोलाबारी की : यूक्रेन

**भाषा। कीव**

**यूक्रेन के** अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया कि रूसी सेनाओं ने यूरोप के सबसे बड़े जैपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट नीपर नदी के उस पार यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों में मिसाइल और तोप से हमले किए हैं। इसके साथ ही उक्त परमाणु संयंत्र की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है, जो इस समय रूसी कब्जे में है और जिसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के गवर्नर वालेंटिन रेजनिचेंको ने बताया कि ग्राड मिसाइल और तोप के गोलों से निकोपोल और मारहानेट्स पर हमले किए गए हैं। यह क्षेत्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट नीपर नदी के उस पार मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित है। रूसी सेना ने इस परमाणु संयंत्र पर युद्ध की शुरुआत में ही कब्जा कर लिया था और यूक्रेन के कर्मी इसका परिचालन कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक दूसरे पर संयंत्र पर गोलाबारी करने का आरोप लगा रहे हैं जिससे इलाके में युद्ध भड़कने और विनाश होने की आशंका पैदा हो गई है। अधिकारियों ने संयंत्र के करीब रहने वाले लोगों के बीच शुक्रवार को आयोडिन की टैबलेट बांटने की शुरुआत की। ताकि विकिरण होने की स्थिति में बचाव हो सके।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Satish kumar Agarwal has acquired the One Shop bearing Pvt. No. 3, on ground floor without roof rights, area measuring 22.57 sq. mtrs. "Said Shop" part of property no. 75, out of khasra no. 463, situated at abadi of New Vijay Nagar no. 1, known as Vijay Block, laxmi Nagar, in the area of village Mandawali Fazalpur, Illaqa Shahdara, Delhi 110092 by way of two separate Sale Deeds both dated 29.05.2009 Doc nos. 6177 & 6178. Now, Mr. Satish kumar Agarwal is mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| JH05N5005, | DL8SN8488, | HR20W0022, |
| HR01P9993, | DL4SAW9624, | DL4SAS7437, |
| DL9SE3038, | DL8SP3882, | DL4SAM8758, |
| DL4SF0642, | DIP1135, | DL6SC0993, |
| DL4SV7877, | DL8SB1566, | DL4SAN7933, |
| DL8SN4055, | DL1SH4779, | CH01AA8999, |
| DL3CAB5438, | DL4SK6812, | DL13C0590, |
| DL3CAQ4241, | DL6S5173, | DL7CD6162, |
| DL1CM2803, | DL8S3759, | DL4CS9081, |
| DL3CAT1356, | DL8SU0426, | DL6CG7868, |
| DL3CAK6431, | DL8SW4327, | DL6CJ6093, |
| DL9CX0081, | DL8SAF8553, | DL8C5543, |
| DL3CAJ1753, | DLISS5960, | DL9CE6011, |
| PB02AP8885, | DL4SAD1769, | DL2CL0287, |
| DL9CJ0115, | DL8SJ7287, | DL4CS0488, |
| CHSN0823302, | DL8SN6221, | DHZ10, |
| DL9CB6412, | DL2CAB1225, | DL4SAM4330, |
| DL8CF5176, | DL8CK4236, | DDH7683, |
| DL4SAA9253, | DL4SAN5197, | DL4SQ5686, |
| DL8SZ8189, | DL4SAU7899, | DL3SB3931, |
| DL6SV0357, | DL8SA0458, | DL2CN9417, |
| DL8CK0826, | DL8SAB5177, | UP33L4265, |
| DL1CH8927, | DL8SM0951, | DL3CAS3364, |
| DL9CD9792, | DL8SNB0678, | DL2CAF6133, |
| DL1SF8133, | DL8SN9427, | DL2CAG0566, |
| DL4SAS8656, | HR26AG2912, | DL6CE2796, |
| DNI9232, | DL8SD9248, | DL5CB6451, |
| DL5SG4881, | DL8SNB3235, | UP82K0586, |
| DL8SK1007, | DL6ST7222, | DL3CAW3627, |
| DL4SU0023, | DL4SAW7155, | DL2CAD8486, |
| DL8SAE1890, | DL5SP2821, | UP137499, |
| DL1SG2337, | HR01H1017, | DLQ6877, |
| DL6SC7151, | DL7SAB4394, | DL4SAD2913, |
| DL8SZ3190, | DL8SR8040, | DL8SAJ4645, |
| DL4SAF7258, | DL9CD7623, | DL8SF9459, |
| DL8SC4851, | DL3CL7045, | DL9SG5498, |
| DL8SU9223, | DL5CC8124, | UP817236, |
| DL2CAC1974, | DL9CB3845, | DL8SM8260, |
| DL3CN7989, | DL9CG8395, | DL8SN8488, |
| DL9CP9794, | DL2CQ0324, | DL4SAW9624, |
| DL9CN6814, | DL2FGV0013, | DL8SP3882, |
| DL9CB6778, | DL6CJ4737, | DIP1135, |
| DL8CD9897, | DL9CD6179, | DL8SB1566, |
| DL9CP6955, | DL3CAJ6719, | DL1SH4779, |
| DL3CV0633, | UP80AX5651, | DL4SK6812, |
| DL4CAB7098, | DL8SNA2153, | DL6S5173, |
| DL6CK5020, | DL9SH9557, | DL8S3759, |
| DL2CAC6939, | DL8SAD9604, | DL8SU0426, |
| DL9CN6965, | DL8SE8736, | DL8SW4327, |
| DL4SAJ2165, | DL8SAJ1787, | DL8SAF8553, |
| DL6SU5249, | HR26AC6281, | DLISS5960, |
| DL7ST6816, | DL8SZ7114, | DL4SAD1769, |
| DL7SAU3601, | DL4SAA2971, | DL8SJ7287, |
| DL1SK9210, | DL8SC7820, | DL8SN6221, |
| DL6SC6215, | UP51E7911, | DL2CAB1225, |
| DL6SR0928, | DL1CB0668, | DL8CK4236, |
| DDZ4157, | DL7CF0788, | DL4SAN5197, |
| DBE3908, | DL2CK8853, | DL4SAU7899, |
| DL8SG3810, | DL3CAF4135, | DL8SA0458, |
| DL8SN8364, | HR26M0466, | DL8SAB5177, |
| DL1SN1308, | DL6CG5051, | DL8SM0951, |
| DL8SR3905, | DL2CZ3795, | DL8SNB0678, |
| DL4SAC4795, | DL5CC9655, | DL8SN9427, |
| UP15T9909, | DL8CL3897, | HR26AG2912, |
| OR02AE5074, | DL4CA8896, | DL8SD9248, |
| HR51G5208, | DL9SJ9774, | DL8SNB3235, |
| DL8SAK1856, | DL6SF5388, | DL6ST7222, |
| DL9CJ1397, | DL8SY2975, | DL4SAW7155, |
| DL3CBL8789, | DL6SQ2092, | DL5SP2821, |
| DL2CW4353, | DL8SAE9471, | HR01H1017, |
| DL3SA4250, | HR26H4176, | DL7SAB4394, |
| DL4SV8128, | MH12BX5733, | DL8SR8040, |
| DL4SAH3400, | DL3SAZ0231, | DL9CD7623, |
| DAH7428, | DL6SC6559, | DL3CL7045, |
| DL4SBE1013, | DL1SP4610, | DL5CC8124, |
| DL4SBD8288, | DL8SAF0607, | DL9CB3845, |
| DL4SBA0772, | DL8SAJ5680, | DL9CG8395, |
| DL4SAR7907, | DL8SE1069, | DL2CQ0324, |
| DL4SV9586, | DL8SAF6174, | DL2FGV0013, |
| DL6S6919, | DL3FBY2222, | DL6CJ4737, |
| DL3CAK1001, | DL3CAN2015, | DL9CD6179, |
| DL6CH1721, | DL7C5042, | DL3CAJ6719, |
| DL4SAG9960, | DL3CAG1527, | UP80AX5651, |
| DL8SAB6713, | DL2CAH9262, | DL8SNA2153, |
| DL1S8195, | DL3CAR1083, | DL9SH9557, |
| DL4SW2667, | DL3CAC1817, | DL8SAD9604, |
| DL9SJ5307, | RJ0210M3224 | DL8SE8736, |
| DL8SAD5342, | DL4SG9881, | DL8SAJ1787, |
| UP16M1530, | DL8SAB5671, | HR26AC6281, |
| MH31BC3217, | DL4SAK3931, | DL8SZ7114, |
| DL6SZ1486, | DL4SAN2798, | DL4SAA2971, |
| DL3SAJ6562, | DL4SW6307, | DL8SC7820, |
| DL3SAS2145, | DL4SQ0434, | UP51E7911, |
| DL3SQ9364, | DL8CK6675, | DL1CB0668, |
| DL8SK8010, | NOREG32, | DL7CF0788, |
| DL8SR5396, | NOREG33, | DL2CK8853, |
| DL4SAY1993, | DL2CB0658, | DL3CAF4135, |
| HR07J5400, | DL4CNC0747, | HR26M0466, |
| DL8SM0106, | DL8CK2909, | DL6CG5051, |
| DNW1839, | DL2CAF6887, | DL2CZ3795, |
| DL2SD6574, | DL5CH1111, | DL5CC9655, |
| DL8SY1788, | PB10CA8148, | DL8CL3897, |
| DL5CD2998, | DL4CNC1323, | DL4CA8896, |
| DL5CC2785, | DL6CM1585, | DL9SJ9774, |
| DL8CN4164, | DL4SU9211, | DL6SF5388, |
| DL9CF8919, | DL2FDV0005, | DL8SY2975, |
| DL3CAF6869, | HP12D2054, | DL6SQ2092, |
| DL8CG8790, | CH030732, | DL8SAE9471, |
| DL3CAZ1056, | L3SA4250, | HR26H4176, |
| HR20W0022, | DL4SV8128, | MH12BX5733, |
| DL4SAS7437, | DL4SAH3400, | DL3SAZ0231, |
| DL4SAM8758 | DAH7428, | DL6SC6559, |
| DL6SC0993, | DL4SBE1013, | DL1SP4610, |
| DL4SAN7933, | DL4SBD8288, | DL8SAF0607, |
| CH01AA8999, | DL4SBA0772, | DL8SAJ5680, |
| DL13C0590, | DL4SAR7907, | DL8SE1069, |
| DL7CD6162, | DL4SV9586, | DL8SAF6174, |
| DL4CS9081, | DL6S6919, | DL3FBY2222, |
| DL6CG7868, | DL3CAK1001, | DL3CAN2015, |
| DL6CJ6093, | DL6CH1721, | DL7C5042, |
| DL8C5543, | DL4SAG9960, | DL3CAG1527, |
| DL9CE6011, | DL8SAB6713, | DL2CAH9262, |
| DL2CL0287, | DL1S8195, | DL3CAR1083, |
| DL4CS0488, | DL4SW2667, | DL3CAC1817, |
| DHZ10, | DL9SJ5307, | RJ0210M3224 |
| DL4SAM4330, | DL8SAD5342, | DL4SG9881, |
| DDH7683, | UP16M1530, | DL8SAB5671, |
| DL4SQ5686, | MH31BC3217, | DL4SAK3931, |
| DL3SB3931, | DL6SZ1486, | DL4SAN2798, |
| DL2CN9417, | DL3SAJ6562, | DL4SW6307, |
| UP33L4265, | DL3SAS2145, | DL4SQ0434, |
| DL3CAS3364, | DL3SQ9364, | DL8CK6675, |
| DL2CAF6133, | DL8SK8010, | NOREG32, |
| DL2CAG0566, | DL8SR5396, | NOREG33, |
| DL6CE2796, | DL4SAY1993, | DL2CB0658, |
| DL5CB6451, | HR07J5400, | DL4CNC0747, |
| UP82K0586, | DL8SM0106, | DL8CK2909, |
| DL3CAW3627, | DNW1839, | DL2CAF6887, |
| DL2CAD8486, | DL2SD6574, | DL5CH1111, |
| UP137499, | DL8SY1788, | PB10CA8148, |
| DLQ6877, | DL5CD2998, | DL4CNC1323, |
| DL4SAD2913, | DL5CC2785, | DL6CM1585, |
| DL8SAJ4645, | DL8CN4164, | DL4SU9211, |
| DL8SF9459, | DL9CF8919, | DL2FDV0005, |
| DL9SG5498, | DL3CAF6869, | HP12D2054, |
| UP817236, | DL8CG8790, | CH030732, |
| DL8SM8260, | DL3CAZ1056, | |

# ट्रंप के मार-आ-लागो आवास से मिले दस्तावेजों पर हलफनामे का एफबीआई ने किया खुलासा

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के न्याय** मंत्रालय ने शुक्रवार को संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) के उस हलफनामे का खुलासा किया, जिसमें देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-आ-लागो स्थित आवास की तलाशी को उचित ठहराया गया है। सार्वजनिक किए गए इस दस्तावेज में बहुत से संशोधन किए गए हैं और कई पन्नों पर काले निशान लगाए गए हैं। इसमें पूर्व राष्ट्रपति के फ्लोरिडा स्थित आवास पर गोपनीय रखी गई बेहद संवेदनशील जानकारियां हैं। दस्तावेज से मुख्य रूप से निम्न बातें पता चली हैं: ट्रंप के पास बहुत से गोपनीय दस्तावेज थे। ट्रंप के शीतकालीन आवास की एफबीआई द्वारा आठ अगस्त को ली गई तलाशी में मिले गोपनीय दस्तावेजों के 11 सेट बारे में इस हलफनामे से कोई नई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन इतना पता चलता है कि न्याय मंत्रालय के लिए इन दस्तावेजों को प्राप्त करना महत्वपूर्ण क्यों था। हलफनामे से खुलासा हुआ है कि जनवरी में ट्रंप के आवास से मिले 15 बक्सों में 14 पर गोपनीय लिखा था। इन बक्सों के भीतर 184 दस्तावेज मिले, जिन पर गोपनीय अंकित था। इनमें से 67 पर कॉन्फिडेंशियल , 92 पर सीक्रेट और 25 पर टॉप सीक्रेट लिखा था। इनमें उच्च स्तरीय खुफिया जानकारी वाले दस्तावेज शामिल हैं। जिन एजेंट ने बक्सों का निरीक्षण किया, उन्होंने पाया कि दस्तावेजों पर विशेष रूप से अंकित था कि वह सूचना बेहद संवेदनशील मानव स्रोतों या इलेक्ट्रॉनिक स्रोतों से प्राप्त की गई थी। हलफनामे में कई दस्तावेज ऐसे पाए गए हैं जिन पर ऑरिजिनेटर कंट्रोल्ड लिखा था। इसका अर्थ है कि जिन खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने रिपोर्ट बनाई थी, वे नहीं चाहते थे कि उनकी अनुमति के बिना अन्य एजेंसियों को वे दस्तावेज दिए जाएं। केंद्रीय खुफिया एजेंसी के एक पूर्व अधिकारी डगलस लंदन ने कहा, चीजें जब इस स्तर तक गोपनीय रखी जाती हैं तो इसका मतलब होता है कि जो लोग सूचना एकत्र कर रहे हैं उनकी जान को खतरा हो सकता है। ट्रंप द्वारा इन दस्तावेजों को रखने से हुई संभावित क्षति की समीक्षा के लिए अमेरिकी संसद द्वारा राष्ट्रीय खुफिया कार्यालय निदेशक से किए गए संपर्क का अभी तक जवाब नहीं मिला है। गोपनीय दस्तावेजों को अन्य कागजात के साथ मिलाकर रखा गया था।

## समुद्री जीवन की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की संधि पर विश्व के राजनयिकों में नहीं बन पाई सहमति

**संयुक्त राष्ट्र।** गहरे समुद्र में समुद्री जीवन की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक प्रस्तावित संधि पर विश्व भर के राजनयिकों के बीच सहमति नहीं बन पाई। इस तरह पांचवें दौर की वार्ता भी गतिरोध के साथ समाप्त हुई। न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में दो सप्ताह तक चली वार्ता शनिवार सुबह स्थगित कर दी गई। पर्यावरणविदों ने उम्मीद जताई है कि यह संधि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा उपायों में अंतराल को खत्म करेगी। प्रस्तावित संधि राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्रों से बाहर विश्व के महासागर के दो-तिहाई हिस्से में जैव विविधता के संरक्षण के लिए नियम निर्धारित करेगी। वार्ता के केंद्र में समुद्री जीवन के लाभ को साझा करने के तरीके, संरक्षित क्षेत्रों को निर्धारित करना, गहरे समुद्र में मानवीय गतिविधि से नुकसान को रोकना और गरीब देशों को समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए कौशल प्रदान करना जैसे विषय थे। लेकिन सहमति नहीं बन पाने पर पर्यावरणविदों ने निराशा जाहिर की। हालांकि, उन्होंने कहा कि वार्ता में कुछ प्रगति हुई है।

# भारत और अर्जेंटीना ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई



**भाषा। ब्यूनस आयर्स**

**भारत और** अर्जेंटीना ने आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करते हुए दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सेंटियागो केफिएरो ने शुक्रवार को यहां हुई संयुक्त बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा कि दोनों देशों ने रक्षा, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की और साझा हितों के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। जयशंकर की अर्जेंटीना की पहली आधिकारिक यात्रा के समापन के बाद जारी बयान में कहा गया, दोनों मंत्री आतंकवाद, सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय शांति, जलवायु परिवर्तन, समान व्यापार और सतत विकास की वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संगठनों में करीबी सहयोग पर सहमत हुए। बयान के मुताबिक, महामारी काल के बाद दुनिया के समक्ष उपजी चुनौतियों के बीच भारत और अर्जेंटीना ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देने का संकल्प दोहराया। बयान में कहा गया, सीमा पार आतंकवाद सहित अपने सभी रूपों में आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए। दोनों देशों ने 2019 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग क्षेत्र संबंधी समझौता ज्ञापन के अनुरूप इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Suresh Kumar is the owner of Built up Property No. B-2/3 as per water bill Plot No. 2, area measuring 50 Sq., yds., out of Khasra No. 486, Situated in the area of Village Nawada mazra Hastsal, colony known as Mohan Garden phase I, Uttam Nagar, New Delhi vide a GPA, ATS and Will dated 28.11.2006. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Nadeem Khan is the owner of Built up Property bearing No. B-50, area measuring 50 Sq., Yds., out of Rect. No. 26, Killa No. 6, Situated in the abadi of Gali No. 1, New Gobind Pura, Parwana Road, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan in the name of Mr. Nadeem Khan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या- 03, ब्लॉक-सी, सेक्टर-108 नोएडा जिसके मूल आवंटी श्री अमरनाथ पस्सी पुत्र श्री वधावाराम निवासी सेक्टर-60, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 है जिनके द्वारा श्री गौरव गाबा पुत्र श्री रविन्द्र गाबा निवासी ए-201, लाजपत नगर-1, नई दिल्ली के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी, जो उप निबन्धक कार्यालय ग्वालियर (M.P) में दिनांक 08.12.2004, को रजिस्टर्ड है। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड का अंतरण जीपीए के आधार पर श्रीमती किरण गाबा पत्नी श्री रविन्द्र गाबा निवासी ए-201, लाजपत नगर-1, दक्षिणी दिल्ली-24 के पक्ष में अंतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें। **किरण गाबा**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा, विश्वास नगर की आबादी में ग्राम चंद्रावली उर्फ शाहदरा, जिसे अब गली नंबर 8, विश्वास नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110032 के नाम से जाना जाता है में स्थित बिना छत अधिकार के, छत के स्तर तक, निर्मित द्वितीय तल, संपत्ति सं. 30/51 (प्लॉट नंबर 51 और amp, ब्लॉक सं. 30) का हिस्सा, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज यानी 41.80 वर्ग मीटर, जिसका कवर एरिया 37 वर्ग मीटर है पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 22.08.2019 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती कुसुम उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 22.08.2019 के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ श्रीमती सीमा से खरीद रही है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। **श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता, एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**सार्वजनिक सूचना**

जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री जितेन्द्र यादव** जो कि संख्या RZ-15-A, New No. RZ-387 (75+75 वर्ग गज), 150 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले क्षेत्र के स्वामी हैं। खसरा संख्या 12/6 से बना हुआ, जो गांव ख्याला, आबादी के क्षेत्र विष्णु गार्डन एक्सटेंशन नंबर 2, नई दिल्ली के रूप में जाना जाता है में स्थित है। श्रीमती कमलेश रानी से बिक्री विलेख के माध्यम से इसे दिनांक 17.08.2016 को खरीदा है, जो उप-पंजीयक II, बसई दारापुर, नई दिल्ली में दस्तावेज संख्या 7973 के तहत पंजीकृत है और **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** द्वारा वित्त और बंधक होना है। वह उपरोक्त संपत्ति के संबंध में श्री याद राम, श्रीमती सोना देवी और श्रीमती जय देवी द्वारा श्री जय नारायण के पक्ष में मूल रजि. निष्पादित जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 13.12.1971 उपलब्ध नहीं है। बैंक/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि कोई व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/शीर्षक/हित/बंधक बनाने वाला है, तो वह अपने बारे में आज से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011- 40046316

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mr. Suraj Gupta, Mrs. Usha Gupta & Mr. Deepak Gupta** who is purchasing the Right-Side Portion of Second Floor of Property No.16/478-I, area admeasuring 65 Sq. Yds., situated at Military Road, Bapa Nagar, Karol Bagh, New Delhi; from Mrs. Phoolwati, who is owner of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney, Special Power of Attorney, Agreement to sell & WILL dated 06.02.2019 and same to be finance & mortgage by **Shubham Housing Development Finance Company Limited.** That, **1)** Original notarized General Power of Attorney dated 20.03.2015, **2)** Original notarized Mutual Agreement dated 20.03.2015 & **3)** Original notarized WILL dated 20.03.2015 in favour of Mr. Harvinder Pal Singh, who execute above said POA documents on 06.02.2019 are/is not available/lost/ misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if anyone found and any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

## आईएचसीएल ने 24 महीनों में 27 नए होटल खोले

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटेलिटी कंपनी इंडियन होटल्स लिमिटेड (आईएचसीएल) अपने तीव्र विस्तार को जारी रखे हुए है, कंपनी ने पिछले 24 महीनों में 27 नए होटल खोले हैं और 50 नए होटलों के साथ उद्योग जगत के अग्रणी क़रार किए हैं। इस अवधि यानि 2020 और 2021 के दौरान आईएचसीएल ने सबसे ज़्यादा संख्या में होटलों के साथ क़रार किया है, जिसके चलते कंपनी के पोर्टफोलियो में 5,500 से अधिक कमरे शामिल हो गए हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में फैला कंपनी का व्यापक फ ुटप्रिन्ट आईएचसीएल की भारत के 100 से अधिक स्थानों में मौजूदगी है। देश के 36 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में से 31 में कंपनी का व्यापक फुटप्रिन्ट है। प्रख्यात गंतव्यों जैसे गोवा, राजस्थान, केरल, भूटान, नेपाल में कंपनी का समृद्ध इतिहास है और हाल ही में अंडमान द्वीप समूह एवं उत्तर-पूर्वी भारत भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। आईएचसीएल प्रमुख पर्यटन गंतव्यों जैसे दीव और लक्षदीप को भी विकसित कर रही है, हाल ही में कंपनी ने इन दोनों गंतव्यों में दो-दों होटलों के लिए लैटर ऑफ अवॉर्ड प्राप्त किए।

## रिया ने परफ्यूम मार्केट में 25 तक 20 फीसद शेयर का लक्ष्य रखा

**नई दिल्ली।** 25 वर्ष पुरानी भारत की मशहूर परफ्यूम ब्रांडरिया ने कोविड महामारी की चुनौतियों के बावजूद 80 करोड़ रूपए का टर्नओवर किया है। यह इतिहास कंपनी ने वित्त.वर्ष 2021.2022 में बनाया है। पर्पसप्लेनट के संस्थापक और सीईओ श्री आदित्य विक्रम डागा का कहना है कि भारत की परफ्यूम विशेषज्ञता का इतिहास लगभग 300 साल पुराना है। रिया ने अच्छे ढंग से भारतीय दृष्टिकोण से अपना मूल्य स्थापित कर लिया है और ओलफैक्टरी का जो ज्ञान है वह मैट्रो शहरों के साथ.साथ टीयर 1, 2 और 3 के बाजारों की संवेदनाओं को समझता है। नेल्सन आईक्यू रिटेल आडिट रिपोर्ट जनवरी.दिसंबर 2021 के अनुसार ई.कामर्स रेवन्यू को छोड़ दें तो भारत में परफ्यूम की इंडस्ट्री लगभग 790 करोड़ रूपए की है। माना जाता है कि वर्ष 2025 तक यह इंडस्ट्री बढ़कर 1200 करोड़ रूपए तक पहुंच जाएगी।

# कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा, बिजली क्षेत्र में करने की जरूरतः गडकरी

**भाषा। मुंबई**



**सड़क परिवहन** एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि ऊर्जा की कमी का सामना कर रहे भारत को अपने कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा एवं बिजली क्षेत्रों में भी करने की जरूरत है। गडकरी ने यहां आयोजित नेशनल कोजनरेशन अवार्ड 2022 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हर साल बड़ी राशि आयात पर खर्च करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, हम हर साल पेट्रोल, डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 15 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि हम कृषि क्षेत्र का विविधीकरण ऊर्जा एवं बिजली क्षेत्र की तरफ भी करें। उन्होंने उद्योग जगत से वैकल्पिक ईंधनों पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकी की सहायता से कृषि क्षेत्र का विविधीकरण किया जा सकता है। गडकरी ने कहा, हमारी 65-70 प्रतिशत आबादी कृषि पर ही निर्भर है लेकिन हमारी कृषि वृद्धि दर सिर्फ 12-13 प्रतिशत है। अगला कदम सह-उत्पादन का होना चाहिए ताकि चीनी से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाया जा सके। उद्योग को कम चीनी और अधिक उप-उत्पादों का उत्पादन करना चाहिए जिसमें भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी के लिए दृष्टिकोण और ज्ञान को पूंजी में बदलने वाला नेतृत्व भी हो। उन्होंने कहा कि इस साल के लिए देश को 280 लाख टन चीनी के उत्पादन की ही जरूरत थी लेकिन 360 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिक चीनी उत्पादन के बजाय एथेनॉल पैदा करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही उद्योग जगत को एथेनॉल की मांग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। गडकरी ने कहा कि सरकार ने देश में फ्लेक्स ईंधन से चलने वाले इंजन लाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, बजाज, हीरो और टीवीएस जैसी वाहन कंपनियां पहले से ही फ्लेक्स इंजन बना रही हैं और कई कार कंपनियों ने भी फ्लेक्स इंजन से चलने वाले मॉडल लाने का वादा किया है। ऑटोरिक्शा को भी बायो-एथेनॉल से चलाया जा सकता है। इसके अलावा निर्माण क्षेत्र के उपकरण भी वैकल्पिक ईंधन से चलाए जा सकते हैं।

# एसयूवी श्रेणी में मजबूती बनाए रखने के लिए नए संस्करण लेकर आएंगे: टाटा मोटर्स

**भाषा। नई दिल्ली**

**घरेलू वाहन** विनिर्माता टाटा मोटर्स की योजना नए उत्पाद लाने और मौजूदा मॉडलों का दायरा बढ़ाने की है ताकि अन्य ब्रांडों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच वह एसयूवी श्रेणी में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखे। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कंपनी पंच, नेक्सन, हैरियर और सफारी जैसे लोकप्रिय मौजूदा मॉडलों में कुछ अतिरिक्त सुविधाओं के साथ नए संस्करण लेकर आने की योजना पर काम कर रही है।

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के उपाध्यक्ष (बिक्री, विपणन और उपभोक्ता देखभाल) राजन अंबा ने कहा, हमारी योजना एसयूवी क्षेत्र में अपना विस्तार करने की है। इसके लिए नियमित अंतराल पर नए नाम एवं संस्करण जोड़े जाएंगे और इस तरह उपभोक्ता आधार में वृद्धि की जाएगी। हम भारत में अग्रणी एसयूवी ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कंपनी अपना उत्पाद पोर्टफोलियो मजबूत करना चाहती है। अलग डिजाइन, सुरक्षा और वाहन चालन का बढ़िया अनुभव देना चाहती है। इस तरह टाटा मोटर्स चालू वित्त वर्ष में और एसयूवी की बिक्री करना चाहती है, पिछले वर्ष में उसने 2.22 लाख एसयूवी बेची थी। अंबा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में टाटा मोटर्स की बिक्री में एसयूवी उत्पाद की हिस्सेदारी 67 फीसदी रही जो उद्योग में 40 फीसदी हिस्सेदारी से कहीं अधिक है।

## केंद्रीय उपक्रमों को एमएसएमई के साथ नियमित बैठकें करनी चाहिए : अधिकारी

**भुवनेश्वर।** सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्यमों के लिए नियमित अंतराल पर बैठकें करनी चाहिए ताकि स्थानीय उद्यमों के लिए खरीद प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके। कटक स्थित एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय में निदेशक पी के गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि संयंत्र स्तरीय परामर्श समिति की बैठकों से उद्यमों को बड़े औद्योगिक घरानों की विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में समझने में मदद मिलेगी। गुप्ता ने सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों की भूमिका और एमएसएमई की सार्वजनिक खरीद नीति के बारे में एक संगोष्ठी में कहा कि कारोबारी ऐसे उत्पाद बना सकते हैं।

# पीएम मारुति सुजुकी के संयंत्र की आधारशिला रखेंगे

**भाषा। चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी हरियाणा के सोनीपत जिले के खारखोड़ा में मारुति सुजुकी के नए वाहन विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला रविवार को डिजिटल तरीके से रखेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को कहा कि गुरुग्राम और मानेसर के बाद राज्य में मारुति सुजुकी का यह तीसरा उत्पादन संयंत्र होगा। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा की औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित होगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में खट्टर के हवाले से कहा गया, हरियाणा देश में वाहन विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बन गया है। मौजूदा समय में भारत में जितनी भी कारें बनाई जाती है उनमें से करीब 50 फीसदी का विनिर्माण



हरियाणा में होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मारुति सुजुकी हरियाणा में एक और संयंत्र लगाने जा रही है जिससे राज्य में एक और नया औद्योगिक केंद्र विकसित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योग को हर तरह की सुविधा मुहैया करवाई है जिसके चलते ही राज्य औद्योगिक केंद्र के तौर पर तेजी से प्रगति कर रहा है। मारुति कार के अलावा सुजुकी के बाइक विनिर्माण संयंत्र की भी आधारशिला रखी जाएगी।

## भारत-जापान मिलकर काम करें तो विनिर्माण में सबको पीछे छोड़ देंगे: भार्गव

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने भारत एवं जापान के बीच की साझेदारी को सफल बताते हुए कहा है कि अगर दोनों देश विनिर्माण क्षेत्र में पूरे भरोसे और भागीदारी के साथ काम करते है तो वे दुनिया में सबसे अच्छे साबित होंगे। भार्गव ने साथ एक बातचीत में कहा कि भारत और जापान के बीच बढ़ती साझेदारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि के लिए एक बड़ा सकारात्मक कारक होने वाली है। मारुति सुजुकी कंपनी के साथ भारत और जापान ने चार दशक पहले वाहन विनिर्माण में साझेदारी की शुरुआत की थी। मुझे लगता है कि मारुति सुजुकी और कुछ अन्य क्षेत्रों में हमें देखने को मिली भारत-जापान साझेदारी धीरे-धीरे मजबूत हो रही है।

## आईआईएम लखनऊ ने जस्ट रोजगार में ली छोटी हिस्सेदारी

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारतीय प्रबंध संस्थान,** लखनऊ (आईआईएम-एल) की स्टार्टअप प्रोत्साहन इकाई ईआईसी ने बुनियादी वित्तपोषण दौर के तहत शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी जस्ट रोजगार में एक छोटी हिस्सेदारी ली है। जस्ट रोजगार के संस्थापक एवं निदेशक अभिषेक रतन चोला ने बताया कि आईआईएम लखनऊ के एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर (आईआईएमएल-ईआईसी) से जो वित्त हासिल हुआ है उसे कंपनी के शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच जस्ट लर्न में निवेश किया जाएगा। इस दौरान जस्ट रोजगार का मूल्यांकन 79.95 करोड़ रुपए किया गया है।

# ड्रग माफिया के खिलाफ अब यूपी में निर्णायक जंगः योगी

## तैयार हो रहा ऑनलाइन पोर्टल, सीधे सरकार को दे सकेंगे अवैध कारोबार की जानकारी

## विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार बुलन्दशहर पहुंचे योगी, जीत के लिए जताया जनता का आभार

## कभी बेटियों-व्यापारियों के लिए संकट थे अपराधी आज पुलिस बनी अपराधियों के लिए संकट




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ//बुलन्दशहर

**नशे** के अवैध कारोबारियों की संपत्ति जब्त करने का ऐलान कर चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब ड्रग माफिया के खिलाफ निर्णायक जंग की घोषणा की है। इस लड़ाई में जनता से सहयोग का अवाहन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार जल्द ही एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने जा रही है जहां आम आदमी नशे के अवैध धंधे और उसमें संलिप्त अपराधियों की जानकारी सीधे सरकार को दे सकेगा।

हालिया विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री योगी शनिवार को पहली बार बुलंदशहर पहुंचे थे। भाजपा पर भरोसा जताने के लिए जनता का आभार जताते हुए सीएम ने कहा कि बुलन्दशहर को जिस विकास से वंचित रखा गयाए आज उसे मिल रहा है। यहां के जनप्रतिनिधि जब लखनऊ आते हैं तो यहां के मुद्दों पर विमर्श करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस बुलन्दशहर में पहले बेटियों और व्यापारियों के लिए अपराधी संकट थे आज उन अपराधियों के लिए पुलिस संकट बन गई है। आज का बुलन्दशहर तो एनसीआर से जुड़ गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बुलन्दशहर की तरक्की के लिए हो रही कोशिशों का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि अब यहां पॉवर जेनरेशन प्लांट लग रहा है। गंगा मइया की अविरलता-निर्मलता के लिए नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से काम हो रहा है। खुर्जा की पॉटरी और सिकंदराबाद के औद्योगिक इकाइयों को आगे बढ़ाने के प्रयास रंग ला रहे हैं। जनसभा से ठीक पहले कल्याण सिंह राजकीय महाविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा लेकर आए सीएम योगी ने कहा कि अब अगले सत्र से यहां एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हो जाएगी और बेटियों के लिए नर्सिंग कॉलेज भी शुरू हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट से बुलन्दशहर की तरक्की की बात करते हुए सीएम ने कहा कि बुलन्दशहर से महज 25 किलोमीटर दूर जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है और एयरपोर्ट के बारे में तो कहा जाता कि अगर यह 50-55 किमी दूर भी हो तो मानो घर के आंगन में ही है। इसी तरह राजा महेंद्र प्रताप राज्य विवि, डिफेंस कॉरिडोर, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क तैयार होने से बुलन्दशहर की तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। ईज ऑफलिविंग के लिहाज से तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कोरोनाकाल में भरण-पोषण भत्ता दिए जाने, पारदर्शी ढंग से मुफ्त राशन वितरण से आम आदमी को मिले त्वरित लाभ पर संतोष जताया। आमजन को तकनीक के इस्तेमाल के लिए जागरूक करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार अपने युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष और सक्षम बना रही है और इसीलिए अब 2 करोड़ युवाओं को निःशुल्क टैबलेट, स्मार्टफोन दिए जा रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना और स्वामित्व योजना की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार रेहड़ी पटरी व्यवसायियों के बारे में कोई सरकार सोच रही है। पुश्त दर पुश्त अपने पैतृक घरों में रहने के बाद भी मालिकाना हक से वंचित लोगों को घरौनी प्रमाण पत्र मिल रहा है। यह बदलाव है जिसके लिए बुलन्दशहर दशकों से इंतज़ार कर रहा था। बुलन्दशहर में मुख्यमंत्री योगी ने शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्रों को लाभान्वित किया। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता से ही धन प्राप्त होता है और इसका खर्च जनता के लिए ही होगा। सीएम ने पीएम आवास योजना शहरी के अंतर्गत स्वाति को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी तो कैलाश भटनागर को ऋण वितरण प्रमाण पत्र, आकांक्षा रजनी को किराना स्टोर के लिए 2.2 लाख के चेक, राजबाला, कमलेश, सुनीता को मत्स्य पालन के लिए पट्टा आवंटन और प्रेमलता को आवासीय परिसर के स्वामित्व के लिए घरौनी प्रमाण पत्र दिया।

### अवैध तरीके से कच्ची शराब बेंचते युवक पकड़ा

**जालौन (उरई)।** नगर के मोहल्ला जोशियाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा के पास से पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया है। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह को शुक्रवार की रात सूचना मिली कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जोशियाना निवासी पवन कुमार को शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गये युवक के पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

## क्विक न्यूज

### पीड़ितों ने मंत्री से कहा,खाद्य सामग्री के बजाय मिलती है डाट

**हमीरपुर।** सूबे के लघु उद्योग सूक्ष्म उद्यम केविनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने आज शाम बाढ राहत शिविर का दौरा किया जिसमे बाढ़ पीडितो ने कहा कि उन्हे लंच पैकेट देने के बजाय डाट कर भगा दिया जाता है वही लंच पैकेट में पर्याप्त खाद्य सामग्री न होने पर केविनेट मंत्री ने कर्मियों को फटकार लगायी। अपर जिलाधिकारी राजस्व रमेश चंद्र ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज कैविनेट मंत्री ने कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे बाढ राहत शिविर में बाढ़ पीड़ितो से मिले पीड़ितो ने मंत्री को देखते हुये शिकायतों की झड़ी लगा दी पीड़ितो ने बताया कि उनको राशन के बजाय फटकार मिलती है जिससे ज्यादातर लोग खाद्य सामग्री लेने नही जाते है। मेरापुर व कंजौलीगांव के पीड़ितो ने बताया कि जानवरों के लिये भूसा नही दिया जाता है कुछ किसानों को नाम मात्र का भूसा देकर खानापूरी कर ली जाती है जिससे दुधारु पशु भूख से तड़प रहे है। मंत्री ने बच्चो के लिये लाये गये दूध का पीकर देखा और कहा कि कर्मी पीडितो के साथ धोखा न करे। आज पहली मर्तवा काउन्टर में मंत्री के भ्रमण के कारण दूध को रखा गया था पीड़ितो ने बाढ ग्रस्त गांवों के आसपास पिचेन बनवाये जाने की मांग की।मंत्री ने कहा कि पीड़ितो के इस दर्द को वह शासन के सामने रखेगे। ताकि समस्या का निस्तारण हो सके।

### नहीं रहे अवकाश प्राप्त शिक्षक रामबिहारी गुप्ता

**कोंच (जालौन)।** नगर के जाने माने समाजसेवी अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सावित्री गुप्ता के 80 वर्षीय ससुर रामबिहारी गुप्ता का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष हूंका की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर, ब्रजेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव, राधेश्याम पटेल, सरताज खान, राघवेंद्र पटेल, मनोज पटेल, दिनेश, राजकुमार, संतोष, कदीम सिद्दीकी, पवन यादव, संदीप आदि मौजूद रहे।

### गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने धनुताल मैदान से एक व्यक्ति को गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली की सुरही चौकी इंचार्ज कमलकिशोर ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर धनुताल मैदान के समीप संदिग्ध अवस्था में खड़े मुहल्ला गांधीनगर निवासी हरप्रसाद पुत्र मनीराम को पकड़ लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने उसके पास से साढे पांच सौ ग्राम गांजा बरामद किया।पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मनीराम का चालान कर दिया है।

### खुली नीलामी में 57 हजार में बिक गईं 12 बाइक

**कोंच (जालौन)।** कोतवाली में लंबे समय से धूल खा रहे लावारिश वाहनों की शनिवार को खुली नीलामी हुई जिसमें 12 बाइकें 57 हजार में बिकीं जबकि पिकअप की न्यूनतम राशि ज्यादा निर्धारित कर देने के कारण बोली लगाने वालों ने उस पर बोली लगाने में जरा भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। एसडीएम कृष्णकुमार सिंह द्वारा नामित नीलामी अधिकारी तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति की अध्यक्षता एवं सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी की मौजूदगी में शनिवार को कोतवाली में 12 बाइकों और एक लोडर पिकअप की खुली बोली द्वारा नीलामी की गई। सभी बाइकों पर अलग अलग लोगों द्वारा बोली लगाई गई जिनकी कुल कीमत करीब 57 हजार आई। लोडर पिकअप की न्यूनतम राशि डेढ लाख निर्धारित कर देने के कारण लोगों ने बोली लगाने से हाथ खींच लिए। इस दौरान एसएसआई आनंद कुमार सिंह, दीवान राकेश कुमार भी मौजूद रहे। बोली लगाने वालों में गुलाम निजामुद्दीन, आशीब, रहमत अली, भूरे, राजेंद्र, शाहरुख, राजाभैया एवं साकिब आदि शामिल रहे।

### तेज रफ्तार मैजिक ईटा के ढेर से टकरायी, तीन सवारियां घायल

**जालौन (उरई)।** कोंच मार्ग पर तेज रफ्तार सड़क किनारे रखे ईटा के ढेर से टकरा गई। टक्कर लगने से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमें सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मेडीकल कालेज झांसी भेजा गया है। शनिवार की सुबह कोंच की ओर से आ रही तेज रफ्तार मैजिक गाड़ी से चालक नियंत्रण खो बैठा। नियंत्रण खोने से तेज रफ्तार गाड़ी कोंच मार्ग पर कुंवर पैलेस के पास सड़क किनारे रखे ईंटा के ढेर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। गाड़ी के क्षतिग्रस्त होने के कारण गाड़ी का चालक कसीम उर्फमुल्ले 36 वर्ष निवासी तोपखाना व गाड़ी में सवार संदीप (21) निवासी चिमनदुबे व सद्दाम शाह (24) निवासी तोपखाना गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तीनों घायलों को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया है।

### परिवहन विभाग की टीम ने फिर पकड़े चार ओवरलोड मौरम लदे ट्रक

**जालौन (उरई)।** ओवरलोडिंग के खिलाफजिलाधिकारी सख्त नजर आ रही हैं। शनिवार को जिलाधिकारी ने चार ओवरलोड ट्रक पकड़कर कोतवाली में खड़े कराए हैं। जिलाधिकारी चांदनी सिंह के नेतृत्व में छिरिया सलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे नजदीक ओवरलोड ट्रकों के खिलाफअभियान चलाया गया। अभियान में जिलाधिकारी ने चार ओवरलोड मौरम लदे ट्रक पकड़े। पकड़े गए चारों ट्रकों को कोतवाली में खड़ा करा दिया है।

# बार चुनाव को लेकर वकीलों में खेमेबाजी

## ● अधिवक्ताओं के दोनों धड़ों ने अपने अपने चुनाव कार्यक्रम घोषित किये

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)

**बार एसोसिएशन** के चुनाव को लेकर वकीलों में खेमेबाजी देखने को मिल रही है। एक तरफ ऐल्डर्स कमिटी ने आमसभा की बैठक करके चुनाव का ऐलान किया है और चुनाव अधिकारी नामित किए हैं तो वहीं दूसरी ओर बार संघ अध्यक्ष ने भी अपनी तरफ से चुनाव घोषित करते हुए चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान किया है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या बार एसोसिएशन के दो चुनाव होंगे?

शनिवार को वकीलों की आमसभा की बैठक मुंसिफी परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता ऐल्डर्स कमिटी के सदस्य ब्रजेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें निवर्तमान कमिटी का कार्यकाल पूरा मानते हुए बार एसोसिएशन के नए चुनाव बार कौंसिल के बॉयलाज के अनुसार कराने पर चर्चा हुई। चर्चा का निष्कर्ष निकल कर आया कि समूची निर्वाचन प्रक्रिया एक महीने में पूरी कर ली जाए। ऐल्डर्स कमिटी ने ओमप्रकाश अग्रवाल (प्रथम) को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा केके श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, रामवीर सिंह गुर्जर को सहायक चुनाव अधिकारी नामित करते हुए उनसे अपेक्षा जताई गई कि सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि व चुनाव कार्यक्रम ऐल्डर्स कमिटी के परामर्श से घोषित करेंगे। इस दौरान ऐल्डर्स कमिटी के निवर्तमान चेयरमैन संतलाल अग्रवाल, ब्रजेश मिश्रा, ओमशंकर अग्रवाल, नरेंद्र पुरोहित, हल्के सिंह बघेल, विनोद निरंजन सेता, इंद्रजीत राठौर, राहुल अवस्थी, अवनीश कुमार, किशोरी सिंह, सिद्धांत शिरोमणि सीरौठिया, नरसिंह गहरवार, शशांक श्रीवास्तव, मोहम्मद हलीम,जितेंद्र पांडेय सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। यहां यह बताना भी समीचीन है कि मौजूदा बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी ने अलग से चुनाव घोषित कर रामबिहारी दुवे व अरुण कुमार वाजपेयी को निर्वाचन अधिकारी नामित करते हुए चुनाव कराने को कहा है। ऐसे में वकीलों के बीच अनावश्यक रूप से विवाद की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। इस स्थिति में अधिकांश वकीलों का मानना है कि संजीव तिवारी आउटडेटेड अध्यक्ष हैं और उनके द्वारा चुनाव कराने की घोषणा तथा चुनाव अधिकारियों को नामित करने का कोई मतलब नहीं है। ऐल्डर्स कमिटी का भी कमोवेश यही मानना है कि निवर्तमान कार्यकारिणी का समय बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है और चुनाव कराना अब उनके नहीं बल्कि ऐल्डर्स कमिटी के हाथ में है।



### ब्रजेश मिश्रा को ऐल्डर्स कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष चुना

**कोंच।** मुंसिफ कोर्ट परिसर में आयोजित वकीलों की आमसभा की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश मिश्रा को ऐल्डर्स कमिटी का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। ऐल्डर्स कमिटी के निवर्तमान चेयरमैन संतलाल अग्रवाल की सहमति से ही मिश्रा को यह दायित्व दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों स्वास्थ्य कारणों के चलते संतलाल अग्रवाल ने ऐल्डर्स कमिटी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था।

# उमस भरी गर्मी में 20 लाख श्रद्धालुओं ने की कामतानाथ की परिक्रमा

**संवादादाता।** चित्रकूट



**तीर्थक्षेत्र** में शनिश्चिरी भदई अमावस्या पर्व पर 20 लाख श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर कामतानाथ की परिक्रमा की। तमाम श्रद्धालुओं ने खडी व लेटी परिक्रमा कर श्रद्धा जताई। तीन दिन पहले से चित्रकूट में भीड का आना शुरु हो गया था।शनिवार को कामतानाथ की परिक्रमा को उप्र समेत मप्र, उत्तराखंड, छत्तिसगढ राज्यों के श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि कामतानाथ की परिक्रमा करने से सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि चित्रकूट में रम रहे रहिमन अवध नरेश, जापर विपदा परत है सो आवत यहि देश। श्रद्धालुओं ने पंचकोसी परिक्रमा कर भरतकूप, सतीअनुसुइया, गुप्ता गोदावरी, रामघाट, स्फटिक शिला के दर्शन किये। अमावस्या मेले पर उप्र व मप्र प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को चौकस व्यवस्था कर रखी थी। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व एसपी अतुल शर्मा के साथ सतना डीएम अनुराग वर्मा ने परिक्रमा मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेला की भीड को नियंत्रित करने को ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही थी। मेला में कहीं कोई असुविधा श्रद्धालुओं को नहीं हुई।

# महिलाओं और पुरूषों को समान अवसर मिलें तब महिला समानता दिवस होगा सार्थकः ऊषा

## ● महिला समानता दिवस पर बच्चों ने महिलायें को दिये फूल

**संवाददाता।** जालौन (उरई)


महिलाओं को फूल देती स्कूल की बच्चियां — पायनियर

**एमएलबी** इंटर कॉलेज में महिला समानता दिवस पर महिला गोष्ठी का आयोजन किकया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। महिला समानता दिवस पर स्थानीय एमएलबी इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यर्क्रम में मुख्य अतिथि ने कहा हिक आज मौजूदा परिवेश में महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही हैं। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला पदस्थ है। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही है। लेकिन जब महिलाओं और पुरूषों को समान अवसर मिलें तब महिला समानता दिवस सार्थक होगा। विद्यालय के संस्थापक भूपेश बाथम ने कहा कि देश की महिलाएं देश की रक्षा से लेकर सर्वोच्च पदों तक पहुंच रही हैं। वह पुरूषों की भांति श्मशान में दाह संस्कार कर रही हैं। अब तो महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रबंधक आशा देवी, राजीव शर्मा, अरविंद खरे, वीपी सर, योगेंद्र राठौर, उत्तम बाजपेई, प्रशांत याज्ञिक, रेनू द्विवेदी, सपना, रंजना, प्रीत राजावत, अनीता, शालिनी आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में तीन थानों में आईं सात शिकायतें, दो हुईं निस्तारित


पीड़ितों की समस्यायें सुनते पुलिस अधिकारी

**कोंच ( जालौन )।** आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों को प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस में शनिवार को सर्किल के तीन थानों में 7 समस्याएं सामने आईं जिनमें से मात्र 2 ही शिकायतों का मौके पर समाधान हो सका जबकि शेष शिकायतों के निराकरण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया जो मौकों पर जाकर उनका यथोचित निस्तारण करेंगी। कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार प्रेमनारायण व सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी ने अधीनस्थों को हिदायत दी कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कोतवाली में 5 शिकायतें आईं जिनमें 1 शिकायत का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष रविन्द्र नाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में एक भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर नहीं पहुंचा। उधर, नदीगांव थाने में थानाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 2 शिकायतें आईं जिनमें से 1 शिकायत मौके पर निस्तारित कर दी गई।

# आम रास्ते में बहते सीवर से गुस्साए लोग बैरीकेडिंग लगा सड़क पर बैठे

## ● इलाकाई बाशिंदों व दुकानदारों ने जिम्मेवारों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)


सड़क पर सीवर का गंदा पानी बहने का विरोध करते लोग — पायनियर

**नगर पालिका** समेत जल संस्थान की लचर व उदासीन भरी कार्यप्रणाली के कारण नगर में नासूर साबित हो रही सीवर समस्या से गत कई वर्षों से परेशान नागरिकों का धैर्य अब जबाब देने लगा है और नागरिक अब विरोध प्रदर्शन करने पर आमादा दिखाई दे रहे हैं।सीवर समस्या से जुड़ा हुआ एक मामला शनिवार को मुहल्ला लाजपत नगर में सब्जी मंडी के मुहाने पर देखने को मिला है।

सब्जी मंडी के बिल्कुल मुहाने पर अगल बगल में बने दो अलग अलग सीवर चैम्बरों का गंदा पानी बीते कई माह से ओवरफ्लो होकर सड़क पर चारों ओर बह रहा है। उक्त स्थल बाजार का प्रमुख तिराहा भी है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में नागरिकों का इस स्थान से आवागमन जारी रहता है। आवागमन में राहगीरों को तो परेशानी उठानी ही पड़ रही है, बल्कि वहां रहने वाले बाशिंदों समेत दुकानदारों को भी नरकीय स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा है। सीवर का पानी सड़क पर बहने से एक ओर जहां पूरे इलाके में तीव्र दुर्गंध फैली हुई है वहीं घरों में छोटे- छोटे बच्चे संक्रामक बीमारी की चपेट में देखे जा रहे हैं। बच्चों में शामिल 14 वर्षीय प्रिंस,8 वर्षीय आयुष,4 वर्षीय दिव्यांश समेत अन्य तमाम बच्चे संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो गये हैं।सड़क पर सीवर का पानी बहने से सुबह सवेरे सब्जी खरीदने आने वाले लोगों, बाजार में खरीददारी करने आने वाली महिलाओं, स्कूली बच्चों सहित सब्जी मंडी में ही बने हनुमान मंदिर में दर्शनार्थ जाने वाले श्रद्धालुओं को गंदगी के बीच से होकर जाना पड़ रहा है।वहां आसपास का व्यापार भी ग्राहकों के न आने जाने से प्रभावित होता हुआ दिखाई दे रहा है। जन जीवन से जुड़ी उक्त मूलभूत समस्या से आखिर परेशान होकर वहां के बाशिंदों व दुकानदारों का गुस्सा शनिवार को फूट ही पड़ा।लोगों ने तिराहे के तीनों रास्तों पर लकड़ी के बांस के सहारे बेरीकेटिंग कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया और फैली दुर्गंध के बीच सड़क पर बैठकर पालिका व जल संस्थान के जिम्मेवारों के खिलाफ मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाये। बेरीकेटिंग हो जाने से आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया।वहां रहने वाले अंकित स्वर्णकार, गोविंद, मुकेश बिदुआ, बृजेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, गब्बर डीजे, सिराज अंसारी, सतीशचंद्र,संजय चौरसिया, गोपाल, खेमचंद्र कुशवाहा आदि बाशिंदों व दुकानदारों ने कहा कि बीते कई माह से सीवर का पानी बह रहा है जिसकी कोई सुध नहीं ली जा रही है, उल्टे समीप में ही एक और नया बेढंगा चौम्बर बना दिया गया है।पुराने के साथ ही नये बने चैम्बर का पानी भी दिन रात सड़क पर वह रहा है।उक्त लोगों ने कहा कि गत माह पूर्व पुराने चौम्बर के ऊपर लगा लोहे का भारी ढक्कन टूटकर चौम्बर में ही गिर गया था और पालिका द्वारा चौम्बर के अंदर टुकड़ों में पड़ा टूटा ढक्कन निकाले बगैर ही चौम्बर के ऊपर लोहे का नया ढक्कन लगा दिए जाने से चौम्बर अंदर जाम हो गया है।उक्त लोगों ने कहा कि पूर्व में कई मर्तबा इस समस्या से निजात हेतु लिखित व मौखिक रूप से स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों सहित पालिका व जल संस्थान के जिम्मेवारों के समक्ष जाकर गुहार लगाई गई है इसके बाद भी समस्या के समाधान की कोई सुध नहीं ले रहा है जिससे मजबूर होकर हम सभी लोगों को बेरीकेटिंग कर फैली दुर्गंध के बीच सड़क पर बैठकर विरोध करना पड़ रहा है।उक्त लोगों ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि चौम्बर से करीब 45 मी की दूरी पर नौरे पान वालों की दुकान के सामने चौम्बर का फ्लो बना हुआ है और इस दूरी के बीच चौम्बर की मशीनों की मदद से सफाई कराये जाने के बाद इस समस्या से निजात मिल सकती है।फिलहाल समाचार लिखे जाने तक परेशान लोग बेरीकेटिंग कर सड़क पर बैठे हुए थे और लोगों को समझाने हेतु मौके पर पहुंचे पालिका आरआई सुनील कुमार की लोगों ने एक न सुनी।

### बहुत जल्द समस्या का किया जाएगा निदानःईओ

**कोंच।** सीवर चौम्बर की समस्या को लेकर पालिका ईओ पवन कुमार मौर्य ने दूरभाष पर कहा है कि बाढ़ राहत कार्य में वह अभी कालपी क्षेत्र में हैं। उक्त सीवर समस्या की उन्हें जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने पालिका आरआई सहित जेई जल संस्थान को इस समस्या के निराकरण हेतु कहा है, शीघ्र ही इस समस्या का निदान कराया जाएगा।

# नए जोश के साथ उतरेंगे भारत के अनुभवी जांबाज

## ● एशिया कप: चिर प्रतिद्वंदी पाक के खिलाफ मुकाबला आज

भाषा। दुबई



**बल्लेबाजी** के नए दृष्टिकोण के साथ तैयार एक कप्तान और वापसी करने को बेताब एक अनुभवी बल्लेबाज की अगुवाई में भारत रविवार को यहां होने वाले एशिया कप के महत्वपूर्ण मैच में अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से बदला चुकता करने के लिए उतरेगा।
रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले एक दशक से सीमित ओवरों की क्रिकेट में भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं लेकिन उन्हें 10 महीने पहले इसी मैदान पर टी-20 विश्वकप के दौरान पाकिस्तान से हार का करारा झटका सहना पड़ा था। भारत के यह दोनों अनुभवी बल्लेबाज अब कहानी बदलने के लिए पूरी तरह से बेताब होंगे। रोहित जहां अपने अतिरिक्त आक्रामक बल्लेबाजी रवैए को अपने इस चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ नए आयाम देना चाहेंगे वही कोहली के लिए यह मुश्किल दौर से उबर कर फॉर्म में वापसी करने का उपयुक्त मंच होगा। भारतीय टीम का इससे भी बड़ा लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले 10 वर्षों से द्विपक्षीय श्रृंखलाएं नहीं खेली गई और ऐसे में वह किसी बड़े टूर्नामेंट में ही आमने-सामने होते हैं। इस तरह से हुए एक दूसरे के खिलाड़ियों के खेल से अपरिचित रहत पिछली बार जब भारत ने पाकिस्तान का सामना किया था तो उन्हें पता नहीं था शाहीन शाह अफरीदी के खेल में कितना निखार आ गया है और इसका परिणाम यह रहा भारतीय टीम को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अफरीदी ने अपने पहले दो ओवर में ही भारतीय खेमे में खलबली मचा दी थी। लेकिन रविवार को अफरीदी पाकिस्तानी गेंदबाजी की अगुवाई करने के लिए मौजूद नहीं होंगे क्योंकि घुटना चोटिल होने के कारण वह इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के कई प्रयोगों के बावजूद भारतीय शीर्ष क्रम में लगभग वही बल्लेबाज हैं जो पिछले साल टी-20 विश्व कप में खेले थे। रोहित और ऋषभ पंत की जोड़ी ने अपने आक्रामक तेवरों के कारण काफी उम्मीदें जगाई हैं जबकि सूर्यकुमार यादव मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की अपनी काबिलियत के कारण भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी बन गए हैं। दीपक हुड्डा को भी आयरलैंड के खिलाफ पारी का आगाज करने का मौका दिया गया था लेकिन अब कोहली और केएल राहुल की वापसी हो गई है और ऐसे में इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को ही मौका मिलने की संभावना है। राहुल ने 2022 में अभी तक एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। कोहली के नाम पर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण के सामने एक अर्धशतक दर्ज है जबकि रोहित शर्मा भी बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे हैं। लेकिन यह टीम इस महत्वपूर्ण मैच में नए दृष्टिकोण के साथ उतरेगी। उप कप्तान राहुल ने शुक्रवार को कहा था, भारतीय टीम का पिछले विश्वकप के बाद नया दृष्टिकोण के साथ खेलना अच्छा रहा है और उम्मीद है कि हम इसे यहां जारी रखेंगे। काफी कुछ हालांकि सूर्यकुमार, पंत और हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। यह तीनों और फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक पाकिस्तानी आक्रमण पर हावी होने की कोशिश करेंगे।जहां तक पाकिस्तान की बात है तो उसके कप्तान और मुख्य बल्लेबाज बाबर आजम अपने पुराने दिग्गज खिलाड़ियों से भिन्न हैं। वह शांत चित्त खिलाड़ी है जिसका की टीम को फायदा ही हुआ है। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान शीर्ष क्रम में मजबूत जोड़ी है और उन्होंने पिछले साल भारतीय लक्ष्य को हासिल करके अपनी काबिलियत का अच्छा सबूत दिया था। नंबर तीन पर फखर जमां अपनी ठोस बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं लेकिन पाकिस्तान के अन्य बल्लेबाजों में निरंतरता का अभाव है। आसिफ अली, खुशदिल शाह और हैदर अली अच्छे खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभी नियमित तौर पर एक जैसा प्रदर्शन नहीं किया है। यदि पाकिस्तान को अफरीदी की कमी खलेगी तो भारत के लिए भी जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति किसी झटके से कम नहीं है। वह पीठ की चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हैं। उनके अलावा टी-20 के विशेषज्ञ गेंदबाज हर्षल पटेल भी पसलियों की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में भुवनेश्वर कुमार को अंतिम ओवरों में युवा अर्शदीप सिंह का साथ मिल सकता है। रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या की उपस्थिति से टीम को अतिरिक्त संतुलन मिलता है लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण रविचंद्रन अश्विन या रवि विश्नोई के रूप में अतिरिक्त स्पिनर के साथ उतरते हैं या फिर तेज गेंदबाज अवेश खान पर ही भरोसा जताते हैं।

**टीम :भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।
**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रउफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर, मोहम्मद हसनैन, हसन अली। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर शुरू होगा।

# सात्विक-चिराग ने इतिहास रचा

## ● विश्व चैंपियनशिप में पहला कांस्य पदक जीता

भाषा। तोक्यो



**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारने के कारण विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतकर अभियान का अंत किया। विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी पहले गेम में जीत का फायदा नहीं उठा पाई और 77 मिनट तक चले मैच में 22-20, 18-21, 16-21 से हार गई। यह सात्विक और चिराग की मलेशियाई जोड़ी के हाथों लगातार छठी हार है। इस महीने के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों के मिश्रित टीम फाइनल में भी उन्हें इस जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बावजूद भारतीय जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और भारत का एक पदक सुनिश्चित किया। भारत ने 2011 के बाद इस प्रतियोगिता में हमेशा पदक जीता है। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में युगल में दूसरा पदक है। इससे पहले ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में महिला युगल में कांस्य पदक जीता था। भारत का यह विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 13वां पदक है। पीवी सिंधू ने 2019 में स्वर्ण पदक सहित इस प्रतियोगिता में कुल पांच पदक जीते हैं जबकि साइना नेहवाल ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया है। इनके अलावा किदांबी श्रीकांत ने रजत, लक्ष्य सेन, बी साई प्रणीत और प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीते हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में चिराग का अपनी सर्विस और रक्षण पर नियंत्रण नहीं रहा। सात्विक ने भरपाई करने की कोशिश की लेकिन मलेशियाई जोड़ी के सधे हुए खेल के सामने उनकी एक नहीं चली। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले मलेशिया के खिलाड़ियों के खिलाफ पांचों मुकाबले गंवाए थे और इस बार भी कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ। भारतीयों ने हालांकि अच्छी शुरुआत की और पहले गेम में इंटरवल तक 11-5 से बढ़त हासिल कर ली थी। मलेशियाई जोड़ी ने हालांकि वापसी करके स्कोर 11-12 कर दिया और जल्द ही दोनों टीमें 16-16 से बराबरी पर पहुंच गई। सोह के करारे शॉट से मलेशियाई जोड़ी ने 18-17 से बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही स्कोर 20-20 से बराबर हो गया। चिराग ने गेम प्वाइंट हासिल किया और आरोन की गलती से भारत पहला गेम अपने नाम करने में सफल रहा। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी के खेल में अधिक निखार दिखाई दिया लेकिन भारतीयों ने भी उन्हें आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी।

### हर बार किस्मत का साथ न देना दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाला: सात्विक

**तोक्यो।** विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हार से निराश सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाला बताया तथा कहा कि संभवतः उन्हें भाग्य के साथ की भी जरूरत है। सात्विक ने सेमीफाइनल में हार के बाद कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है महत्वपूर्ण समय में भाग्य हमेशा हमारा साथ नही देता है। महत्वपूर्ण मौकों पर भाग्य ने उनका साथ दिया और उन्होंने नेट कॉर्ड से अंक बनाएं जो कि परेशान करने वाला है। एक समय 17-15 के स्कोर पर चिराग का रैकेट खराब हो गया था, इसलिए यह हमारे लिए हमेशा दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होती है। लगता है हमें अधिक पूजा करनी पड़ेगी और भगवान की शरण में जाना होगा।

### खेल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 सितंबर तक मांगे गए

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने शनिवार को 2022 राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तारीख 20 सितंबर तय की। वर्ष 2022 के लिए खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट वाईएएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपलोड की गई। मंत्रालय ने बयान में कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ । भारतीय खेल प्राधिकरण । मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ । खेल संवर्धन बोर्ड । राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को इसी के अनुसार सूचित किया गया। इस साल के बाद से आवेदन इसी प्रक्रिया के लिए समर्पित पोर्टल के जरिए ही आमंत्रित किए जाएंगे।

### नए अवतार में डैरेन सामी



**मुंबई।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सामी के लिए भारत बहुत ही खास स्थान रखता है। यहां उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। ऐसा क्यों न हो, आखिरकार उन्होंने अपनी कप्तानी के दौरान ही भारत में टी20 वर्ल्ड कप जो जीता था। उन्होंने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच भी भारतीय सरजमीं पर ही खेला था। इतना ही नहीं वर्ष 2021 में वे एक स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी नजर आए थेए जहां उन्हें लेकर दिलचस्प अभियानों की एक श्रृंखला भी चली थी। उनकी एक दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। उन्होंने एक मुकुट पहना हुआ है, जैसा कि हमारे राजाओं द्वारा पहना जाता है, साथ ही उनके चेहरे पर एक आकर्षक मुस्कान है। सेंट लूसिया द्वीप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले पहले व्यक्ति होने के नाते डैरेन, एक पथ-प्रदर्शक के रूप में जाने जाते हैं। वे भारत को अपना दूसरा घर कहते हैं, लेकिन क्या वे अपना दूसरा कॅरियर बॉलीवुड में बनाने पर विचार कर रहे हैं, या ओटीटी पर डेब्यू करेंगे!

### सासनोविच फाइनल में

**क्लीवलैंड।** बेलारूस की सातवीं वरीयता प्राप्त अलियाक्संद्रा सासनोविच ने फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त एलिजे कॉर्नेट को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन की तैयारियों के लिए खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सासनोविच ने कॉर्नेट को दो घंटे 50 मिनट में 6-7 (5), 7-5, 6-3 से हराया।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे श्रृंखला से नए सत्र की शुरुआत करेगा आस्ट्रेलिया

**टाउंसविल।** ऑस्ट्रेलिया गर्मियों के अपने नए सत्र की शुरुआत जिंबाब्वे के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों से करेगा जिसका पहला मैच यहां रविवार को खेला जाएगा। यह 2004 के बाद पहला अवसर होगा जबकि जिंबाब्वे ऑस्ट्रेलिया में एक दिवसीय श्रृंखला खेलेगा। श्रृंखला के अन्य दो मैच बुधवार और अगले शनिवार को खेले जाएंगे। ए मैच क्वींसलैंड के शहर टाउंसविल के 10000 सीटों की क्षमता वाले रिवरवे स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# कोहली ने स्वीकार किया, पिछले एक महीने में बल्ला तक नहीं छुआ



भाषा। दुबई

**लंबे समय** तक खराब फॉर्म में रहने का प्रभाव विराट कोहली के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा है और इस पूर्व भारतीय कप्तान ने स्वीकार किया कि एशिया कप से पहले एक महीने के लंबे विश्राम के दौरान उन्होंने अपने बल्ले को छुआ तक नहीं। कोहली ने लगभग तीन साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोई शतक नहीं लगाया है और इस खराब फॉर्म का असर उन पर पड़ा है। उन्होंने खुलासा किया कि अपनी मानसिक मजबूती दिखाने के प्रयास में कुछ अवसरों पर उन्होंने दिखावे का जोश दिखाया। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, मुझे याद स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं कि मैं मानसिक रूप से कमजोर पड़ गया था। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में पहली बार मैंने एक महीने तक अपने बल्ले को छुआ तक नहीं। मुझे यह अहसास हुआ कि मैं कुछ अवसरों पर दिखावे का जोश दिखा रहा था। कोहली ने इंग्लैंड दौरे के बाद विश्राम ले लिया था तथा वह वेस्टइंडीज और जिंबाब्वे दौरे पर नहीं गए थे। मैं खुद को आश्वस्त कर रहा था तुम्हारे पास जोश और जज्बा है लेकिन मेरा शरीर रुकने के लिए कह रहा था। मेरा दिमाग मुझे विश्राम लेने के लिए कह रहा था।

### मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, हमारे ग्रुप में इसके बारे में चर्चा होती है : रोहित शर्मा

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य ऐसा पहलू है जिसे उचित महत्व दिए जाने की जरूरत है क्योंकि प्रतएक व्यक्ति की उसकी समस्याओं पर अलग अलग प्रतिक्रिया होती है। रोहित ने यह बात उस दिन कही जब विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में यह बात स्वीकार की कि उन्होंने खुद को मानसिक रूप से मजबूत दिखाने के लिए दिखावे का जोश दिखाया। कोहली ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे के 10 साल बाद पहली बार एक महीने के लिए बल्ले को नही छुआ। जब रोहित से भारत के पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच की पूर्व संध्या पर इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से जूझने वाले हर व्यक्ति के लिए हमदर्दी दिखाई। रोहित ने शनिवार को मीडिया से कहा, हम इन सब चीजों के बारे में काफी बात करते है। पिछले कुछ समय से जब से कोविड-19 आया है, यह सिर्फ विराट के लिए ही नही बल्कि काफी खिलाड़ियों के लिए मुश्किल रहा है।

# एशिया कप में अफगानिस्तान का जीत से आगाज

## ●श्रीलंका को आठ विकेट से रौंदा

भाषा। दुबई



**फजलहक फारुकी** (11 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन के बाद रहमानउल्लाह गुरबाज और हजरतउल्लाह जजई की आतिशी बल्लेबाजी से अफगानिस्तान ने एशिया कप टूर्नामेंट के मुख्य चरण के शुरुआती टी20 मुकाबले में श्रीलंका को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। अफगानिस्तान ने श्रीलंका की पारी को 19.4 ओवर में 105 रन पर समेटने के बाद महज 10.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अफगानिस्तान ने 59 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की जो बची हुई गेंदों के हिसाब से उनकी दूसरी सबसे बड़ी जीत है। विकेटकीपर गुरबाज ने तीन चौके और चार छक्के जड़ति 18 गेंद की पारी में 40 रन बनाए। उन्हें वानिंदु हसरंगा (19 रन पर एक विकेट) ने बोल्ड किया। गुरबाज ने जजई के साथ पहले विकेट के लिए 6.1 ओवर में 83 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। जजई ने 28 गेंद की नाबाद पारी में 37 रन बनाए। उन्होंने पांच चौके और एक छक्के लगाया। श्रीलंका के लिए भानुका राजपक्षे ने 38 और चमिका करुणारत्ने ने 31 रन का योगदान दिया। राजपक्षे ने 29 गेंद की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि करुणारत्ने ने 38 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का जड़ा। अफगानिस्तान के लिए कप्तान मोहम्मद नबी और मुजीब उर रहमान ने दो-दो जबकि नवीन उल हक ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती दो ओवरों में संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद गुरबाज ने तीसरे ओवर में मथीश पथिराना के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका, छक्का और चौका लगाया। हजरतउल्लाह ने इसके अगले ओवर में हरसंगा की गेंद पर छक्का लगाकर हाथ खोला।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका पारी:** पथुम निसंका का गुरबाज बो नवीन उल हक 3,मेंडिस पगबाधा फारुकी 2,चरिथ असलंका पगबाधा फारुकी 00, गुनातिलका का जनत बो मुजीब 17, राजपक्षेरन आउट (नबी) 38, हसरंगा का नबी बो मुजीब 02,शनाका का गुरबाज बो नबी 00, करूणारत्नेबो फारुकी 31,तीक्षनारन आउट (गुरबाज) 00, पथिराना का नजीबउल्लाह बो नबी 05,मदुशंकानाबाद 01, **अतिरिक्त:** 06, **कुल योग:** (19.4 ओवर में सभी आउट) 105 रन,**विकेट पतन:** 1-3, 2-3, 3-5, 4-49, 5-60, 6-64, 7-69, 8-69, 9-75 ,**गेंदबाजी:**,फारुकी3.4-1-11-3,नवीन 3-0-23-1,मुजीब 4-0-24-2,ओमरजई 1-0-20-0,नबी 4-0-14-2,राशिद 4-0-12-0
**अफगानिस्तान:**जजई नाबाद 37,गुरबाज बो डिसिल्वा 40, जादरान रन आउट 15,जादरान नाबाद 02 , **अतिरिक्त** : 12,**कुल योग** : 10.1 ओवर में दो विकेट पर 106 रन, **विकेट पतन** :1-83, 2-103, गेंदबाजी : मदुशंका1-0-10-0, तीक्ष्णा 4-0-35-0,पाथिराना1-0-16-0,हसारंगा डिसिल्वा 3-0-19-1,करूणारत्ने1-0-20-0,असालंका 0.1-0-1-0

# प्रतिबंध हटना फुटबॉल प्रशंसकों की जीत है : ठाकुर

## ●फीफा के फैसले से खेल मंत्री खुश

भाषा। ज्यूरिखानई दिल्ली



**विश्व फुटबाल** की संचालन संस्था फीफा के अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के फैसले को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रशंसकों की जीत करार दिया। फीफा ने एआईएफएफ पर 11 दिन पहले तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है जिससे भारत को इस साल अक्टूबर में महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी की मंजूरी भी मिल गई है। ठाकुर के मंत्रालय ने फीफा और उच्चतम न्यायालय के बीच समन्वय बिठाकर प्रतिबंध को हटाने में अहम भूमिका निभाई। उच्चतम न्यायालय ने प्रशासकों की समिति (सीओए) का कार्यकाल समाप्त कर दिया था जो कि प्रतिबंध हटाने की पहली शर्त थी। ठाकुर ने ट्वीट किया, यह बात साझा करते हुए मैं प्रसन्न हूं कि फीफा परिषद के ब्यूरो ने एआईएफएफ पर लगाया गया प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से हटाने का फैसला किया है। फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप अब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में होगा। यह फुटबॉल प्रशंसकों की जीत है। फीफा ने 15 अगस्त को भारत पर प्रतिबंध लगाया था और स्पष्ट किया था कि इसका मतलब भारत अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी नहीं कर सकता है।

### भूटिया ने फीफा के फैसले का स्वागत किया



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के दिग्गज बाइचुंग भूटिया ने विश्व फुटबाल की संचालन संस्था फीफा के अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह व्यवस्था मे बदलाव करने का समय है। उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रशासकों की समिति को बर्खास्त करने के बाद फीफा ने एआईएफएफ लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया जिससे भारत का फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी करने का रास्ता भी साफ हो गया। भूटिया ने पीटीआई से कहा, यह शानदार खबर है। मै फीफा के एआईएफएफ पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने के फैसले का स्वागत करता हूं। यह भारतीय फुटबॉल की जीत है। मै अपने युवा खिलाड़ियों के लिए खुश हूं क्योंकि अब उन्हें महिला अंडर-17 विश्वकप मे अपने आयु वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। फीफा ने 15 अगस्त को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव का हवाला देकर एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगा दिया था। एआईएफएफ के दो सितंबर को होने वाले चुनाव मे अध्यक्ष पद की दौड़ मे शामिल भूटिया ने कहा कि यह देश के फुटबॉल प्रशासन मे बदलाव का समय है ताकि भविष्य मे निलंबन की किसी स्थिति से बचा जा सके।

### गोकुलम केरला को उठाना पड़ा सबसे बड़ा खामियाजा: शब्बीर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्ट्राइकर शब्बीर अली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर फीफा (वैश्विक फुटबॉल संचालक) के प्रतिबंध हटाने पर खुशी जाहिर करते हुए गोकुलम केरला के प्रति सहानुभूति जताई और कहा कि 11 दिनो तक चले इस पूरे मामले में इस क्लब की महिला टीम को सबसे बड़ा नुकसान हुआ। फीफा ने शुक्रवार रात को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर लगा प्रतिबंध हटा लिया। प्रतिबंध हटने का मतलब है कि भारत अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी कर पाएगा, इसके अलावा भारतीय क्लब अब फीफा और एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) के तत्वावधान में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेना जारी रख सकते है। अली ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, एआईएफएफ को समय पर चुनाव कराने के बारे में सोचना चाहिए था। यह अच्छा है कि प्रतिबंध हटा दिया गया है।

# शीर्ष चक्का फेंक महिला एथलीट नवजीत ढिल्लों डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय चक्का फेंक एथलीट नवजीत कौर ढिल्लो पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप से पहले विदेश मे एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) द्वारा टूर्नामेंट से बाहर की गई डोप जांच मे विफल रही। नवजीत ने गोल्ड कोस्ट 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन वह आठ अगस्त को समाप्त हुए बर्मिंघम खेलो मे आठवे स्थान पर रही थी। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, वह (नवजीत कौर ढिल्लो) एआईयू द्वारा की गई डोप जांच मे फेल हो गई हैं।

# मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने भारतीय वायु सेना को 2-0 से हराया, क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**कोलकाता।** कोलकाता के बड़े क्लबों में शुमार मोहम्मडन स्पोर्टिंग शनिवार को यहां भारतीय वायु सेना को 2-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गया। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के लिए सेनेगल के डिफेंडर ओसमाने नडियाए (33वें मिनट) और युवा फॉरवर्ड राहुल पासवान (87वें मिनट) ने गोल दागे। इससे ब्लैक पैंथर्स के नाम से मशहूर क्लब ने अंतिम आठ में अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह उसकी टूर्नामेंट के तीन मैचो मे तीसरी जीत थी। अब मोहम्मडन को अंतिम मैच बेंगलुरू एफसी से खेलना है।

# एएचएफ सीईओ इकराम, बेल्जियम के कोड्रोन ने एफआईएच अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरे

**लुसाने।** एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद तैय्यब इकराम और बेल्जियम के मार्क कोड्रोन ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है जिसके लिए चुनाव पांच नवंबर को 48वीं एफआईएच कांग्रेस के दौरान कराए जाएंगे। मिस्र के सैफ अहमद इस समय एफआईएच के कार्यकारी अध्यक्ष हैं जिन्हें पिछले महीने नरिंदर बत्रा के इस्तीफे के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई। बत्रा 2016 में एफआईएच अध्यक्ष बने थे जिन्होने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) प्रमुख पद भी छोड़ दिया था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सदस्यता भी छोड़ दी थी।

# डिज्नी स्टार ने भारत के लिए आईसीसी मीडिया अधिकार हासिल किया

**दुबई।** डिज्नी स्टार ने 2024 से 2027 तक चार साल के लिए भारत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सभी टूर्नामेंट प्रसारित करने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। आईसीसी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डिज्नी स्टार अगले चार वर्षों के लिए भारत में आईसीसी के सभी मैचों का प्रसारण करेगा। उसने 2027 के अंत तक पुरुषों और महिलाओं की वैश्विक आयोजनों के टीवी और डिजिटल अधिकार हासिल किए हैं। आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य गोपनीयता की शर्त पर कहा, जानकारी के मुताबिक डिज्नी स्टार इन अधिकारों के लिए करीब तीन अरब डॉलर का भुगतान कर रहा है। आईसीसी ने कहा कि डिज्नी स्टार ने एकल दौर की सीलबंद बोली प्रक्रिया के बाद जीत हासिल की।

# सुमरिवाला का दावा, उन्हें आईओए अध्यक्ष नियुक्त किया गया

## ● महासचिव ने इसे खारिज किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) में गुटबाजी शनिवार को फिर देखने को मिली जब उपाध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने दावा किया कि कार्यकारी परिषद द्वारा उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किया गया है लेकिन महासचिव राजीव मेहता ने आईओए संविधान के अनुसार इसे तर्कहीन करार दिया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक और आईओए सदस्यों को लिखे पत्र में सुमरिवाला ने कहा कि उन्हें जुलाई 2022 के पत्र के माध्यम से कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों द्वारा मिलकर आईओए अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने पत्र में लिखा, आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने 18.07.2022 को निजी कारणों से इस पद से इस्तीफा दे दिया था जिससे यह पद खाली हो गया।

# शीर्ष प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करें



भाषा। लुसाने

**ओलंपिक** चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ट्रैक एवं फील्ड के वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे पहचान बना रहे भारतीय खिलाड़ियों से प्रभावित हैं और चाहते हैं कि डायमंड लीग जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में देश के एथलीट प्रभावशाली प्रदर्शन करें। चौबीस साल के चोपड़ा को हाल के वर्षों में भारतीय एथलेटिक्स की अभूतपूर्व सफलता का अग्रदूत माना जाता है। उन्होंने शुक्रवार को लुसाने चरण में स्वर्ण जीता। वह डायमंड लीग मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश से पहले खिलाड़ी हैं। अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद चोपड़ा ने कहा, मुझे और अधिक भारतीय खिलाड़ियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए देखकर बहुत खुशी होगी। अपने साथी भारतीय खिलाड़ियों के साथ इस तरह के मंच पर भाग लेना सुखद अनुभव होगा। अविनाश साबले और (मुरली) श्रीशंकर ने भी इस साल डायमंड लीग में हिस्सा लिया था इसलिए धीरे-धीरे हमारा देश इस स्तर पर पहुंच रहा है।